सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
02.01.2026
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 170 | 12



नये साल पर मस्ती से पहले भक्ति

## न्यूज डायरी

### स्विट्जरलैंड में न्यू ईयर पार्टी में ब्लास्ट, दर्जनों मौत

**बर्न।** स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना शहर के 'अल्पाइन स्की रिसॉर्ट' में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट में 40 लोगों के मारे जाने की सूचना है। विस्फोट में 100 से ज्यादा घायल भी हुए हैं जिसमें कई देशों के नागरिक भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार विस्फोट रिसॉर्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ।

### 15 अगस्त 2027 से दौड़ेगी पहली बुलेट ट्रेन

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड परियोजना के पहले चरण में पहली बुलेट ट्रेन सबसे पहले 15 अगस्त 2027 को गुजरात के नवसारी जिले में बिलिमोरा से सूरत के बीच चलेगी। इसके बाद वापी से सूरत, वापी से अहमदाबाद, ठाणे से अहमदाबाद एवं आखिर में मुंबई से अहमदाबाद के बीच शुरू होगा।

### जेल से कैदी फरार मामले में दो कर्मी सस्पेंड

**हजारीबाग।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा से तीन कैदियों के फरार होने की घटना के 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इस मामले में जेल प्रशासन ने प्रारंभिक जांच के बाद जेल के दो हेड वार्डन हरेंद्र महतो और उमेश सिंह को गुरुवार को देर शाम सस्पेंड कर दिया।

### खेलगांव में कल जुटेंगे देशभर के न्यायाधीश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से तीन जनवरी से खेलगांव के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय सेकेंड ऑल इंडिया जज बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न 9 उच्च न्यायालयों के 30 से ज्यादा न्यायाधीश भाग लेंगे। प्रतियोगिता चार श्रेणियों में होगी। मेन सिंगल, मेन डबल्स, वूमेन सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स में न्यायाधीश खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## कार्टून कोना




खरसावां गोलीकांड के 78वें शहादत दिवस पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि, कहा

# शहीदों के वंशज को सम्मानित करने के लिए गठित होगा विशेष आयोग

- खरसावां गोलीकांड का 78वां शहादत दिवस
- हम लड़े हैं, तभी बचे हैं, हमारे वीर सपूतों ने कभी हार नहीं मानी, आदिवासियों की अस्मिता के रक्षक दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन को विनम्र नमन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि खरसावां के वीर शहीदों के वंशजों की पहचान कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक विशेष आयोग का गठन किया जायेगा। इसमें रिटायर्ड जज, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल किया जायेगा। श्री सोरेन गुरुवार को खरसावां गोलीकांड के 78वें शहादत दिवस पर खरसावां स्थित शहीद पार्क में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की मिट्टी शहादत की गाथाओं से भरी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक तथा वीर शहीद केरसे मुंडा चौक स्थित शहीद स्मृति-चिह्न पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अनगिनत लोगों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी अस्मिता के लिए अपनी जानें न्योछावर कीं। हम लड़े हैं, तभी बचे हैं। हमारे वीर सपूतों ने कभी हार नहीं मानी। श्री सोरेन ने राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आयोग सभी दस्तावेजों, ऐतिहासिक अभिलेखों और स्थानीय परंपराओं के आधार पर शहीद परिवारों की पहचान करेगा। इसका उद्देश्य उन परिवारों को उचित सम्मान, मान्यता और आर्थिक सहायता सुनिश्चित करना है। जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किया।

### इतिहास संरक्षण अभियान से संघर्ष की मिलेगी जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शहीद परिवारों की पहचान कर समारोह पूर्वक सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल श्रद्धांजलि मात्र नहीं, बल्कि एक इतिहास संरक्षण अभियान है। इस अभियान से युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान की जानकारी मिलेगी। खरसावां के वीरों के प्रति यह संवेदनशील पहल झारखंड की पहचान को और सशक्त करेगा।

मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा मांझी, विधायक दशरथ गगराई, सुखराम उरांव, सविता महतो, जगत मांझी तथा पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पेसा कानून से सशक्त होगा ग्राम स्वराज

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पेसा नियमावली को लागू कर दिया है। इससे अब ग्रामसभा और ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके अधिकार प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह कानून हमारे जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा का आधार है। इसके माध्यम से ग्रामीण अपने संसाधनों पर स्वयं निर्णय ले सकेंगे और स्वशासन की भावना सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को बने 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत छात्र 15 लाख रुपये तक का ऋण 4 प्रतिशत ब्याज दर पर लेकर पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताते हुए कहा कि इससे राज्य की बेटियां शिक्षित, आत्मनिर्भर और समाज में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलकर झारखंड के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

**हमारे पथ प्रदर्शक बाबा शिबू सोरेन को विनम्र नमन** : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बीच झारखंड आंदोलन के दिशा-निर्देशक, पथ प्रदर्शक गुरुजी शिबू सोरेन नहीं हैं। हमने एक ऐसा वृक्ष खो दिया जिसकी छांव में राज्य के आदिवासियों और मूलवासी समाज ने अपना मार्ग पाया। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर आंदोलनकारी, हर आदिवासी, हर ग्रामीण के दिल में गुरुजी का स्थान अमिट है। उन्होंने झारखंड की राजनीति में मानवीयता, सरलता और संघर्षशीलता की मिसाल कायम की।

## पूजा-पाठ से हुआ नववर्ष का स्वागत



## झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है नव वर्ष : कल्पना सोरेन

- समानता, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भरता वाला झारखंड बनाने का किया आवाह्न



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने नववर्ष 2026 के अवसर पर झारखंडवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि नया वर्ष केवल समय का बदलाव नहीं, बल्कि झारखंड को और अधिक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का एक नया संकल्प है। कल्पना सोरेन ने कहा कि वीर पुरखों के संघर्ष और सपनों से बने झारखंड को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। राज्य का समग्र विकास तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचे और अंतिम व्यक्ति भी प्रगति की इस यात्रा में सहभागी बने। उन्होंने राज्यवासियों से आवाह्न किया कि सभी मिलकर ऐसा झारखंड बनायें, जहां समानता, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनकल्याण के क्षेत्रों में मजबूत पहल से ही आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य दिया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि नए वर्ष में सकारात्मक सोच, आपसी सहयोग और सामूहिक प्रयासों से राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

## एयर मार्शल नागेश कपूर बने देश के 50वें वायु सेना उप प्रमुख



**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी एयर बेस पर बमबारी करने वाले एयर मार्शल नागेश कपूर को वायु सेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। दक्षिण पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व करने वाले इस अधिकारी ने गुरुवार को एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी की जगह पदभार संभाल लिया।

देश के 50वें वायु सेना उप प्रमुख बने एयर मार्शल को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी भूमिका के लिए स्वतंत्रता दिवस 2025 पर सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल, गणतंत्र दिवस 2025 पर परम विशिष्ट सेवा मेडल, 2022 में अति विशिष्ट सेवा मेडल और 2008 में उनकी सेवा के लिए वायु सेना मेडल से सम्मानित किया गया है।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का इसी माह गुवाहाटी-हावड़ा रूट पर शुभारंभ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन इसी माह होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को घोषणा की कि इस माह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुवाहाटी और हावड़ा के बीच इस ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। इस 16 कोच वाली ट्रेन में एसी-3 के 11 कोच, एसी-2 के 4 कोच और एसी-1 के एक कोच होंगे। ट्रेन में कुल 823 यात्रियों की क्षमता होगी। एक एसी-3 कोच में 56, एक एसी-2 में 47 और एसी-1 में 24 यात्री सवार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी से चलने वाली गाड़ी में असमिया भोजन और कोलकाता (हावड़ा) से चलने वाली गाड़ी में बंगाली खाना परोसा जायेगा। खाने के लिए नये स्थानीय वेंडरों को अनुबंधित किया जाएगा। इस ट्रेन में कंबल, चादर तकिये आदि की धुलाई एवं सफाई की तकनीक आधारित विशिष्ट व्यवस्था की गई है।

### एसी-3 में प्रति किमी 2.40 रुपये किराया तय



रेल मंत्री ने कहा कि कोलकाता और गुवाहाटी के बीच एसी-3 का किराया करीब 2300 रुपये (भोजन सहित), एसी-2 का किराया लगभग 3000 रुपये और एसी-1 का किराया 3600 रुपये होगा। उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर का किराया स्थिर रहेगा। इसमें किराया तय करने का नया फामूर्ला तय किया गया है। एसी-3 में प्रति किलोमीटर 2.40 रुपये, एसी2 में 3.10 रुपये और एसी-1 में 3.80 रुपये का किराया होगा।

# झारखंड के लिए सिर्फ बदलाव का नहीं क्रांतिकारी परिवर्तन का वर्ष होगा 2026

सत्येन्द्र

**रांची।** नये साल का आगाज होते ही झारखंड सरकार ने विकसित झारखंड के सपना को पूरा करने के लिए कमर कस ली है। वर्ष 2026 झारखंड के लिए सिर्फ बदलाव का नहीं बल्कि मूल सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन का वर्ष साबित होगा। नये साल में सरकार ने राज्य के विकास को लेकर जो रोड मैप तैयार किया है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल होगी। सरकार की मानें तो इस नये साल में परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रमुख क्षेत्रों में प्रस्तावित योजनाएं अब झारखंड की सरजमीं पर उतरती दिखाई देंगी। राजधानी रांची की नयी तस्वीर न केवल स्थानीय लोगों के जीवन आसान बनाएगी, बल्कि अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को भी नयी गति देगी।

### आउटर रिंग रोड और फ्लाईओवर का प्रारूप तैयार



रांची में ट्रैफिक जाम की समास्या के समाधान के लिए सरकार अब फ्लाईओवर और आउटर रिंग रोड का प्रारूप तैयार कर चुकी है। सरकार ने आउटर रिंग रोड परियोजना को पूरा करने के लिए करीब 6000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के पूरा होते ही भारी वाहनों को शहर के बाहर से ही डायवर्ट कर दिया जाएगा। वहीं शहर में करमटोली, अरगोड़ा और हरमू जैसे प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवरों का जाल बिछ रहा है।

**मेट्रो प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार ने दी है सैद्धांतिक सहमति** : मेट्रो प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार से मिली सैद्धांतिक सहमति ने इसे धरातल पर उतारने की राह साफ कर दी है। प्रस्तावित रूट को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह शहर के सबसे व्यस्त इलाकों जैसे मेन रोड, डोरंडा और हटिया को जोड़ते हुए स्मार्ट सिटी और रिंग रोड तक पहुंचेगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रांची एक बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। राजधानी में आईआईटी की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने केंद्र से वार्ता तेज कर दी है। नेतरहाट आवासीय विद्यालय में छात्राओं के नामांकन का फैसला महिला सशक्तिकरण में मील का पत्थर है।

**रेल यात्रियों को तीन नयी ट्रेनों की सौगात** : इस वर्ष रांची को तीन नई ट्रेनों की सौगात मिलने की उम्मीद है। रांची-लखनऊ, रांची-जयपुर और रांची-अहमदाबाद रेल सेवा के प्रस्ताव को केंद्र से सकारात्मक संकेत मिले हैं।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए उपलब्धियों से भरा होगा** : स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड 2026 में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। रांची के कांके में 110 एकड़ भूमि पर रिम्स-टू का निर्माण सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। इस 700 बेड वाले अस्पताल में न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी जैसे विशेष विभाग होंगे, जहां जटिल सर्जरी होगी। सदर अस्पताल में पहली बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, ब्लड कैंसर और थैलेसीमिया के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। ब्राम्बे में पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी चिकित्सा संस्थानों की निगरानी और शोध का मंच होगी।



# सीएम ने सांसद एवं अफसरों को दी नव वर्ष की बधाई

## सांसद महुआ माजी, अपर मुख्य सचिव वंदना डाडेल समेत अन्य अधिकारी सीएम से मिले






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में राज्य सभा सांसद महुआ माजी, अपर मुख्य सचिव गृहए कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, अपर मुख्य सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मस्त राम मीणा, राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, सदस्य राजस्व पर्षद राजीव रंजन, अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छवि रंजन, प्रबंध निदेशक जियाडा वरुण रंजन, निदेशक नगरीय प्रशासक नैंसी सहाय, विशेष सचिव राजीव रंजन, आईजी एसटीएफ अनूप बिरथरे, डीसी मंजुनाथ भजंत्री एवं एसएसपी राकेश रंजन ने मुलाकात की।

**● मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुये उनके मंगलमय जीवन की कामना की**

मुख्यमंत्री को सभी ने नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुये उनके मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त झारखण्ड वासियों को नूतन वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी तथा ईश्वर से राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, प्रगति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से ही झारखंड अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शुमार होगा। राज्य के सर्वांगीण विकास में सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता एवं प्रभावी कार्य संस्कृति के साथ हमारी सरकार विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है।

# आईपीएस अफसरों के बड़े स्तर पर प्रमोशन और तबादले

## आईपीएस कौशल किशोर पलामू और अंजनी कुमार बने हजारीबाग डीआईजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नये साल के मौके पर झारखंड सरकार ने आईपीएस अफसरों के बड़े स्तर पर प्रमोशन और तबादले किये हैं। जिसमें कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादले को लेकर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

मनोज कौशिक (आईपीएस, 2001) को पुलिस महानिरीक्षक, रांची से प्रमोट कर अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची पदस्थापित किया गया है। साथ ही वे आईजी, रांची का प्रभार भी संभालते रहेंगे।

अजय लिंडा (आईपीएस, 2008) को डीआईजी, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा से प्रमोट कर पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। उन्हें आईजी, अपराध अनुसंधान विभाग, रांची की जिम्मेदारी दी गई है।

कौशल किशोर (आईपीएस, 2012) को पलामू डीआईजी पलामू बनाया गया है। अंजनी




कुमार झा (आईपीएस, 2012), डीआईजी हजारीबाग बनाया गया है। मो. अर्शी (आईपीएस, 2012) डीआईजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, रांची बनाया गया है। आनंद प्रकाश (आईपीएस, 2012) को पुलिस उप-महानिरीक्षक को डीआईजी बोकारो के रूप में पदस्थापित किया गया है। नौशाद आलम अंसारी (आईपीएस, 2010), जो पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे, उन्हें डीआईजी, विशेष शाखा, झारखंड, रांची बनाया गया है।

श्रीकांत सुरेश राव खोत्रे (आईपीएस, 2015) को राज्यपाल के परिसहाय (पुलिस) लोक भवन से हटाकर सिमडेगा जिले का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। कैलाश करमाली (आईपीएस, 2017) को एसपी रेल, धनबाद से स्थानांतरित कर समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, रांची पदस्थापित किया गया है।

आईपीएस निखिल राय (आईपीएस, 2023) और श्रुति (आईपीएस, 2023) को प्रशिक्षणोपरांत सहायक पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखंड, रांची के पद पर तैनात किया गया है। नवनियुक्त आईपीएस अविनाश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक, झा.स.पु.-02 टाटीसिलवे, रांची से हटाकर समादेष्टा, झा.स.पु.-07, हजारीबाग बनाया गया है। आईपीएस दीपक कुमार को प्रभारी समादेष्टा झा.स.पु.-05, देवघर से नियमित रूप से समादेष्टा, झा.स.पु.-05, देवघर के पद पर पदस्थापित किया गया है। मजरूल होदा को पुलिस उपाधीक्षक, झा.स.पु.-08 लेस्लीगंज से हटाकर उप-निदेशक, झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग बनाया गया है। राजेश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक, झारखंड जगुआर (एसटीएफ), रांची से समादेष्टा, झा.स.पु.-06, जमशेदपुर पदस्थापित किया गया है।

रोशन गुड़िया को अपर पुलिस अधीक्षक, झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग से पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची की जिम्मेदारी दी गई है। श्रीराम शमद को अपर पुलिस अधीक्षक, उउफ, रांची से पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रांची बनाया गया है।

**क्या है अधिसूचना में**

प्रोन्नत अधिकारियों की पदोन्नति 1 जनवरी 2026 से या प्रोन्नत पद पर योगदान की तिथि, जो बाद में हो, से प्रभावी मानी जायेगी। जिन अधिकारियों के स्थान पर दूसरे अधिकारियों की पोस्टिंग हो गई है और उनका नया पदस्थापन अधिसूचना में नहीं है, उन्हें पुलिस मुख्यालय, झारखंड, रांची में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

# नये साल की शुरूआत में महंगाई की मार, कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साल 2026 की शुरूआत के साथ ही महंगाई ने लोगों को झटका दिया है। एक जनवरी 2026 से सरकार ने एलपी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि राहत की बात यह है कि यह बढ़ोतरी केवल 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर में की गई है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलो) के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों ने बताया कि अन्य बड़े शहरों में भी कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में इसी तरह की बढ़ोतरी की गई है। वहीं घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 8 अप्रैल 2025 के बाद से स्थिर बने हुए हैं।

तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में करीब 111 रुपये की बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अनुसार, दिल्ली में अब 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 1,691।50 रुपये में मिलेगा। दिसंबर 2025 में इसकी कीमत 1,580।50 रुपये थी। इससे पहले नवंबर और दिसंबर में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में मामूली कटौती की गई थी। कमर्शियल सिलेंडर का इस्तेमाल होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में होता है, ऐसे में दाम बढ़ने से खाने-पीने के कारोबार पर असर पड़ सकता है।

# राज्यपाल से नव वर्ष पर मिले कई अधिकारी

**● डीसी-एसएसपी ने भी मिलकर दी नववर्ष की शुभकामनाएं**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को नये साल के मौके पर में झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने भेंट की तथा नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ जमाल अहमद, रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी राज्य निर्वाचन



आयुक्त अलका तिवारी, अपने प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी, जेपीएससी मेंबर डॉ जमाल अहमद, रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन को को भी नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की।

डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी डीसी और एसएसपी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नए साल में रांची में प्रशासनिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था और भी सुदृढ़ होगी, जिससे जिले के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित माहौल मिल सकेगा।

# अब, रोजाना पांच लाख लीटर दूध खरीदेगा जेएमएफ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड (जेएमएफ) अब रोजाना पांच लाख लीटर दूध खरीदेगा। दुग्द खरीद को लेकर जेएमएफ ने लक्ष्य तय कर लिया है। वर्तमान में राज्य के सभी 24 जिलों से प्रतिदिन 2.50 लाख लीटर दूध की खरीद की जा रही है। इससे राज्य में लगभग 70,000 ग्रामीण परिवारों को आजीविका का एक वैकल्पिक साधन भी उपलब्ध कराया गया है। बताते चलें कि 2016 में एनडीडीबी ने झारखंड मिल्क फेडरेशन के लिए रांची के होटवार में एक लाख लीटर क्षमता वाले अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र बनाने में सहयोग किया था। फिलहाल झारखंड में 6 अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र हैं।

**क्या है उद्देश्य :** इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी को आजीविका के स्रोत के रूप में बढ़ावा देना है। साथ ही झारखंड को दूध और दूध उत्पादों में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। वहीं इस दूध की गुणवत्ता में सुधार के लिए मेधा डेयरी के पशु आहार संयंत्र के लिए कैल्साइट पाउडर, नमक और विटामिन ई की खरीद की जाएगी। इसके लिए आयोडाइज नमक 40 हजार किलोग्राम, कैलिशियम पाउडर 60 मिट्रिक टन और विटामिन ई-175 किलोग्राम की खरीद की जाएगी।

# वैश्य मोर्चा ने की झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत

**● पीला झंडा वैश्य समाज की शान है : महेश्वर साहु**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने एक जनवरी से झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत कर दी है। सुबह से ही वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों और जिलाध्यक्षों ने अपने-अपने घरों के ऊपर झंडा लगाना शुरू किया। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु (भुरकुंडा), कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके), केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर मंडल (चिदरी), प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार (गोला), उप-प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता (ओरमांझी), केंद्रीय सदस्य जे.पी. अग्रवाल (भुरकुंडा), हरिदास साव (पतरातू), मुकेशलाल सिंदूरिया (भुरकुंडा), कुणाल प्रसाद (लोहरदगा), बोकारो जिलाध्यक्ष बोधन साव, उपाध्यक्ष सहदेव मंडल (बरई, गोमिया), युवा मोर्चा के सचिव आदित्य पोद्दार (सुकुरहुप्तू), छात्र मोर्चा के सचिव मनोज चौरसिया (गुमला), सुबोध कुमार (टंडवा) आदि ने अपने-अपने घरों के ऊपर वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया।

इस अवसर पर वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि पीला झंडा वैश्य समाज की शान और पहचान है। इसी झंडे के नीचे वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों को संगठित होकर समाज के मुद्दों पर संघर्ष और अभियान जारी रखना है, अपने हक-अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा करना है।

# मिस्सा बलिदान व प्रभु भोज के साथ ईसाई समुदाय का नया साल शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ईसाई समुदाय ने नया साल का स्वागत मिस्सा बलिदान और प्रभु भोज से शुरू किया। इस दौरान विश्वासियों ने जीईएल चर्च, सीएनआई और रोमन कैथोलिक चर्चों में अलग-अलग समय पर प्रभु यीशु खीस्त का गुनगान किया।

पुरूलिया रोड स्थित संत मारिया महागिरजाघर में तीन बार मिस्सा बलिदान हुआ। जो सुबह 6 बजे से शुरू होकर दोपहर तक चला। इस दौरान पुरोहित आनंद डेविड खलखो, फादर नीलम तिडु, फादर जॉर्ज, फादर प्रफुल टोप्पो, फादर अजीत खेस, फादर रोशन टोप्पो शामिल थे। वहीं, बहुबाजार स्थित सीएनआई चर्च में पुरोहित जोलजस कुजूर और रेव्ह डेविड ने नव वर्ष का स्वागत मिस्सा से शुरू किया। इस दौरान जे भेंगरा, विकास कुजुर, यूजे सांगा समेत पुरोहित मौजूद थे।



इस दौरान रेव्ह विकास कुजुर ने कहा कि नया साल को उत्साह, उमंग और जोश के साथ के मनाए। 2026 यह वर्ष लोगों में नये उमंग लाकर आया है। इसे खुशहाली और शांति से मनाए। परमेश्वर यीशु खीस्त हमारे जीवन के साथ आशिष लेकर आया है। नये जीवन में परमेश्वर के संगत से इस संसार और देश को उन्नति मिले। यीशु खीस्त के सामने शांति और उन्नति के लिए प्रार्थना करें। ताकि सभ्य समाज उन्नति कर सके। लोग आनंद, कुशल और शांति से अपना जीवन यापन करे। 2026 में युवा अपने करियर के प्रति गंभीर रहे. हताश न हो इसके लिए कड़ी ईमानदारीपूर्वक मेहनत करे।

# तख्त हरमंदिर साहिब पटना के रागी जत्था ने शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नववर्ष पर गुरु नानक सत्संग सभा की ओर से गुरुवार को कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में सुबह 9:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। समागम के लिए विशेष रूप से पधारे सिख पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्था भाई हरजीत सिंह, तख्त श्री पटना साहिब वाले ने आगे सुख मेरे मीता पाछे आनंद प्रभ कीता... जैसे शबद गायन कर संगत को निहाल किया और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के संदेश मानस की जात सबै एक पहचानिबो' को ईमानदारी से अपने जीवन में उतारने को कहा। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह द्वारा अरदास एवं हुक्मनामा पढ़े जाने के साथ दीवान की समाप्ति हुई। सत्संग सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिड्ढा एवं सचिव



सुरेश मिढा ने भाई हरजीत सिंह एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंच संचालन मनीष मिड्ढा ने किया। समाप्ति पर साध संगत के बीच कढ़ाह प्रसाद का वितरण किया गया।

गुरुनानक सत्संग सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिढ़ा ने समूह साध संगत को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह गुरु घर की सेवा करते रहने को कहा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि हर वर्ष कृष्णा नगर कॉलोनी से पटना में शामिल होने गए श्रद्धालुओं के रांची लौटने के बाद श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम आयोजित किया जाता है और गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा इस बार तीन और चार जनवरी को दो विशेष दीवान सजाए जाएंगे.। पहला दीवान शनिवार 3 जनवरी को रात 8 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरा दीवान रविवार 4 जनवरी को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक सजाया जाएगा।

# मनरेगा बनाम जी राम जी को लेकर अब जनता जनार्दन के बीच जाएगी कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नव वर्ष 2026 के आगाज होते ही प्रदेश कांग्रेस अपने आलाकमान के निर्देश पर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह विकसित भारत जी राम जी योजना नाम किये जाने को लेकर जनता के बीच जाने की खास रणनीति बनाई है। झारखंड कांग्रेस अपनी इस रणनीति की शुरुआत 05 जनवरी को रांची के बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास संकल्प लेकर करेगी। मनरेगा और जी राम जी योजना को लेकर कांग्रेस के नेताओं के तीखे तेवर से यह साफ हो गया है कि नए वर्ष की शुरूआती दिनों में प्रदेश कांग्रेस की ओर से झारखंड की राजनीति के केंद्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ही रहने वाला है।

**05 जनवरी को लोकभवन के समक्ष कांग्रेस का प्रदर्शन**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया है कि 05 जनवरी को झारखंड कांग्रेस के राज्यभर के नेता-कार्यकर्ता रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता की प्रतिमा के सामने मनरेगा को बचाने का संकल्प लेकर 'लोकभवन' मार्च करेंगे। उसके बाद लोकभवन के समक्ष प्रदर्शन करेंगे और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे।

केशव महतो कमलेश कहते हैं कि मनरेगा को बचाने की लड़ाई की शुरूआत इस दिन से होगी। इस दिन से मनरेगा में हुए बदलाव से होने वाले नुकसान को लेकर जनता



के बीच जाने के कार्यक्रम की शुरूआत होगी और सभी जिलों, प्रखंडों और पंचायतों में कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता जाएंगे। कांग्रेसी नेता मजदूरों के बीच जाकर बताएंगे कि कैसे मनरेगा की जगह नई योजना लाकर केंद्र की मोदी सरकार ने आपके 'रोजगार के अधिकार' को कमजोर किया है।

**नाम बदलकर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है केंद्र सरकार**

झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि भाजपा की यह आदत रही है कि वह कांग्रेस के समय में जनता को दिए अधिकार को हटाने के लिए भावनात्मक मुद्दे उठाती है और फिर उसकी आड़ में अपने कॉरपोरेट मित्रों के फायदे वाला कानून लाद देती है। उनहोंने कहा कि कांग्रेस जनता को यह बताएगी कि कैसे राज्यों पर अनावश्यक बोझ जी राम जी के द्वारा डाला गया है। उन्होंने बताया कि अब रोजगार आपका अधिकार नहीं, बल्कि केंद्र की सरकार और पंचायत के अधिकारियों पर निर्भर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मजदूर जब कुदाल चलाता है तो मेहनत करते-करते उसके हाथों की रेखाएं घिस जाती हैं, फिर उसका बायोमेट्रिक काम नहीं करेगा और जो मजदूर काम करेंगे, उसे भुगतान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदल कर केंद्र की मोदी सरकार ने साफ कर दिया है कि भाजपा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरोधी पार्टी है और राज्य की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

वहीं दूसरी ओर बीजेपी ने कांग्रेस के इस कार्यक्रम को यह कहकर नकार दिया है कि कांग्रेस पार्टी विकसित भारत का सपना पूरा होते नहीं देखना चाहती। बीजेपी ने कहा है कि जब-जब केंद्र की मोदी सरकार राष्ट्रहित में कोई बड़ा फैसला लेती है, तब-तब कांग्रेस के नेता बेवजह चिल्लाने लगते हैं। कांग्रेस का लक्ष्य ही है जनता को दिग्भ्रमित करना।

# 11 जिलों का अधिकतम तापमान 20-26 डिग्री व 10 जिलों का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से नीचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची का अब तक का अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, गुमला और कांके का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 11 जिलों का अधिकतम तापमान अब 20 से 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

वहीं, 10 जिलों का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस से कम रहा। इन जिलों में रांची, डालटनगंज, बोकारो, चाईबासा, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला, पाकुड़ और गुमला शामिल हैं। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है। यह वृद्धि दो से चार डिग्री सेल्सियस तक हो सकती है।

**किस स्थान में कितना रहा अधिकतम और न्यूनतम तापमान**

| स्थान | अधिकतम (डिग्री) | न्यूनतम (डिग्री) |
|---|---|---|
| रांची | 26.1 | 7.9 |
| जमशेदपुर | 24.3 | 10.0 |
| डालटनगंज | 25.7 | 5.7 |
| बोकारो | 22.2 | 7.5.1 |
| चाईबासा | 26.0 | 8.6 |
| खूंटी | 26.0 | 6.3 |
| लोहरदगा | 25.6 | 6.0 |
| लातेहार | 21.0 | 8.3 |
| सरायकेला | 25.5 | 8.2 |
| पाकुड़ | 20.2 | 7.6 |
| गुमला | 24.9 | 4.4 |
| कांके | 21.6 | 4.4 |

**रांची के आस-पास के क्षेत्रों का पूर्वानुमान**

वहीं, रांची के आसपास के क्षेत्रों में दो जनवरी को अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस, तीन जनवरी को अधिकतम 24 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस और चार जनवरी को अधिकतम 23 और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस और पांच जनवरी को अधिकतम 23 और न्यूनतम तापमान 06 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।

# सोना झारखण्ड के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा साल 2026

**मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को नव वर्ष की दी हार्दिक शुभकामनाएं**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नव वर्ष 2026 की सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सोरेन ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि नव वर्ष 2026 का आगमन केवल एक नए वर्ष की शुरूआत नहीं है, बल्कि यह हमारे वीर पुरुखों के सपनों के सोना झारखण्ड के निर्माण की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने वर्ष 2025 में झारखण्ड राज्य निमार्ता दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन और महान आंदोलनकारी रामदास सोरेन सशरीर छोड़कर प्रकृति की गोद में समा गए। आज वह प्रकृति की गोद से हमें आशीर्वाद दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड ने बीते वर्षों में संघर्ष, संकल्प और संभावनाओं की एक लंबी यात्रा तय की है। इस यात्रा में राज्य के नागरिकों, विशेषकर आदिवासी, मूलवासी, किसान, श्रमिक, महिलाओं और युवा वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। हमने सामाजिक न्याय, जनकल्याण और समावेशी विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। अब युवा झारखण्ड का लक्ष्य और अधिक स्पष्ट है। 2050 तक एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और सतत झारखण्ड का निर्माण। उन्होंने कहा कि इस संकल्प के साथ अबुआ सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी-रोजगार-स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, तथा स्थानीय समुदायों के अधिकार और सम्मान को केंद्र में रखकर नीतियां और कार्यक्रम आगे बढ़ाएगी। झारखंड रूपी विशाल वृक्ष की जड़ों को मजबूत करना ही हमारी प्राथमिकता रही है। विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। यही हमारी प्रतिबद्धता भी है।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में वैकुंठोत्सव सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** धनुर्मास पर्यन्त वैकुंठ एकादशी महोत्सव को लेकर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में एक जनवरी गुरुवार को प्रातः ब्रम्ह मुहूर्त में विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम और तिरूवाराधन के बाद भगवान का दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल, केसरयुक्त जल और गंगाजल से अलग-अलग उपचार और मंत्रोंचार के बीच महाभिषेक कराया गया। फिर रेशमी वस्त्रों से आवृत करके सद्भूषणों से सुसज्जित किया। भगवान का मूल विग्रह नख से शिखा तक स्वर्ण कवच से आच्छादित हो दिव्य सुशोभित हो रहे थे। बता दें कि नव वर्ष का उमंग और सहस्त्रनाम अर्चना का अनुष्ठान में श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर खचाखच भरा हुआ था। श्रद्धालुओं के भीड़ की स्थिति देखते हुए मंदिर का पट दिन भर खुला रहा। प्रातः से रात्रि तक मध्यांतर भी नहीं किया गया। अर्चना का शुभारंभ जगतगुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और उनके सहयोगी गोविंद दास महाराज के हाथों संकल्प से हुआ। जगद्गुरु श्री अनिरूद्धाचार्यजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा- वही शरीर पवित्र है, जिस शरीर से भगवान की सेवा की जाये, शरीर भगवान की सेवा के लिए ही मिला है। भगवान की आराधना करने से हमारे संबंध सभी लोगों से अच्छे और मजबूत होते हैं। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास जीने चारों दिन के अनुष्ठान को त्रुटि क्षमा प्रार्थना के साथ संपन्न कराया।

# आध्यात्मिक उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ नव वर्ष 2026 का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नव वर्ष के अवसर पर गुरूवार को शहर भर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। नए साल की छुट्टी का आनंद लेने के लिए सुबह से ही विभिन्न पार्कों और पिकनिक स्पॉट्स पर भीड़ उमड़ पड़ी। टैगोर हिल, रॉक गार्डन, पतरातू डैम, रुक्का डैम, नगर निगम पार्क, मछली घर और राजेंद्र पार्क में दिनभर सैलानियों और स्थानीय लोगों की खासा भीड़ देखी गई। परिवार, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में इन स्थलों पर पहुंचे और पिकनिक, सैर-सपाटे व मनोरंजन के माध्यम से नए साल का जश्न मनाया। पिकनिक स्पॉट्स पर कई परिवारों और समूहों ने अपने-अपने स्तर पर खाना भी बनाया, जिससे पूरे इलाके में उत्सव का माहौल बना रहा। बच्चों के खेलने, युवाओं के फोटो खिंचवाने और परिवारों के साथ समय बिताने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। कई स्थानों पर खाने-पीने की दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ देखी गई।



### नए साल की शुरूआत श्रद्धा और आस्था के साथ

नए साल नए साल की शुरूआत श्रद्धा और आस्था के साथ करने के लिए पहाड़ी मंदिर, काली मंदिर और जगन्नाथ मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। लोगों ने भगवान के दर्शन कर अपने और अपने परिवार के लिए सुख, शांति, समृद्धि और बेहतर भविष्य की कामना की।



## हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में मंगला आरती के साथ नववर्ष का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में गुरूवार को भक्तों की भीड़ दिन भर लगी रही। प्रातः कालीन साढ़े पांच बजे की मंगला आरती के साथ भक्तों ने नववर्ष की दिन का शुभारंभ किया। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान कार्यकारिणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया। प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद जब पट खुला तो भक्त भाव विभोर हो गए। श्रृंगार के बाद प्रातः कालीन श्रृंगार आरती की गई। हजारों की संख्या में भक्त आरती में सम्मिलित हुए। रांची स्थित हरमू रोड के श्याम मंदिर में खाटूधाम की परंपरा के अनुसार पूजन विधि विधान किया जाता है। ऐसा मानना है इस दरबार में अर्जी जरूर पूर्ण होती है। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया की रात्रि में जब मंदिर के पट बंद किए गए तब तक लगभग 50,000 से ज्यादा भक्तों ने मंदिर में अपने आराध्य के दर्शन किए।

## 70000 से ज्यादा भक्तों ने पहाड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नव वर्ष के उपलक्ष में पहाड़ी मंदिर में 70000 से ज्यादा भक्तों ने वर्ष के पहले दिन पूजा अर्चना की। ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में नव वर्ष के पहली तारीख को सुबह 3:00 से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। अहले सुबर 4:00 बजे मंदिर के पुजारी संत कबीर दास मनोज मिश्रा व अन्य पुजारियों ने पहाड़ी बाबा की नित्य पूजा अर्चना और आरती की। इसके बाद मंदिर के पट आम भक्तों के लिए खोले गए। मंदिर के पट खुलते ही पहाड़ी मंदिर हर हर बम बम पहाड़ी बाबा की जयकारों से गूंज उठा। जैसे-जैसे सूरज का तापमान बढ़ रहा था वैसे-वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ रही थी। भक्तों के सुविधा के लिए मुख्य मंदिर विश्वनाथ मंदिर महाकाल मंदिर में अर्घा की व्यवस्था की गई थी, जहां भक्त जलाभिषेक कर खुशहाली की कामना की। शाम 7:00 बजे मंदिर की साफ सफाई करके बाबा का रंग-बिरंगे मौसमी फूलों से श्रृंगार कर 7:30 बजे महाआरती की गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। रात 9:00 तक भक्तों की लंबी कतार बाबा के दरबार में पूजा अर्चना करने के लिए लगी रही।



पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव से सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने बाबा के दरबार में पूजा अर्चना कर राज के खुशहाली समृद्धि की कामना की वही पहाड़ी मंदिर की व्यवस्था में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्य जिला प्रशासन व अन्य भक्तों ने सहयोग किया

### खबर एक नजर में

#### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले संजय सेठ



**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरूवार को मुलाकात किया। नववर्ष 2026 की बधाई और शुभकामनायें दिया और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

#### कांके का न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री से.

**रांची।** कांके क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम ठंडा बना रहा। एक जनवरी को अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान गिरकर 4.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हवा की गति 2.8 किलोमीटर प्रति घंटा रिकॉर्ड की गई, जिससे ठंडी हवा चलने के कारण कनकनी बढ़ गई। ठंड के कारण सुबह और रात के समय लोगों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के मौसम विभाग के वैज्ञानिक रमेश कुमार ने बताया कि न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते आने वाले दिनों में भी शीतलहर और ठंड का असर बना रह सकता है।

## पुस्तक मेले में कवियों ने अपनी कविताओं से जीता पुस्तक प्रेमियों का दिल

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** स्थानीय जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया के तत्वावधान में जारी 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला में नए वर्ष के प्रथम दिन का स्वागत कवि सम्मेलन से हुआ। झारखंड हिन्दी साहित्य मंच की ओर से आमंत्रित स्थानीय कवियों ने अपनी कविताएं, गीत, गजल, नज्में सुनाकर पुस्तक प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया और उनका दिल जीता। कवि सम्मेलन का आगाज वैद्यनाथ मिश्र की सरस्वती वंदना से हुआ। जिन कवियों ने कवि सम्मेलन में काव्य पाठ कर श्रोताओं को प्रभावित किया, उनमें निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ. अंजेश कुमार, वैद्यनाथ मिश्र, कामेश्वर कुमार सिंह, राजीव थेपड़ा, विनोद सिंह गहरवार, विनय कुमार पाण्डेय, देशदीप ठाकुर, जनाब नासीर अफसर, निराला पाठक, राकेश रमण रार, डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप, सरोज झारखंडी और हिमकर श्याम प्रमुख रहे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता हिन्दी साहित्य मंच के कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की। उन्होंने पुस्तक मेला के मंच पर कवियों की उपस्थिति के लिए मेला आयोजन समिति को बधाई दी और वर्ष के पहले दिन पुस्तकों के बीच काव्य पाठ को एक सुखद अनुभव बताया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज सच्चे अर्थों में कवि, उसकी कृति और उसका पाठ मंच पर जीवंत हो उठा है।

कवि सम्मेलन का सफल संचालन डॉ. अंजेश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण विश्वकर्मा ने किया। मंच पर समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण, मंच के संरक्षक विनय सरावगी और आरयू के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय उपस्थित रहे। पुस्तक मेला 4 जनवरी तक चलेगा। पुस्तक प्रेमियों के लिए मेला परिसर में प्रवेश की समयावधि प्रातः 11 बजे से रात्रि 7.30 बजे तक की है।

**मेले में नाट्य साहित्य** : मेले में विभिन्न स्टॉल्स पर जहाँ बच्चों, युवाओं और वरिष्ठों के लिए उनकी रुचि की असंख्य पुस्तकें उपलब्ध हैं। वहीं नाट्य साहित्य और नाट्य लेखन में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए पुस्तकों का अनूठा संसार है। झारखंड झरोखा मेले में एक ऐसा स्टॉल है जहाँ पर आप राज्य से संबंधित तमाम उपयोगी पुस्तकों के साथ राजकमल प्रकाशन और वाणी प्रकाशन की चर्चित पुस्तकें खरीद सकते हैं।

**'कौन बनेगा करोड़पति' के 17वें सीजन में करोड़पति बने रांची निवासी**

# सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर बिप्लव विश्वास परिवार संग बिग बी के घर करेंगे डिनर

- एक करोड़ के सवाल का चंद सेकेंड में जवाब देकर बिग बी का जीता दिल

एजेंसी

**बीजापुर।** देश के चर्चित रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति में बीजापुर में पदस्थापित सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर बिपल्व बिश्वास ने इतिहास रचा है। कौन बनेगा करोड़पति के 17वें सीजन में बिपल्व बिश्वास ने एक करोड़ रुपये की इनाम राशि जीती है। उन्होंने एक करोड़ रुपये के लिए पूछे गए सवाल का चंद सेकेंड में में ही सही उत्तर दे दिया। इस तरह केबीसी के 17वें सीजन के वे दूसरे करोड़पति बन गए।

### असाधारण जानकारी और विनम्रता से हुए प्रभावित



बिप्लव बिश्वास से एक करोड़ रुपये की राशि के लिए कठिन सवाल पूछा गया। उनसे पूछा गया कि स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी को फ्रांस से अमेरिका ले जाने वाले जहाज का नाम क्या था? इस सवाल का सही जवाब था- **इसेरे**। इस सवाल के जवाब में बिप्लव ने बताया कि उन्हें जहाज के स्टीयरमैन का नाम तक याद है। बिप्लव की असाधारण जानकारी और विनम्रता से प्रभावित होकर अमिताभ बच्चन ने उन्हें पूरे परिवार के साथ अपने घर डिनर के लिए आमंत्रित किया। एक करोड़ की राशि के साथ बिप्लव को एक कार भी इनाम के तौर पर मिली है। उनकी इस उपलब्धि ने सीआरपीएफ और पूरे बस्तर का नाम रौशन हुआ है।

गौरतलब है कि बिप्लव बिश्वास रांची निवासी हैं। उन्होंने केबीसी में शुरू से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। केबीसी के 17वें सीजन में उन्होंने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट जीतकर हॉटसीट तक का सफर तय किया। शो की शुरूआत में ही उन्होंने अमिताभ बच्चन से गले मिलने की इच्छा जतायी, जिसे बिग बी ने स्वीकार किया। बातचीत के दौरान बिप्लव ने जंगलों में तैनाती, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और अपने साथी जवानों के बलिदान का भावुक जिक्र किया। खेल के दौरान बिप्लव बहुत समझदारी के साथ सवालों के सही जवाब देते गये। जब एक करोड़ का सवाल आया, तो बिप्लव का आत्मविश्वास देखते ही बनता था। उन्होंने कहा कि मैंने सवाल सुनते ही तय कर लिया था कि मैं समय बर्बाद नहीं करूंगा। इसलिए मैंने डी ऑप्शन बताया। इसके बाद मेरा जवाब सही निकला और मैंने एक करोड़ रुपये जीत ली।

## ऑटो चालक पर स्कूटी क्षतिग्रस्त करने का आरोप

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के न्यू एजी कॉलोनी में रहनेवाले लक्ष्य नामक युवक ने ऑटो चालक के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

**क्या है मामला** : प्राथमिकी में अरगोड़ा थाना क्षेत्र के न्यू एजी कॉलोनी में रहनेवाले लक्ष्य नामक युवक ने पुलिस को बताया है कि वह 30 दिसंबर की सुबह करीब नौ बजे कडरु रोड से क्रिकेट क्लब , नामकुम अपनी स्कूटी (ओडी 02सीडी-6191) से जा रहा था। इसी दौरान एक मालगाड़ी ऑटो(जेएच 01 एफई-4506) का चालक गलत दिशा से तेजी व लापरवाही से आते हुये जानकी स्ट्रील, कडरु मोड़ के पास स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे पैर व घुटने पर गंभीर चोट लगी है। इस दुर्घटना में स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

## नये साल के पहले दिन एक्वा वर्ल्ड में सैलानियों की उमड़ी भीड़

### पत्नी की जूती चमका कर विकास ने जीता जोरू का गुलाम खिताब



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में रिलायंस कार्निवल 2026 में वर्ष के पहले दिन भारी भीड़ उमड़ी। लोग सुबह से लेकर देर रात तक मस्ती और पिकनिक के मूड में दिखे। सैलानियों ने विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद उठाया। प्रमुख आकर्षण कोलकाता की डीजे ग्रूट का परफॉर्मेंस था। डीजे ग्रूट ने नये-पुराने और रीमिक्स गानों से चार घंटे तक लोगों को बांध कर रखा। उनकी परफॉर्मेंस पर लोग थिरकने को विवश हो गये। शुरूआत में लोगों के लिये न्यू ईयर रेजोल्यूशन कंपटीशन रखना रखा गया। इसमें लोगों को नये वर्ष के अपने संकल्प को बताना था। फिर लड़कों के लिये पुश अप चैलेंज था। खाने-पीने के कंपटीशन में चॉकलेट के साथ मिर्ची की भी बारी थी। लोगों ने आंसू बहा कर मिर्ची खायी। फैमिली कप पिरामिड शो डाउन और वन हैंड लॉलीपॉप मास्टर चैलेंज का भी आयोजन हुआ। जोरू का गुलाम प्रतियोगिता में लोगों ने खूब आनंद उठाया। पतियों को अपनी पत्नियों के जूते चमकाने था। बैकग्राउंड में जोरु का गुलाम गाना भी बज रहा था। विकास ने रिकार्ड समय में अपनी पत्नी काजल की जूती को अपने रुमाल से चमका कर जोरू का गुलाम का खिताब जीता। देर रात लकी ड्रा निकाला गया। इसमें एलइडी टीवी के विजेता घोषित किये गये। इस अवसर पर डॉ विद्या झा शाहदेव, विपुल नायक, सत्य प्रकाश चंदेल, लोकेश कुमार, वसीम आलम, राहुल शाहदेव, देव ज्योति नाहा, आनंद नायक, प्रदुमन, उदय थे। विजेताओं में रौनक, बबलू, कुसुम, मनीषा, पूजा, सुधा, सिंधु, पुष्पा, डेजी, विकास आदि।

# नव वर्ष के स्वागत में आध्यात्मिक उल्लास
# विहंगम योग संत समाज ने किया भव्य हवन-यज्ञ

- कई प्रशासनिक अधिकारी भी हवन यज्ञ में रहे मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को रांची में आध्यात्मिक चेतना, वैदिक परंपरा और सामाजिक सद्भाव का भव्य संगम देखने को मिला। विहंगम योग संत समाज की ओर से दलादली स्थित फुटकल टोली में नव वर्ष के शुभ अवसर पर विशाल हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन सद्गुरुदेव आश्रम (सदाफलदेव आश्रम) परिसर में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सद्गुरु सदाफल देव भगवान के चित्र पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात स्वागत गान और मंगलगान प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच प्रज्वलित हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। हवन से उठती पवित्र अग्नि और मंत्रों की गूंज ने वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। हवन-यज्ञ में पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। श्रद्धालुओं ने नव वर्ष में सुख-समृद्धि, सामाजिक शांति, देश की उन्नति और विश्व कल्याण की कामना की। आयोजन के दौरान अनुशासन और धार्मिक मर्यादाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भव्यता और अधिक बढ़ गई। इस अवसर पर विहंगम योग रांची जिला के परामर्शक डॉ. अनिल शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजी नव वर्ष केवल कैलेंडर बदलने का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन और नए संकल्प लेने का समय है। उन्होंने कहा कि यज्ञ सनातन संस्कृति का सबसे पवित्र कर्म है, जिससे पर्यावरण की शुद्धि होती है और मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित विहंगम योग झारखंड प्रदेश के परामर्शक एवं झारखंड सरकार में असिस्टेंट कमिश्नर गजेंद्र सिंह ने कहा कि विहंगम योग केवल एक साधना पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण कला है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। हवन-यज्ञ में सम्मिलित विहंगम योग के अनुयायियों ने सत्य मार्ग पर चलने, सामाजिक समरसता बनाए रखने और विश्व कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विहंगम योग झारखंड प्रदेश के परामर्शक विष्णु कांत खेमका, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण सिंह, सीआईएसएफ के आईजी प्रबोध चंद्र, संयोजक सच्चिदानंद शर्मा सहित विहंगम योग के अनेक अनुयायी उपस्थित रहे।

# एचईसीकर्मियों को 15 दिन के वेतन भुगतान के निर्णय का कड़ा विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एचईसी कर्मचारियों को 15 दिन का वेतन देने के निर्णय पर संयुक्त मोर्चा ने नाराजगी जताई है। मोर्चा ने कहा है कि आधे माह का वेतन मिलने से कर्मियों के दैनिक और पारिवारिक खर्च कैसे पूरे होंगे। मोर्चा ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के लिए कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि एचईसी का उत्पादन पहले से लगभग दोगुना हो गया है। फिर भी हर माह सिर्फ 15 दिन का वेतन दिया जाना अन्यायपूर्ण है। मोर्चा ने प्रबंधन से मांग की है कि जनवरी में एनसीएल से राशि प्राप्त होते ही दो माह का वेतन एक साथ दिया जाए।

मोर्चा ने मांग पूरी नहीं होने पर कड़ा कदम उठाने की चेतावनी दी।

## 52 हजार से 65 हजार रुपये तक का भुगतान यूनियन की जीत : भवन सिंह

**रांची।** हटिया मजदूर यूनियन (सीटू) द्वारा लंबे और निरंतर संघर्ष के फलस्वरूप, 'सी-ग्रेड से डी-ग्रेड में जाने पर वार्षिक वेतन वृद्धि में एक रुपये की कमी' से जुड़े मामले में ऐतिहासिक जीत हासिल हुई। उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करने के बाद, 70 प्रभावित मजदूरों को 52 हजार से 65 हजार रुपये तक का भुगतान वर्ष के अंतिम दिन कर दिया गया। यह वही मामला है, जिसमें सबसे पहले 06 एफएफपी के कारपेंटर साथियों ने एक-एक रुपये का केस यूनियन को सौंपकर संघर्ष की शुरूआत की थी। लगभग 20 वर्षों के लम्बे संघर्ष और विभिन्न न्यायालयों से गुजरने के बाद, 27 कारपेंटर्स को भुगतान मिला। इसके बाद आईटीआई व सीटीआई प्रशिक्षुओं ने भी यूनियन के नेतृत्व में अपना मुकदमा दायर किया और हाई कोर्ट से विजय प्राप्त की। जब भुगतान में टालमटोल किया गया, तो यूनियन ने पुनः अवमानना याचिका दायर की। परिणामस्वरूप, उच्च न्यायालय ने दिसंबर के अंत तक भुगतान करने का स्पष्ट आदेश दिया, जिसे अब अंततः प्रबंधन ने लागू कर दिया।

आज से आंदोलन कर सकते हैं श्रमिक एचईसी के सप्लाई श्रमिकों का अनुबंध नवीकरण नहीं होने पर दो जनवरी से कर्मचारी आंदोलन कर सकते हैं। एचईसी के अधिकांश श्रमिक आउटसोर्स कंपनी के अधीन थे। कुछ कर्मी आउटसोर्स कंपनी के साथ काम नहीं कर रहे थे और वे प्रबंधन के अधीन ही थे। लेकिन एक जनवरी से प्रबंधन ने सभी को आउटसोर्स के अधीन करने की बात कही है। हालांकि अभी तक किसी भी कंपनी का अनुबंध नवीकृत नहीं हुआ है और न ही नई कंपनी के साथ अनुबंध ही हुआ है।

## आदिवासी एकता समिति दहिसोत बनहोरा व पंडरा पंचायत के सदस्य पहुंचे शहीद स्थल, दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप के नेतृत्व में आदिवासी एकता समिति दहिसोत बनहोरा व पंडरा पंचायत आदिवासी एकता समिति संगठन के सदस्य शहीद स्थल पहुंचे। वहां पहुंचकर शहीदों को पुष्पांजलि देकर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवा कच्छप ने बताया कि हम आदिवासी संगठन के सदस्यों का कहना है कि एक जनवरी पूरे आदिवासी समाज के लिए काला दिन है। काला दिवस के रूप में इस दिन को मानते हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार सरायकेला-खरसावां विरासत को उड़ीसा में शामिल करना चाहती थी। तब सरायकेला व खरसावां के विभिन्न कोने के आदिवासी संगठनों द्वारा एक जनवरी 1948 को खरसावां हाट मैदान में इसे लेकर विरोध शांति सभा एवं रैली की जा रही थी। इसमें हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे, जहां उड़ीसा पुलिस पहुंचकर अंधाधूंध गोली चलाई थी। इसमें हमारे आदिवासी भाई लोग शहीद हुए थे। इस घटना को याद के रूप में हम आदिवासी समाज काला दिवस मानते हैं।

इस मौके पर असम के कांग्रेस नेता स्टीफन लकड़ा, केंदीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप, पूर्व मुखिया पंडरा सुनील तिर्की, दादा राम टाना भगत, पंडरा ग्राम प्रधान लालू खलखो, समाज सेवी सोनू लकड़ा, सिद्धांत तिर्की एवं अन्य उपस्थित थे।

# नववर्ष पर श्याम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

## हारे का सहारा बाबा से लिया आशीर्वाद



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरूवार को नववर्ष के अवसर पर दिनभर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। मंदिर में तड़के सुबह में मंगला आरती हुई। भक्तों ने नववर्ष पर भगवान से आशीर्वाद लेते हुए घर परिवार और समाज-राष्ट्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर श्याम मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान कार्यकारिणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया। फुलों की मोटी मालाओं में बाबा श्याम भक्तों को दिव्य दर्शन दे रहे थे। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद पट खुलते ही हजारों भक्त आरती में सम्मिलित हुए। सबों को प्रसाद दिया गया। इस दौरान भक्तजनों ने हो हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय जयकार करते रहे। उन्होंने कहा कि श्याम मंदिर में खाटूधाम की परंपरा के अनुसार पूजन विधि विधान किया जाता है। भक्तों में ऐसा मानना है इस दरबार में लगाई हुई अर्जी जरूर पूरी होती है। हर भक्त के दिल में यही कामना थी कि नववर्ष में बाबा उन सभी की अर्जी स्वीकार करेंगे। गौरव अग्रवाल ने बताया की रात्रि में जब मंदिर के पट बंद किया गया तब तक लगभग सैकडों से ज्यादा भक्तों ने मंदिर में अपने आराध्य के दर्शन किए। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया, अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, मंत्री विष्णु चौधरी, पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, आदित्य लोहिया, प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल सहित बडी संख्या में भक्त मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशन से अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आरपीएफ पोस्ट मुरी एवं फ्लाइंग टीम रांची द्वारा मुरी रेलवे स्टेशन एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में ऑपरेशन सतर्क के तहत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्लेटफार्म संख्या- 01 पर मुख्य गेट के पास एक पुरुष व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में बैठा हुआ पाया गया, जिसके पास दो पिट्ठू बैग थे, जो असामान्य रूप से भारी प्रतीत हो रहे थे। रोककर पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम विंध्याचल सिंह बताया। उसके सामान की तलाशी लेने पर कुल 38 बोतल अवैध शराब बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 26 हजार रुपये है। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने स्वीकार किया कि वह टाटानगर से मुरी रेलवे स्टेशन आया था तथा रोहतास जाने के लिए ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहा था, ताकि बरामद शराब को अपने क्षेत्र में बेचकर अधिक पैसा कमा सके। शराब के परिवहन के संबंध में उसके पास कोई वैध लाइसेंस अथवा परमिट नहीं पाया गया। बरामद अवैध शराब को मौके पर ही उपनिरीक्षक रवि शंकर, आरपीएफ मुरी द्वारा जब्त किया गया। आरोपी व्यक्ति एवं जब्त सामग्री को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु आबकारी विभाग, रांची (झारखंड) को सुपुर्द किया गया है। टीम में उपनिरीक्षक रवि शंकर, कर्मचारी अनिश सिंह, सी. कच्छप सहित अन्य शामिल थे।

## तोरपा के नागेश्वर धाम में अभिनंदन ट्रस्ट ने किया रुद्राभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खूंटी जिला अंतर्गत तोरपा प्रखंड के दियांकेल पंचायत के पतरायूर में अभिनंदन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विवेकानंद कुमार ने नये वर्ष के अवसर पर नागेश्वर धाम शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि राज्य में मौजूद सभी अपेक्षित मंदिरों की जिम्मा अभिनंदन ट्रस्ट लेती हैं। मंदिर के जिर्णोद्धार से लेकर पूजा अर्चना की जिम्मेदारी ट्रस्ट द्वारा ली जायेगी। राज्यभर ही नहीं पूरे देश भर में कहीं भी ऐसे मंदिर हैं जो कि उपेक्षित हैं, जहां मंदिर का निर्माण होने के बाद पूजा अर्चना नियमित रूप से नहीं होती है। वैसे मंदिरों की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि अभिनंदन ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के सेवा करना है। वहीं राज्य में मौजूद लोगों की मदद करना है। अभिनंदन ट्रस्ट निर्धन कन्याओं की विवाह का पूरा खर्च उठना है। साथ विवाह में हरसंभव मदद भी करता है।

उन्होंने कहा कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिये रांची के रोड पर टावर स्थित अभिनंदन ट्रस्ट के ऑफिस में आना पड़ेगा। अभिनंदन ट्रस्ट पूरे देश भर में समाज सेवा का कार्य कर रही है। ट्रस्ट से जुड़कर अब तक हजारों लोगों को फायदा पहुंचा है। मौके पर ट्रस्ट के जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार, भरत कुमार, राशिद आदि उपस्थित थे।

# मदरसा इस्लामिया महमूदिया मुडमा में कुरान कंपटीशन का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मदरसा इस्लामिया महमूदिया सुरसा मुडमा में गुरुवार को एक दिवसीय कुरान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक हजरत मौलाना ताहा थे। कार्यक्रम की शुरूआत हजरत मौलाना ताहा मसूद मुजाहिरी द्वारा पवित्र कुरान के पाठ के साथ हुई। नात नबी झारखंड के प्रख्यात कारी कुरान हजरत कारी सुहैब अहमद ने पढ़ा।

मुख्य अतिथि के रूप में मजलिस उलेमा के महासचिव मुफ्ती तल्हा नदवी, मुफ्ती इमरान नदवी, मौलाना मंसूर थे। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल जलील कासमी नदवी ने कहा कि प्रतियोगिता छात्रों की बौद्धिक क्षमताओं को विकसित करने का सबसे अच्छा तरीका है। साथ ही, अरबाब मदरसा से पता लगता है कि मदरसे का शैक्षिक स्तर क्या है। हजरत मौलाना मुफ्ती अहमद बिन नजर ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन का एक मुख्य उद्देश्य



छात्रों को कुरान सीखने में रुचि पैदा करना है। मुफ्ती तल्हा नदवीए मुफ्ती इमरान नदवी ने प्रतियोगिता में कुरान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि कुरान ईश्वर की अंतिम पुस्तक है। इसलिये, इसका पाठ बहुत आवश्यक और अनिवार्य है। हजरत मौलाना ताहा मसूद मजाहिरी ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी कुरान से जुड़ी रहे और सही मायने में नेक इंसान बने। प्रोग्राम को कामयाब बनाने वालों में कारी ताहा, मौलाना रफीउद्दीन, मौलाना अतीक, मौलाना अली हसन, मौलाना साजिद, मौलाना जावेद, हाफिज असगर, हाफिज शफीक, मुफ्ती शाहिद, हाजी शमशेर, मौलाना इनाम, मौलाना मजहर, मो अल्ताफ, मुफ्ती दिलशाद, मौलाना याकूब, मुफ्ती अहमद बिन नजर, मुफ्ती मो बिन नजर, मुफ्ती अहरार ने अहम रोल अदा किया। मौलाना रफीउद्दीन कासिमी ने स्वागत भाषण दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बैग, प्रमाण पत्र, पुस्तक और स्मृति चिन्ह दिया गया। मौलाना नजमुद्दीन कासमी की दुआ पर प्रोग्राम खत्म हुआ।

इस अवसर पर मौलाना जुबैर, मौलाना मुहम्मद रफीक, हजरत कारी सुहैब अहमद, मुफ्ती अहमद बिन नजर, मुफ्ती मुहम्मद बिन नजर आदि उपस्थित थे।

## अनगड़ा के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर लोगों ने नये साल का जश्न मनाया

**अनगड़ा।** नव वर्ष के मौके पर 01 जनवरी 2026 को अनगड़ा के विभिन्न पर्यटन स्थलों और पीकनीक स्पोर्ट पर गुरुवार को लोगों ने जमकर नए साल का जश्न मनाया । प्रखंड के जोन्हा फौल, सीता फौल, हुन्डरू फौल, सनम फोल, गेतलसूद डैम तथा इसके आसपास के स्थलों पर लोगों ने पिकनिक मनाए और नए साल का जश्न मनाया। विभिन्न पीकनीक स्पोर्ट पर युवाओं को डीजे की धून पर नाचते झूमते और थिरकते देखा गया। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस साल पर्यटन स्थलों में अपेक्षाकृत पिकनिक मनाने वालों की कम भीड़ देखी गई। अनगड़ा के थानेदार गौतम रजवार के नेतृत्व में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अनगड़ा में नए साल का पहला दिन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## बेड़ो में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र में नए साल के पहले दिन गुरुवार को तीन अलग – अलग स्थलों पर हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। जहां गंभीर रूप से घायल जीतू महतो का प्राथमिक उपचार के बाद को रिम्स रेफर कर दिया गया। पहली सड़क दुर्घटना गुरुवार की संध्या पांच से छह बजे के बीच फोर लेन रांची गुमला मुख्य मार्ग पर जामटोली रोड बाईपास सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से राहगीर बेड़ो निवासी जीतू महतो 47 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार के बाद डा मेघा भगत ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। दूसरी घटना दिघीया ईटा चिल्दरी सड़क पर टंगरा के समीप एक बाइक सवार युवक सड़क पर पैदल चल रही एक महिला को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार विनश तिर्की 19 वर्ष व महिला केकैई देवी 50 वर्ष घायल हो गई। जबकि तीसरी दुर्घटना में बेड़ो लोहरदगा पथ पर खत्री खटंगा मोड़ के समीप ऑटो से गिर के खत्री खटंगा निवासी घूरन भगत उम्र 45 वर्ष घायल हो गया। जहां सभी घायलों का इलाज बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

## नव वर्ष पर समाजसेवी रामपोदो महतो ने गरीब असहाय लोगों को भोजन कराया एवं कम्बल बांटे

**अनगड़ा।** नव वर्ष के मौके पर हेंसल गांव में गरीब असहाय लोगों के साथ पिकनिक मनाय गया, जिसमें असहाय वृद्ध लोगों के साथ समाजसेवी रामपोदो महतो के सौजन्य से लगभग दो सौ गरीब असहाय लोगों को भोजन कराया गया एवं कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी रामपोदो महतो ने कहा कि नव वर्ष के शुभ उपलक्ष में गरीब और असहाय लोगों के साथ मुझे पिकनिक मनाना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा मैं इनमें भगवान का रूप देखता हूं। यह वही तृषकृत लोग हैं उन्होंने कहा कि पिछले 28 वर्षों से असहाय लोगों के साथ पिकनिक मना रहा हूं। उनके साथ परिवार के सदस्य और नजदीकी दोस्त भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शामिल रहते हैं। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता श्रृष्टि रंजन महतो, वरिष्ठ समाजसेवी सखीचंद महतो, राकेश महतो,मुकेश महतो, गोबर्धन महतो, झबुलाल महतो सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## विजय महतो स्मृति मेला का आयोजन किया गया

**सिल्ली।** 1 जनवरी 2026 कला प्रेमी स्व. विजय महतो की बारहवीं पुण्यतिथि पर मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में कुड़माली, पांचपरगना झुमर गायन नर्तकी नाच एवं आकर्षक पुरस्कार के साथ मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया। मेला के मुख्य अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा, विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस नेता डॉ राकेश किरण महतो, युवा कांग्रेस सिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विकाश रजक, डॉ विवेक कुमार, डॉ श्रवण कुमार, कांग्रेस नेता संदीप कुमार, बंता दक्षिण पंचायत मुखिया गंगा राम मुंडा, हरेकृष्ण महतो, गोकुल महतो, नागेश्वर महतो, मुरलीधर घटवार मेला में उपस्थित हुए! इस मेला को सफल बनाने में मेला आयोजक कला प्रेमी सिदाम महतो, मेला के अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, उपाध्यक्ष विकास कुमार महतो, सचिव लखीराम महतो, उपसचिव डॉ पशुपति महतो, कोषाध्यक्ष अर्जुन राम महतो, उप कोषाध्यक्ष पांडव महतो, संरक्षक पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, दशरथ महतो, हरिदास मुंडा, राधिका महतो,साथ ही गिरिधारी महतो, पूर्व शिक्षक गणेश महतो आशीष महतो, शिव शंकर महतो, श्रवण महतो, खगेन मुंडा, शुकरू महतो, बर्दिनाथ महतो, अजय कुमार महतो, बुध्देव महतो, श्यामराय महतो, उस्ताद जहलु महतो, नरहरि मुंडा, चन्द्र मोहन महतो, सुखदेव महतो, लंबोदर महतो, सत्य नारायण मुंडा, सुभाष महतो, रविंद्र नाथ महतो, शशि मुंडा, मधुसुदन महतो, रवि मुंडा, तेजनारायण महतो, दिनेश महतो, कान्तु महतो, संजय महतो, वरुण महतो, रामेश्वर महतो, लखिचरण महतो, भुलन राजवर, चन्द्र मोहन महतो, गंगा महतो, जय प्रकाश महतो, पदमुन महतो, अनिल महतो, उपेन महतो, सुभाष महतो, रामवृक महतो, अशोक महतो मोहताब आलम इत्यादि सैकड़ो ग्रामीणों की मेला में उपस्थिती हुई।

## इटकी सहित आसपास के क्षेत्रों में नये साल की धूम रही

**इटकी।** इटकी सहित आसपास के क्षेत्रों में नये साल की धूम रही। डब्बू विकास एकेडमी के खिलाड़ियों ने कुंदी मैदान में केक काटकर नव वर्ष की खुशियां मनाई। जबकि नव वर्ष को लेकर इटकी जगन्नाथ मंदिर, देवी स्थान, मुख्य शिवालय, हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। सीएनआई चर्च में पुरोहित जीजे विल्सन के नेतृत्व में आराधना सभा आयोजित की गयी। वहीं परिवार और दोस्तों के साथ लोगों ने क्षेत्र के पर्यटन स्थलों पर वनभोज का आनंद उठाया। पंडरा नदी, मलार, गंगा जल आदि पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ रही। देर शाम तक युवा डीजे के धुन पर थिरकते रहे। सुबह से शाम तक नव वर्ष की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इटकी थाना सतर्क रही।

# अखंड भारत संस्था ने ग्रेगोरियन कैलेंडर एवं मैकाले शिक्षा पद्धति का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** अखंड भारत संस्था के द्वारा एक जनवरी को फिरायालाल चौक, रांची में ग्रेगोरियन कैलेंडर एवं मैकाले शिक्षा पद्धति का विरोध किया गया। जिसमें संस्कृति रक्षा में मारे गए भारत के करोड़ों पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिये हवन एवं पूजन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अखण्ड भारत संस्था के संस्थापक व केंद्रीय अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने किया। उन्होंने जानकारी देते हुये कहा कि हवन पूजन के बाद रैली निकाल कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। ग्रेगोरियन कैलेंडर से नहीं भारतीय कैलेंडर से चलना चाहिये और मैकाले शिक्षा पद्धति को राज्य एवं केंद्र सरकार को अविलंब बंद कर देना चाहिये। भारत में भारतीय संस्कृति संस्कार युक्त शिक्षा पद्धति देना चाहिये, जिससे बच्चों में संस्कार हो और यहां की संस्कृति एवं राष्ट्र मजबूत रहे।

अखंड भारत संस्था 1 जनवरी को भारतीय संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में मनाती है क्योंकि अखंड भारत का मानना है कि उनके आक्रमण का ये पहला दिन है, इसलिये प्रथम दिन को पूरे भारत के हिंदूवादी संगठन, राष्ट्रवादी संगठन, जनवादी संगठन,पत्रकार एवं बुद्धिजीवी सब मिलकर इसका विरोध करें और अपनी संस्कृति का जिस जिस प्रकार से रक्षा कर सकते हैं, उसी प्रकार से आयोजन कर जन जागरण करें और अपनी संस्कृति की रक्षा का संकल्प लें। संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में इस दिन को मनायें। आज पूरे दस वर्ष पूर्ण हुए संस्था का यह कार्यक्रम ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षो से होते आ रहा है। पूरे झारखण्ड में अखण्ड भारत की टीम सनातनी समाज को जागरूक करने का कार्य अखण्ड भारत संस्था कर रही है। झारखण्ड और बिहार राज्य में भी संगठन की टीम लोगों को अपने धर्म/संस्कृति का प्रचार/प्रसार कर लोगों को संगठन से जोड़ रही है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सनातन एकता मंच, झारखण्ड के केंद्रीय अध्यक्ष रोहित सनातनी की टीम ने भी ब्रजेश सिंह का समर्थन किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकाश सिंह, अरुण कुमार साहू, भीम शर्मा, राकेश कुमार, मनोरंजन सिंह, सूरज पाण्डेय (बाबा), प्रभाकर कुमार, मंजीत सिंह, के.डी. शरद, सनी, राजू सिंह, अभय राज, कार्तिक राम, उपेंद्र प्रसाद, अमीत कुमार, आयुष, आदित्य, शिव यादव, अजीत कु. पाठक, हरे कृष्ण पाण्डेय, वासुकीनाथ पाठक, चंद्र किशोर साहू सहति सैकड़ों लोग शामिल थे।।

# नववर्ष पर जश्न का माहौल, पार्क, फॉल व डैम में उमड़ी भीड़

## फन कैशल पार्क में पर्यटकों ने किये मौज-मस्ती


पार्क में सैलानियों की भीड़।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड में नववर्ष पर जश्न का माहौल रहा। पिकनिक की धूम रही। फन कैशल में आयोजित पांच दिनी जिंगल्स-26 में सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने पार्क की भव्यता को सराहा। पर्यटक परिवार उत्साहित दिखे। मौज-मस्ती किये। खूब हंसी-ठिठौली हुई। एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कैंटीन में बने लजीज व्यंजन का स्वाद चखा। युवा, बच्चे और महिलाओं ने हाराकिरी, मोटर व पैडल बोट, स्काई व छोटानागपुर एक्सप्रेस ट्रेन तथा झूले आदि खेल-खिलौने का आनंद उठाया। मैजिक व राइडिंग का भी मजा लिया। निदेशक नितेश नाथ शाहदेव ने पर्यटकों को नये साल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। संचालन सोनी सिंह कर रही हैं।

**2025 को दी गयी विदाई :** बुधवार की रात 11:59 बजे तक लोगों ने खट्टी-मिट्ठी यादों के साथ 2025 को विदाई दी। घड़ी की सुई जैसे ही 12 में पहुंची, पटाखे की आवाज से क्षेत्र गुंज उठा। युवा और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। गीत-नृत्य का दौर चला। नागपुरी गीत-संगीत पर लोग थिरक उठे और खुशी का इजहार किया।

**मस्ती में डुबा इलाका :** चेंडी स्थित कुरथी टोंगरी, खेत, खलिहान व जलाशय के किनारे युवाओं ने पिकनिक मनायी। वह रीमिक्स गाने की धुन पर थिरकते नजर आये और मस्ती में डूबे रहे। पार्क समेत सभी चौक-चौराहे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। थानेदार आरएन सिंह ने इसकी कमान संभाली। मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गयी थी।

### खलारी-मैक्लुस्कीगंज में नववर्ष 2026 का उल्लासपूर्ण स्वागत

खलारी। खलारी कोयलांचल सहित मैक्लुस्कीगंज में नववर्ष 2026 का स्वागत बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। नए साल के आगमन पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी जश्न में सराबोर नजर आए। लोगों ने सुबह मंदिरों में पूजा-अर्चना कर एवं गिरजाघरों में प्रार्थना कर नववर्ष की मंगल कामनाएं कीं।इसके बाद क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया। मैक्लुस्कीगंज में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी रही। पर्यटक नदी, पहाड़ और प्राकृतिक स्थलों पर पहुंचकर पिकनिक मनाते और अपने अंदाज में भोजन पकाकर आनंद लेते दिखे। पर्यटन और सुरक्षा को लेकर मैक्लुस्कीगंज पुलिस मुस्तैद रही। नववर्ष का जश्न केक काटकर भी मनाया गया। 31 दिसंबर की रात मैक्लुस्कीगंज स्थित कंचनजंगा रेस्टोरेंट में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं होटल और रेस्टोरेंट में देर रात तक भारी भीड़ देखी गई। पूरे क्षेत्र में नववर्ष को लेकर उत्सव का माहौल बना रहा।

## जैविक उद्यान व रूक्का डेम में नववर्ष का स्वागत व उत्सव को मनाने पहुंचे सैलानी


रूक्का डैम पिकनिक मनाने पहुंचे सैलानी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थल बिरसा जैविक उद्यान व रांची मछलीघर सहित क्षेत्र के प्रमुख पिकनिक स्पाट रूक्का डेम में काफी संख्या में सैलानी नववर्ष का जश्न मनाने पहुचे थें। खास कर जैविक उद्यान व रूक्का डेम पिकनिक स्पाट पर लोगों की ज्यादा भिड़ देखी गई। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न रेस्तरां व होटलों में स्वदिष्ट व्यंजन का मजा लेने काफी संख्या में लोग पहुंचे थें। विभिन्न शहरों से सैलानी अपने बच्चों व परिजन के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थें। जैविक उद्यान में खतरानक, आकर्षक वन पशुओं, तितली पार्क में रंगबिरंगें तितली और मछलीघर में देष विदेष के सुंदर व आकर्षक मक्षलियों को देखने का आनंद उठाएं। वहीं कई पर्यटकों साथ युवा युवतियां उद्यान के शेर, चीता व बाघ, हाथी सहित खतरानक व आकर्षक वन्य पशुओं को अपने कैमरे में कैद कर रहे थें। वहीं कई लोग इन पशुओं के साथ सेल्फी भी ले रहे थें। सैलानियों की भिड़ व सुविधा प्रदान करने के लिए जैविक उद्यान प्रशासन द्वारा अलग से टिकट काउंटर बनाया गया था। रूक्का डेम व अन्य पिकनिक स्पाट में युवाओं को डीजे की धून पर नृत्य कर नव वर्ष का जष्न मनाते देखा गया। इसबार रूक्का डेम पिकनिक स्पाट क्षेत्र में पानी भरा व किचड़ होने के कारण पर्यटकों को थोड़ी परेषानी भी हुई। ओरमांझी थाना प्रभारी शषिभुषण चैधरी व मेसारा थाना प्रभारी अजय कुमार पुलिस बल के साथ पिकनिक स्पाट व विभन्न सड़क मार्ग में खूद नजर रंख रहे थें।

### अवैध पार्किंग शुल्क वसूलते एक धराया



ओरमांझी। बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी आने वाले सैलानियों के वाहन से अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूल करने के मामले में एक युवक को पकड़ा गया है। बताया गया कि जैविक उद्यान के आसपास खड़े वाहनों ने पार्किंग शुल्क के नाम पर अवैध वसूला किया जाता है। जिसका शिकायत राज्य के पुलिस महानिदेशक व पुलिस अधिक्षक से शिकायत किया गया था। जिसके बाद जैविक उद्यान प्रशासन व पुलिस प्रशासन आरोपियों को पहचान व कार्रवायी करने की तैयारी कर रखी थी। सुबह 11 बजे के करीब जैविक उद्यान के फोरेस्ट गार्ड द्वारा एक युवक को पकड़ लिया गया। जिसे देख अन्य युवक मौके से फरार हो गए। पकड़े गए युवक को जैविक उद्यान के परगोलर में लाकर रखा गया। वहीं उसकी तलासी लेने पर भगवान बिरसा जैविक उद्यान के नाम से अवैध रूप से छापी गई पार्किंग टिकट भी बरामद हुआ है। बाद उद्यान प्रशासन द्वारा युवक को पुलिस को सौंप दिया गया। बताया गया कि खास कर जनवारी फरवरी माह में स्थानी युवक रोजगार के रूप में इस प्राकर से सैलानियों से अवैध रूप से वसूली करते हैं। पुलिस द्वारा युवकों से अवैध रूप से वसूली कराने वाले की पहचान करने की प्रयास की जा रही है।

## नववर्ष पर हुंडरू फॉल व गेतलसूद डैम में उमड़ी सैलानियों की भीड़, पिकनिक का आनंद लिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** नव वर्ष का मौके पर हुंडरू फाल व गेतलसूद डैम में गुरुवार को सैलानियों व पिकनिक मनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी।गुरुवार को नए साल के शुरू दिन एक जनवरी को यहां हजारों की संख्या में सैलानी तथा पिकनिक मनाने वाले पहुंचे थे।यहां रांची के अलावा हजारीबाग, बोकारो, गुमला, जमशेदपुर, रामगढ़, धनबाद सहित अन्य राज्यों बंगाल,उड़ीसा व बिहार के भी सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे थे।इस दौरान सैलानियों ने यहां के मनोरम और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया।इस के अलावा 320 फीट की ऊंचाई से गिरते झरना के करीब जाकर मनमोहक नजारा देखने के लिए सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी।वैसे तो सैलानियों और पिकनिक मनाने वालों का आने-जाने का सिलसिला दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह से ही शुरू हो जाता है।सिकिदिरी थाना प्रभारी सचिन कुमार मिश्रा ने बताया कि साल के शुरू दिन हुंडरू फाल में सैलानियों की भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस काफी चौकस थी।कहा कि किसी अनहोनी घटना को लेकर पुलिस के साथ-साथ हुंडरू फाल की सुरक्षा में तैनात पर्यटक मित्रों की टीम को भी अलग-अलग डेंजर जोन वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया था।हुंडरू फाल पिकनिक के लिए आने वाले सैलानियों को डेंजर जोन की ओर जाने की मनाही, शराब के सेवन पर व प्लास्टिक की बनी चीजों के उपयोग पर सख्त पाबंदी थी।इन सब चीजों पर अंकुश लगाने को लेकर हुंडरू फाल की सुरक्षा में तैनात पर्यटक मित्रों, स्थानीय दुकानदारों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ 10 दिसंबर को ही सिकिदिरी थाना प्रभारी सचिन कुमार मिश्रा ने बैठक कर कई निर्देश दिए थे।झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद व संरक्षक बालेशवर बेदिया ने बताया कि 15 से 20 हजार पर्यटक हुंडरू फाल घूमने और पिकनिक मनाने पहुंचे थे।भीड़ इतनी थी कि हुंडरू फाल में पिकनिक मनाने के लिए जगह कम पड़ गई थी।पर्यटक फाल के पहले ही सड़क किनारे पिकनिक मनाते नजर आए।

## बेड़ो में उत्साह के साथ लोगों ने मनाया नये साल का जश्न


पारस डैम में पिकनिक मनाने वाले लोगों की लगी भीड़।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को नववर्ष 2026 की धूम रही। इसे लेकर लोग दिन भर उत्साहित रहे। सुबह से ही लोगों की टोलियां पिकनिक के लिए प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर जामटोली डैम,पारस डैम,करांजी डैम व हाथीदह समेत कई अन्य पिकनिक स्पाट पर पहुंचने लगे थे। इस दौरान लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया।पिकनिक मनाने के लिए युवाओं का जत्था गाजे-बाजे के साथ पिकनिक स्थल पहुंचा तथा अपने-अपने रुचि का भोजन तैयार कर पिकनिक मनाया। इस दौरान अपने-अपने घरों से निकलकर परिवार वाले भी अपने सभी स्वजन के साथ पहुंचे और पिकनिक मनाया। वहीं नव वर्ष की बधाई देने का सिलसिला भी जारी रहा। रात 12 बजे से आरंभ यह सिलसिला गुरुवार को दिन भर चलता रहा। इसके लिए व्हाट्सएप सबसे बड़ा माध्यम बना। व्हाट्सएप के माध्यम से एक दूसरे को नव वर्ष मंगलमय, तो कोई हैप्पी न्यू ईयर कह कर लिख कर एक दूसरे को बधाई देते रहे। कुल मिलाकर सभी लोग नए साल का आगाज अच्छे ढंग से करने में जुटे रहे। इसमें किसी ने भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रखंड में नए साल का पहला दिन पूरे इलाके के लिए शांतिपूर्ण रहा।

## खबर एक नजर में

### जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**तमाड़।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के झारखंड प्रदेश प्रभारी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल प्राचीनकालीन सोलहभुजी मां दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत झारखंड प्रदेश प्रभारी राजेश कुमार सिंह द्वारा मानव सेवा के तहत गरीब वृद्ध महिला एवं पुरुषों के बीच ठंड से बचाव हेतु कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर, शोषित एवं पीड़ित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना है। संगठन आगे भी लोगों के शोषण और उत्पीड़न के विरोध में लगातार कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें रांची, खूंटी एवं सरायकेला-खरसावां के समन्वयक बीकेश्वर महतो, खूंटी जिला अध्यक्ष आशुतोष पुरान, सचिव बिरसा मुंडा, उपाध्यक्ष दाशा मुंडा, कोषाध्यक्ष देवनंदन सिंह मुंडा, अड़की प्रखंड अध्यक्ष उदय साहू सहित राजकिशोर महतो, चंद्रकिशोर महतो, दिलेश्वर महतो, बिंदेश्वरी देवी, मनोरमा कुमारी एवं लालमनी देवी शामिल थे।

### बेड़ो के युवा समाजसेवी को पितृ शोक

**बेड़ो।** बेड़ो बड़ाईक चौक निवासी युवा समाजसेवी ईश्वर बड़ाईक के 71 वर्षीय पिता मोहन बड़ाईक का गुरुवार की सुबह लगभग पांच बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। इनके निधन से गांव में मातमी सन्नटा पसर गया। वे अपने पीछे पत्नी उगनी देवी पुत्र ईश्वर बड़ाईक,जीवन बड़ाईक एवं पोता पोती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गुरुवार की दोपहर में बेड़ो के मुक्तिधाम में मोहन बड़ाइक का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे ईश्वर बड़ाईक ने दी। इधर इनके निधन से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। इसके अलावा अंतिम संस्कार में लोगों की धर्म कांटी देने को लेकर भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम संस्कार में समाजसेवी सुमित्रा शर्मा, किशोर कुमार साहू, सिद्धेश्वर भारती, मनीष कुमार गुप्ता, मनोज उरांव, मनीष कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।

### मैक्लुस्कीगंज का साप्ताहिक बाजार चोरों का अड्डा बना, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के विकास नगर में लगने वाला साप्ताहिक बुध बाजार इन दिनों आम लोगों के लिए खरीदारी की जगह नहीं, बल्कि मोबाइल और मोटरसाइकिल चोरों का सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि लगभग हर सप्ताह किसी न किसी व्यक्ति का मोबाइल या बाइक चोरी हो रही है, लेकिन पुलिस की सक्रियता सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ रही है।सूचना के अनुसार, साप्ताहिक बुध बाजार से अब तक कई मोबाइल और दोपहिया वाहन चोरी हो चुके हैं, लेकिन एक भी मामले में ठोस खुलासा नहीं होना प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। बाजार में भीड़ का फायदा उठाकर चोर बेखौफ वारदात को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाएं कहीं न कहीं प्रशासनिक नाकामी को उजागर करती हैं। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह बाजार अपराधियों के लिए स्थायी सुरक्षित क्षेत्र बन सकता है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा।

### 100 गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**सिकिदिरी।** राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू की ओर से नव वर्ष के मौके पर सांडी में चाडू एवं कुटे पंचायत के विभिन्न गांवों में वृद्ध असहाय महिला- पुरुषों के बीच 100 कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा ओरमांझी मंडल अध्यक्ष शंकर महतो ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी व मनकी राजेंद्र शाही मुंडा ने कंबल का वितरण किया। अमरनाथ चौधरी ने बताया कि कडाके की ठंड को देखते हुए राज्य सभा सांसद ने कंबल का वितरण करने का निर्णय लिया है।

## सरकार ने शहीदों को नहीं दिया सम्मान : शिवा

**रातू।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप की अगुआई में आदिवासी एकता समिति, बनहोरा के पदधारी खरसावां पहुंचे और शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री कच्छप ने शहीदों को नमन करते हुये खरसांवा 1948 में हुये गोलीकांड को भारत के इतिहास में सबसे बड़ा नरसंहार बताया। यहां हजारों की संख्या में आदिवासियों को उड़ीसा मिलिट्री फोर्स ने 1 जनवरी को मौत के घाट उतार दिया था। गुनाह सिर्फ इतना था, कि वह उड़ीसा में शामिल नहीं होना चाहते थे। उन्होंने तत्कालीन बिहार की सीमा के अंदर नवगठित झारखंड में रहने की इच्छा जाहिर की थी। केंद्र सरकार के इशारे पर आंदोलनकारियों के खिलाफ फोर्स ने अंधाधुंध फायरिंग की। इससे हजारों लोग शहीद हो गये थे। श्री कच्छप ने कहा कि शोषण, अत्याचार व नरसंहार मुगल और अंग्रेज शासन में नहीं हुआ था। उन्होंने केंद्र सरकार पर आदिवासियों के अस्तित्त्व को मिटाने और संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाया। श्री कच्छप ने जोर देकर कहा कि राज्य बने 25 साल हो गये। लेकिन, खरसावां गोलीकांड के शहीदों को अब तक सम्मान नहीं दिया गया। परिजनों की भी कोई खोज खबर नहीं ली गयी। उन्होंने कहा कि शहीदों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर असम के कांग्रेस नेता स्टीफन लकड़ा, पंडरा के पूर्व मुखिया सुनील तिर्की, राम टाना भगत, पंडरा के ग्राम प्रधान लालू खलखो, सोनू लकड़ा व सिद्धांत तिर्की आदि मौजूद थे।

## गरीबों की मदद जारी है, जारी रहेगा : अमित मुंडा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में बढ़ती ठंड लोगों के रोजी रोजगार ओर जीवन पर अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। सभी लोग कंबल और गर्म कपड़ों में दुबक रहे हैं। इस कपकपाती ठंड में अपने वार्ड के लोगों के लिए लगातार 11वा दिन अपने वार्ड नं 04 के अंतर्गत ग्राम भरम टोली अटक क्लिनिक के समीप ओर नायक टोली, बड़गाई खेरवा कोचा, टैगोर हिल मोराबादी,बरियातू खजुरिया टोली, मोरहाबादी तेतर टोली, बनिया टोली, यीशु नगर, चिरौंदी वन वृद्धावन कॉलोनी, चिरौंदी बॉम्बे आवास के सभी बूढ़े बुर्जुग जरुरतमंद ग्रामीणों के लिए अमित मुंडा (भावी पार्षद प्रत्याशी) के द्वारा लगभग 1000 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उनका प्रयास है कि वे हर उस जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंच सके जो इस कनकनाती ठंड में एक गर्म कपड़ा का आश उम्मीद करते हैं।

## खलारी में स्व. देवेंद्र बाबू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, क्षेत्र में तनाव

### अनावरण के कुछ ही घंटे बाद असामाजिक तत्वों की करतूत, दो घंटे तक बाजार बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक चौक के पास स्थापित स्वर्गीय देवेंद्र बाबू की प्रतिमा को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मध्य रात्रि में क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना से पूरे खलारी और केडी क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों समर्थक आक्रोशित हो उठे और प्रतिमा स्थल के पास भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, स्व. देवेंद्र बाबू की 78वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का भव्य अनावरण कांके विधायक सुरेश बैठा द्वारा किया गया था। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि और समर्थक उपस्थित थे। दिन में विधिवत अनावरण के बाद देर रात अज्ञात लोगों ने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया।



**सुबह 6 बजे मिली सूचना, बालू में छुपाई गई थी प्रतिमा :** प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना सुबह लगभग 6 बजे स्व देवेंद्र बाबू के बेटा राजन सिंह राजा को दी गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में समर्थक मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि प्रतिमा को उसके स्थान से हटाकर पास ही बालू में छुपा दिया गया था। समर्थकों ने प्रतिमा को बाहर निकालकर गंगाजल से शुद्धिकरण व दूध से अभिषेक किया और पुनः उसी स्थान पर स्थापित किया।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, पहचान अब तक नहीं :** घटना की सूचना मिलते ही खलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बैंक चौक स्थित बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा प्रतिमा हटाते हुए दृश्य दिख रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी पहचान नहीं हो सकी है।

#### आक्रोशित समर्थकों ने दो घंटे तक खलारी का बाजार बंद कराया

घटना के विरोध में सैकड़ों समर्थकों ने केडी हिंदू गाड़ी चौक, खलारी शहीद चौक सहित अन्य इलाकों में दुकानों को बंद कराया। इस दौरान कुछ स्थानों पर दुकानदारों और बंद समर्थकों के बीच नोकझोंक की शिकायत भी सामने आई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। लगभग दो घंटे बाद बाजार पुनः खोला गया।

#### प्रखंड परिसर में प्रशासन व समर्थकों की बैठक

घटना के बाद खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ठ एवं थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो की अध्यक्षता में प्रखंड परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन ने आश्वासन दिया कि दोषियों की जल्द पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र की विधि-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

#### जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने घटना की कड़ी निंदा

घटना को लेकर विभिन्न जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उसी में खलारी विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने कहा स्व. देवेंद्र बाबू की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त करना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। यह केवल एक व्यक्ति की प्रतिमा पर हमला नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक विरासत, सम्मान और भावनाओं पर गहरा आघात है। हम मांग करते हैं कि प्रशासन तत्काल दोषियों की पहचान कर उन्हें कठोरतम सजा दे।

## नव वर्ष को लोगों ने भजन कीर्तन ओर पिकनिक के साथ मनाया



**सोनाहातू/राहे।** नव वर्ष को प्रखंड के लोगों ने उल्लास के साथ मनाया। सतिघाट पर्यटन स्थल में सुबह से ही लोगों की काफी भीड़ रही। बंगाल ओर झारखंड के लोग परिवार के साथ स्वर्ण रेखा नदी के सतिघाट पर पिकनिक मनाया।थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप के साथ पुलिस बल के साथ पिकनिक स्थल पर गश्ती करते रहे। राहे प्रखंड के मांझीडीह-कुबाडीह पूर्वकाम राम जानकी मंदिर परिसर में मनस प्रवक्ता रवि ठाकुर की टीम ने दिन भर भजन कीर्तन ओर रामायण पाठ किये। इसके अलावे राहे घाघ,कोकरो डैम, आदि जगहों में लोगों ने पिकनिक मनाया। थाना प्रभारी यसवंत कुमार सिंह के साथ पुलिस बल के साथ गस्ती करते रहे।


ज्ञापांक :– 06/पी०पी०ओ०/2025/63

**पुलिस वायरलेस मुख्यालय झारखण्ड, राँची**

दिनांक 31/12/2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या-02/पी0पी0ओ0/2025–26**

देवघर जिला के नगर थाना कैम्पस में अवस्थित वायरलेस कार्यालय के पास लगे दो टावरों (ऊँचाई क्रमशः 120 फीट एवं 100 फीट) एवं सी०सी०आर० कार्यालय पर स्थित VHF के टावर की (ऊँचाई छत से 60 फीट) पर तड़ित चालक (कॉपर वायर एवं अर्थ–पिट सहित) तथा Aviation Light लगवाने हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

वैसे उत्पादन कर्त्ता/विक्रेता/अधिकृत एजेंट निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है, जिनका GST रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो। निविदा दस्तावेज (Technical Specification के साथ) रू० 1000/–(एक हजार रुपये) मात्र अप्रतिदेय (Non Refundable) का बैंक ड्राफ्ट भुगतान कर झारखण्ड पुलिस वायरलेस मुख्यालय, लाईन टैक रोड, राँची 834001 के पी०पी०ओ० शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक (तकनीकी सेवाएँ एवं संचार) S.P.(Technical services and communication) के नाम होना चाहिए।

निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दि० 19.01.2026 समय 13:00 बजे।
निविदा समर्पित करने की अन्तिम तिथि दि० 20.01.2026 समय 11:00 बजे।
निविदा खोलने की तिथि दि० 21.01.2026 समय 11:00 बजे ।

महानिदेशक (संचार एवं तक० सेवायें), झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित है,कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढ़ा दें।

ह०– राकेश सिंह भा०पु०से०
पुलिस अधीक्षक (संचार एवं तकनीकी सेवायें),
झारखण्ड, राँची

PR 369824 Police Wireless Headquarter (25-26)_D

खबर मन्त्र

रांची. शुक्रवार .02 जनवरी 2026

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# पाक-चीन के साथ बांग्लादेश

पाकिस्तान से अलग हुए बांग्लादेश, पड़ोसी देश नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार सब पर भारत का रसूख बना हुआ था, जो अब लगभग खत्म हो चुका है। इन सब देशों के साथ संबंध अभी सामान्य हैं, लेकिन जो गर्माहट पहले हुआ करती थी, वो अब खतरे में है। खास तौर पर बांग्लादेश के साथ तो हमेशा से एक अपनापा रहा है। वहां का मुक्ति संग्राम भारत के कारण सफल हुआ। दोनों देशों का राष्ट्रगान रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लिखा है, इस बात पर भी नागरिकों को खुशी होती थी। दोनों देश पाकिस्तान की सैन्य तानाशाही के नुकसान देख चुके हैं। इसके अलावा अविभाजित भारत का हिस्सा होने के कारण सांस्कृतिक, भाषायी, धार्मिक इतिहास की साझेदारी भी रही है। लेकिन अब वही बांग्लादेश भारत को न केवल तोड़ने की धमकी दे रहा है, बल्कि खुलकर पाकिस्तान और चीन के साथ जाते हुए भारत के योगदान की अवहेलना भी कर रहा है। बुधवार को भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमिदुल्लाह को तलब कर ढाका में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता जताई थी। इसी पर बांग्लादेश की नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के सदर्न चीफ ऑगेर्नाइजर हसनत अब्दुल्लाह ने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था। इससे पहले अब्दुल्लाह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने की धमकी दे चुके हैं। बता दें कि दो महीने में यानी फरवरी 2026 में बांग्लादेश में आम चुनाव होंगे और एनसीपी ने हसनत अब्दुल्लाह को कुमिल्ला-4 से उम्मीदवार बनाया है। इसी कुमिल्ला में अब्दुल्लाह ने भारत विरोधी बातें कहीं, उन्होंने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था क्योंकि वह शेख हसीना को शरण दे रहा है। केन्द्र की सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए।




**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक :** पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी क्लेषचता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुम्भ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कृषि निर्यात में रिकार्ड बनाता देश और किसान

**पिछले** कुछ वर्षों के खाद्यान्न उत्पादन के भारतीय ट्रैक रिकॉर्ड को देखें तो भारत अपनी बढ़ती जनसंख्या को आराम से खिला सकता है और साथ ही साथ चावल और गेहूं का निर्यात भी कर सकता है। लेकिन इसके लिए भारत को कृषि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाना होगा ।पिछले सात दशकों में भारतीय कृषि ने कई मील के पत्थर पार किए हैं। हरित क्रांति ,पावर जेनरेशन, बुनियादी सुविधाओं और कृषि क्षेत्र में नवीन ज्ञान तकनीक अपनाकर भारत ने इस क्षेत्र में प्रगति की है ।

किन्तु आज भी किसानों की औसत मासिक आय इस समय 10218 है जो 2002 में 2115 की तुलना में अधिक है,पर संतोष जनक नहीं कहा जा सकता। बिहार ,झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा तेलंगाना ,उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में किसानों की औसत मासिक आय 10000 से भी कम है। देश के 50.2% किसान कर्ज में डूबे हुए हैं।

नये वर्ष में किसानों को एक उम्मीद है। भारत की पहचान एक कृषि प्रधान देश के रूप में रही है लेकिन देश के बहुत से किसान बेहाल है इसी के चलते पिछले कुछ समय में देश में कई बार किसान आंदोलनों ने जोर पकड़ा है। देश में कृषि भूमि का मालिकाना हक को लेकर विवाद सबसे बड़ा है ।असमान भूमि वितरण के खिलाफ किसान आवाज उठाते रहे हैं। जमीनों का एक बड़ा हिस्सा बड़े किसानों के पास है।

किसानों की एक बड़ी समस्या यह भी है कि उन्हें फसल पर सही मूल्य नहीं मिलता ,वहीं किसानों को अपना माल बेचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कोई किसान सहकारी केंद्र पर किसी उत्पाद को बेचना चाहे तो उसे गांव के अधिकारी से कागज चाहिए होगा ।ऐसे में कई बार कम पढ़े लिखे किसानों को औने- पौने दामों पर अपना माल बेचने के लिए मजबूर हो जाते हैं ।अच्छी फसल के लिए अच्छे बीजों का होना बेहद जरूरी है। लेकिन सही वितरण तंत्र ना होने के चलते छोटे किसानों की पहुंच में यह महंगे और अच्छे बीज नहीं आ पाते हैं। इसके चलते उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता और फसल की गुणवत्ता प्रभावित होती है । भारत का अधिकांश किसान मानसून की अनिश्चितता से प्रभावित है । पंजाब हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में सिंचाई के अच्छे इंतजाम हैं। लेकिन देश का एक बड़ा



हिस्सा ऐसा भी है जहां कृषि मानसून पर निर्भर है ।इसके इतर भूमिगत जल के गिरते स्तर ने भी लोगों की समस्याओं में इजाफा किया है ।तमाम मानवीय कारणों से तथा कुछ प्राकृतिक कारण किसानों की परेशानी को बाधा अच्छी परिवहन व्यवस्था की कमी भी है ।किसी भी व्यवसाय को पनपने के लिए पूंजी की आवश्यकता होती है ।तकनीकी विस्तार ने इस आवश्यकता को और बढ़ा दिया है? लेकिन इस क्षेत्र में पूंजी की कमी



\- सत्यनारायण गुप्ता

> अनेक कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी मान्यता देकर विश्व को राह दिखाना चाहिए ।क्योंकि अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस जैसे आधुनिक देशों के साथ पूरे विश्व के किसानों की हालत वर्तमान में अच्छी नहीं है ।उन्हें अपने फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है ।एम एस पी की अनिवार्यता को लेकर यह दावा करना कि इससे सरकार पर 12 से 17 लाख करोड़ का बोझ आएगा।

बढ़ा देते हैं ।वर्षा जल से होने वाला मिट्टी का क्षरण होता है इसके चलते मिट्टी अपनी उर्वरता खो देती है। मशीनों और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रयोग बड़े किसान करने में सक्षम हैं ।लेकिन छोटे और सीमांत किसान पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल करते हैं । हालांकि आधुनिक कृषि यंत्रों,खाद, किटनाशक आदि का अधिक प्रयोग भी दीर्घ काल के लिए घातक है।

भारत के ग्रामीण इलाकों में भंडारण की सुविधाओं की कमी है । ऐसे में किसानों पर जल्द से जल्द फसल का सौदा करने का दबाव होता है और और कई बार किसान औने -पौने दामों में फसल का सौदा कर लेते हैं। भारतीय कृषि की तरक्की में एक बड़ी बनी हुई है। छोटे किसान महाजनों व्यापारियों से ऊंची दरों पर कर लेते हैं । पिछले कुछ सालों में किसानों ने बैंकों से भी कर लेना शुरू किया है लेकिन हालात नहीं बदले हैं। किसानों की कर्ज माफी पर हाय-तौबा मचाने वाले अर्थशास्त्री उद्योग पतियों की कर्ज माफी और लाखों करोड़ रुपए के एनपीए पर क्यों मौन हो जाते हैं?

कितना दुर्भाग्य है कि भारत में प्रतिवर्ष 10000 से अधिक किसान आत्महत्या करते हैं। 1997 से 2006 के बीच 166304 किसानों ने आत्महत्या की है ।वर्ष 2019 में महाराष्ट्र में 2680,कर्नाटक में 1331, आंध्रप्रदेश में 1019 , तेलंगाना में 628 और पंजाब में 239 किसानों ने आत्महत्या की थी। 2020 में किसानों की आत्महत्या के मामले 4 प्रतिशत बढ़े हैं।

अनेक कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी मान्यता देकर विश्व को राह दिखाना चाहिए ।क्योंकि अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस जैसे आधुनिक देशों के साथ पूरे विश्व के किसानों की हालत वर्तमान में अच्छी नहीं है ।उन्हें अपने फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है ।एम एस पी की अनिवार्यता को लेकर यह दावा करना कि इससे सरकार पर 12 से 17 लाख करोड़ का बोझ आएगा। तथ्यात्मक रूप से गलत है यह सोचने वाली बात है कि जब केंद्र सरकार वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर कर्मचारियों का वेतन बढ़ाती है और उस पर 2 से ढाई लाख करोड़ का बोझ हो जाता है तब इस तरह के तर्क अप्रासंगिक हैं। फिर इस बात को नजरंदाज क्यों किया जा रहा है कि एम एस पी पर खरीदे गए सारे अनाज का सरकार मुफ्त वितरण तो नहीं करती, उसकी कुछ मात्रा बेचती भी है। फिर जनवितरण प्रणाली और मनरेगा आदि में लोगों को अनुदानित मूल्य पर अनाज उपलब्ध कराकर सरकार स्वयं इसका श्रेय लेती है तो किसानों को उनकी ऊपज का लाभ दायक मूल्य देने में इसे क्या परेशानी है ।इसी तरह मंडियों की व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है। किसानों को मंडी के पास जाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए , बल्कि मंडी को किसानों के नजदीक लाने की जरूरत है पूरे देश में महज 7000 मंडियां हैं जबकि 40000 मंडियों की जरूरत है । इसी तरह सहकारी व्यवस्था को भी आगे लाया जाना चाहिए। पंजाब व हरियाणा में किसानों की आय अधिक है क्योंकि यहां अधिकांश खरीद एमएसपी पर होती है ,जबकि पंजाब में बिकने के लिए बिहार जैसे राज्यों से अनाज जाता है । नइस बार हम किसानों की खुशहाली में अपने स्तर से भी योगदान देने का संकल्प लें।

कृषि व्यवसाय तथा किसानों का सम्मान करें तथा प्याज और टमाटर के भाव बढ़ने पर नाक-भौंह न सिकौडें। सरकार,आम जनता तथा किसानों को मिलकर मुंशी प्रेमचंद के इस कथन को गलत सिद्ध करने के लिए प्रयास करना होगा--₹भारतीय किसान गरीबी में जन्म लेता है, गरीबी में जीता है और गरीबी मेंही इस दुनिया को छोड़ देता है।

खास बात

## नदियों को जोड़ें

**वाजपेयीजी** के समय शुरू की गयी नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– विजय लकड़ा, कांके रांची**

## जीवन जी जीन

**एक** ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्यसी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है।

**– रविशंकर सिंह, रांची**

# नाम में ही नहीं विचारों में भी करना होगा बदलाव

**सुशील कुमार 'नवीन'**

व्यंग्य

**मॉर्निंग वॉक** में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले-आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।

कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले-आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले-मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

श्रीचन्द ने दोनों हाथ जोड़े और कहा-भाई, गलती हो गई, जो आपसे सलाह मांग ली। आपने तो बात को सुलझाने की जगह इसे और उलझा कर छोड़ दिया। मुझे खुद ही इस बारे में कोई निर्णय लेना पड़ेगा। यह कहकर वो वहां से निकल गए। मुझे उनसे इस प्रत्युत्तर की उम्मीद कतई नहीं थी।

आप ही बताओ मैंने क्या गलत कहा। जब 'बिल्लू बारबर' फिल्म पर विवाद हुआ तो बारबर हटा 'बिल्लू' कर दिया। पद्मावती 'पद्मावत' बन गई। रैम्बो राजकुमार 'आर राजकुमार' बन गया। मेंटल है क्या ने ''जजमेंटल है क्या' का रूप धर लिया। लवरात्रि को 'लवयात्री' तो रामलीला को 'गोलियों की रासलीला-रामलीला' बना दिया। इससे कुछ फर्क पड़ा। कहानी वही, पात्र वही रहे। फेरबदल सिर्फ नाम का और कुछ नहीं। ताजा उदाहरण 'लक्ष्मी बॉम्ब' का है। विवाद हुआ तो बॉम्ब हटा 'लक्ष्मी' नाम कर दिया गया है वो भी स्पेलिंग बदलकर। अब इससे क्या फर्क पड़ेगा। जब नाम बदलने से कहानी में, थीम में फर्क ही नहीं पड़ रहा तो नाम बदलना क्या जरूरी है। बदलना है तो विचार बदलें। नाम तो लोग अपने आप धर लेंगे।

# रेलवे का एक वित्त वर्ष में दूसरी बार यात्री किराया बढ़ाकर राजस्व में सुधार का प्रयास

सामयिक

**भारतीय** रेलवे का रेलवे द्वारा यात्री किराए में बढ़ोतरी की गई जिससे वित्त वर्ष 2026 में अतिरिक्त आय प्राप्त होगी और परिचालन सुधार के प्रयास किए गए, लेकिन संरचनात्मक चुनौती बनी रहेगी

इस वित्त वर्ष में रेल यात्री किराये में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है जो 26 दिसंबर से लागू हुई है। यह बढ़ोतरी भारतीय रेल की परिचालन दक्षता में सुधार की मंशा को दशार्ती है। इस कदम के परिणामस्वरूप रेलवे से जुड़े प्रमुख शेयरों में लगभग 10 फीसदी तक की वृद्धि हुई, क्योंकि बेहतर राजस्व की संभावना को लेकर उम्मीदें बढ़ीं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि वर्तमान बढ़ोतरी कोई सार्थक अंतर पैदा करेगी या रेलवे वित्त में गहराई से जमी संरचनात्मक दिक्कतों को दूर कर ?पाएगी।

रेलवे ने इस वृद्धि को सामान्य बताया है और इसे यात्रियों पर न्यूनतम बोझ डालने के लिए संतुलित किया गया है। इसी उद्देश्य से, उपनगरीय और मासिक सीजन टिकट तथा 215 किलोमीटर तक की दूरी के लिए सामान्य श्रेणी का किराया पहले जैसा ही रखा गया है। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित तथा गैर-वातानुकूलित श्रेणियों का किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ेगा। साधारण ट्रेनों में गैर-वातानुकूलित यात्रा के लिए 215 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ेगा।

रेलवे को उम्मीद है कि ताजा बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2026 में 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी, जो इससे पहले की बढ़ोतरी से प्राप्त 1,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त होगी। हालांकि यह अतिरिक्त राजस्व आवश्यक है, लेकिन इससे रेलवे की आय की मूल संरचना में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रेलवे की 60 फीसदी से अधिक आय माल भाड़े से आती है। साथ ही, परिचालन अनुपात (परिचालन व्यय बनाम यातायात आय का अनुपात), जो 98 फीसदी के आसपास है, उसमें में भी कोई महत्त्वपूर्ण सुधार नहीं होगा।

किराया बढ़ोतरी से पहले, यात्री किराए पर होने वाली हानियां जिन्हें मुख्यतः रेलवे की सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के रूप में देखा जाता था, टिकट लागत के 40 फीसदी से अधिक थीं। इस घाटे की भरपाई माल भाड़े से होती है, जो रेलवे के थोक परिवहन पर लगभग एकाधिकार से प्राप्त होता है। विडंबना यह है कि यह क्रॉस-सब्सिडी निजी क्षेत्र के सड़क परिवहन नेटवर्क की निरंतर घटती बाजार हिस्सेदारी पर निर्भर है।

आज रेलवे का माल परिवहन बाजार



में 27 फीसदी हिस्सा है और इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2031 तक अपने हिस्से को बढ़ाकर 45 फीसदी करना है। समस्या यह है कि यह लक्ष्य दो कमजोरियों पर आधारित है। पहला, कोयला ढुलाई राजस्व का आधे से अधिक हिस्सा है जो 2015-16 में 45 फीसदी थी। कोयले पर यह बढ़ती निर्भरता अब मध्यम अवधि के जोखिम के रूप में देखी जा रही है क्योंकि जलवायु परिवर्तन से संबंधित अकार्बनीकरण लक्ष्यों को गति मिल रही है।

दूसरा, तैयार धातु, रसायन, कृषि उत्पाद आदि जैसे अन्य उच्च-मूल्य वाले सामान की बजाय जिंसों पर ध्यान केंद्रित करने से माल राजस्व सीमित हो गया। पंजाब से बिहार और नवी मुंबई से नोएडा तक दो लगभग पूर्ण समर्पित माल गलियारे, जिनका उद्देश्य उच्च मांग वाले मार्गों पर भीड़भाड़ की समस्याओं को हल करना है, अभी तक रेलवे के माल परिवहन हिस्से में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं ला पाए हैं।

राजस्व के लिए दबावग्रस्त माल क्षेत्र पर निर्भरता ने रेलवे को उसकी कठोर लागत संरचना के कारण एक अस्थिर स्थिति में ला दिया है। राजस्व व्यय का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर जाता है। यह आंकड़ा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद और बढ़ सकता है। बढ़ती ऋण देनदारी और ईंधन लागत के साथ मिलकर, रेलवे का राजस्व व्यय आंतरिक राजस्व प्राप्तियों का लगभग 99 फीसदी हो जाता है, जिससे पूंजीगत व्यय के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचता।

इससे रेलवे विस्तार, आधुनिकीकरण और सुरक्षा ढांचे पर खर्च के लिए बजटीय सहायता और बढ़ते उधार पर अत्यधिक निर्भर रहता है, जो लंबे समय में अस्थिर है। खुद को विश्वस्तरीय उपयोगिता में बदलने के लिए, रेलवे को अपने वर्तमान मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा, जिसमें सामाजिक दायित्वों और वाणिज्यिक जवाबदेही के बीच संतुलन बनाया जाता है।

# रिया सिंह ने हजारीबाग के डीडीसी का पदभार संभाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** नए वर्ष के पहले दिन गुरूवार को जिले में दो महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर नए अधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में किए गए बड़े तबादले के तहत ये नियुक्तियां हुई हैं, जिससे जिले के विकास और नगर प्रशासन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। हजारीबाग के नए उप विकास आयुक्त (डीडीसी) रिया सिंह (भाप्रसे) ने पदभार ग्रहण किया। रिया सिंह ने गुरूवार को हजारीबाग जिले के उप विकास आयुक्त के पद पर प्रभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण के तुरंत बाद उन्होंने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट की और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। श्रीमती सिंह एक अनुभवी आईएएस अधिकारी हैं, जिन्होंने पहले विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उनकी इस नई जिम्मेदारी से जिले में ग्रामीण विकास, योजना कार्यान्वयन और जनकल्याणकारी योजनाओं को और अधिक गति मिलने की अपेक्षा की जा रही है।

## ओम प्रकाश गुप्ता ने नगर आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



नगर निगम के नए नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता (भाप्रसे) ने भी पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें नगर निगम की कार्य प्रणाली, चल रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। नगर आयुक्त की नियुक्ति से शहर की सफाई, बुनियादी ढांचे के विकास, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जगी है।

## हजारीबाग सदर को मिला नया अनुमंडल पदाधिकारी



हजारीबाग । झारखंड कैडर के युवा आईएएस अधिकारी आदित्य पांडेय ने गुरूवार को हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। यह पदभार ग्रहण जिले के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि लगभग डेढ़ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हजारीबाग सदर को एक पूर्णकालिक और नियमित एसडीओ मिला है। इससे पहले यह अनुमंडल पदाधिकारी का प्रभार जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वैद्यनाथ कामती के पास अतिरिक्त प्रभार के रूप में था। लंबे समय तक अतिरिक्त प्रभार चलने के कारण प्रशासनिक कार्यों में कुछ चुनौतियां आईं थीं, जिसे अब नए एसडीओ के पदभार ग्रहण के साथ नई गति और दिशा मिलने की उम्मीद है। आदित्य पांडेय झारखंड सरकार द्वारा बीते वर्ष की 31 तारीख को जारी किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत हजारीबाग सदर एसडीओ बनाए गए थे। इस तबादले में कुल 15 आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण हुए थे, जिसमें कई प्रमुख जिलों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई। श्री पांडेय एक युवा, ऊर्जावान और मेहनती अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उनका पदभार ग्रहण हजारीबाग जिले के विकास, कानून-व्यवस्था, राजस्व प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर नए सिरे से काम करने की शुरूआत मानी जा रही है। जिले के विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने नए एसडीओ को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में अनुमंडल स्तर पर जनसेवा में और अधिक सुधार देखने को मिलेगा।

## हजारीबाग : अंजनी कुमार झा ने डीआईजी का किया पदभार ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड पुलिस में बड़े पैमाने पर हुए तबादले और प्रोन्नति के तहत अंजनी कुमार झा (भारतीय पुलिस सेवा) ने गुरूवार को हजारीबाग के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर औपचारिक रूप से प्रभार ग्रहण कर लिया। यह नियुक्ति झारखंड सरकार द्वारा बीते 31 दिसंबर को जारी किए गए प्रमुख आईपीएस फेरबदल का हिस्सा है, जिसमें कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

पदभार ग्रहण समारोह के दौरान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने नए डीआईजी को पुष्पगुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी नए डीआईजी का स्वागत किया। बता दें कि अंजनी कुमार झा (2012 बैच के आईपीएस अधिकारी) इससे पूर्व झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग के उप-निदेशक के पद पर तैनात थे। उनकी इस नई जिम्मेदारी में हजारीबाग रेंज (जिसमें हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा आदि क्षेत्र शामिल हैं) की समग्र कानून-व्यवस्था, नक्सल विरोधी अभियान, अपराध नियंत्रण एवं पुलिस बल की क्षमता वृद्धि पर विशेष फोकस रहने की उम्मीद है। झारखंड सरकार के इस बड़े प्रशासनिक बदलाव से राज्य में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए डीआईजी की नियुक्ति से जिलेवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत होने की अपेक्षा की जा रही है।

# आयुक्त पवन कुमार व अवर सचिव राकेश कुमार को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त पवन कुमार और अवर सचिव राकेश कुमार के सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्रमंडलीय कार्यालय के सभा कक्ष में एक भावभीनी एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के लंबे प्रशासनिक सफर, कुशल नेतृत्व, ईमानदारी, अनुशासन और जनहित में किए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने उन्हें संवेदनशील एवं आदर्श प्रशासन का जीवंत उदाहरण बताया।



आयुक्त ने अपने 33 वर्षों के सेवाकाल को नदी की धारा से तुलना करते हुए कहा कि यदि मैं अपने सेवाकाल को नदी की धारा के रूप में देखूं, तो आज का दिन ऐसा लगता है मानो वह धारा मुझे एक किनारे पर लाकर खड़ा कर गई हो। इस किनारे पर खड़े होकर पीछे मुड़कर देखता हूं तो अनुभव होता है कि यह यात्रा केवल कार्यों की नहीं बल्कि अनुभवों, सीख और सहयोग की रही है। कार्य की शुरूआत में अनुभव नहीं होता, अनुभव तो कार्य करते-करते ही प्राप्त होता है और वहीं से पूर्णता का मार्ग भी प्रशस्त होता है। आज मैं सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिनके सहयोग से यह यात्रा सार्थक बन सकी।

अवर सचिव राकेश कुमार ने अपने संबोधन में प्रशासनिक सेवा को समाज सेवा का सुनहरा अवसर बताते हुए कहा कि कई बार नियमों के सही अनुपालन न होने से कार्य का मूल उद्देश्य अधूरा रह जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्य के मूल उद्देश्य को समझते हुए सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वयन किया जाए, तभी जनहित में वास्तविक लाभ पहुंच पाएगा। उन्होंने सहकर्मियों के सहयोग को अविस्मरणीय बताते हुए सभी को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी प्रशासन जनसेवा के मूल मंत्र पर अडिग रहेगा।

## एक नजर में

### टाटीझरिया में धूमधाम से मना नया साल



**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के सीझूआ झरना, सिवाने नदी, बौधा डैम, अरघवा नदी समेत अन्य विभिन्न स्थलों में खैरा झरपो भराजो ,डूमर धर्मपुर डहरभंगा पंचायत बेडम आठों पंचायत के विभिन्न पिकनिक स्थलों में शैलानियों ने हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने परिजनों संग एक दूसरे को अंग्रेजी के नव वर्ष 2026 की आगमन पर कोई नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं तो कोई हैपी न्यू ईयर कहकर एक दूसरे बधाई संदेश दिया। और पिकनिक स्पोर्ट्स में लोगों ने विभिन्न व्यंजन मिठाई का स्वाद आनंद लिया। वही क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पिकनिक मना रहे लोगों से टाटीझरिया थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार ने क्षेत्रवासियों को नव वर्ष के अवसर हार्दिक शुभकामनाएं दिया। और क्षेत्र वासियों से आग्रह किया कि अंग्रेजी के नव वर्ष 2026 को आपसी भाई चारे के साथ मनाए। साथ ही पिकनिक स्थलों में टाटीझरिया पुलिस प्रशासन के गस्ती दल साथ शांति व्यवस्था बनाने को लेकर देखे गए।

### नववर्ष पर मंदिरों और पार्कों में उमड़ी भीड़



**रामगढ़।** नये साल पर रामगढ़ जिला के मंदिर और पार्क गुलजार रहे। नये वर्ष पर रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर, टूटी झरना मंदिर, माया टुंगरी मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना के साथ नये वर्ष की शुरूआत की।


साथ ही मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क, रामगढ़ के ब्रिगेडियर पूरी पार्क और पतरातू डैम भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और नये वर्ष का जश्न मनाया। इस दौरान बच्चे और युवा उत्साहित दिखे। पतरातू डैम में नये वर्ष पर बड़ी संख्या में लोगों ने बोटिंग किया।



### कुजू में पिकनिट स्पॉटों पर उमड़ी भीड़



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में गुरूवार को नये वर्ष का स्वागत जोरदार तरीके से हुआ। इस दौरान लोगों ने बुधवार की मध्य रात्रि से ही नये साल का स्वागत किया। लोगों ने पटाखे छोड़ते हुए नव वर्ष का स्वागत धूमधाम से तरीके से किया। इधर सुबह में क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों पर पर लोगों की भीड़ रही। वहीं चौक-चौराहों में मीठ-मुर्गे सहित सब्जी दुकानों में समान खरीदने के लिए लिए लोग नजर आये। साथ ही पिकनिक स्पॉटों पर लोगों ने जमकर डीजे पर थिरके।



# पुराने साथियों के साथ दिखे अरविंद कुमार

**भुरकुंडा(रामगढ़)।** औरंगाबाद जिले के बारूण प्रखंड अंतर्गत खैरा पंचायत के उप-मुखिया, वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष एवं बिहार प्रदेश संयोजक अरविंद कुमार ने नए साल के अवसर पर झारखंड के रामगढ़ जिला अंतर्गत भुरकुंडा क्षेत्र में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अपने पुराने राजनीतिक साथियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर वर्षों पुरानी यादों को ताजा किया। सैकड़ों सहयोगियों के बीच भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जहां सभी ने एक-दूसरे की



खुशहाली और प्रगति की कामना की। मौके पर अरविंद कुमार ने बिहार में होने वाले पंचायत आम चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन मॉडल और पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के कड़े निर्देशन व निगरानी में यह चुनाव पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और नियमों के अनुपालन के साथ संपन्न होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार पंचायत चुनाव काफी दिलचस्प होंगे, क्योंकि वही उम्मीदवार सफल होंगे जिनके पास वास्तविक और मजबूत जनाधार होगा। अरविंद कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर मतदाताओं को गुमराह करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। चुनाव के दौरान गलत सूचना फैलाने या भ्रामक प्रचार करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ और निष्पक्ष बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि बिहार में पहली बार पंचायत चुनाव मल्टी-पोस्ट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से कराए जाएंगे। ग्राम पंचायत के छह पद मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, पंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य–के लिए अलग-अलग बैलेट यूनिट वाली ईवीएम का उपयोग होगा। मौके पर मनोज कुमार सिंह, अजय साहू, बिहारी मांझी, रमेश, संतोष, सत्यनारायण ठाकुर,सोनू ठाकुर, कुमार आलोक, दीपक कुमार, दुर्गविजय भारद्वाज, अजय, अमीत साहू, अनुप सिंह, रितेश मिश्रा,बबन, बबलू साव, बंटी, बडकु, ब्यास मुखिया,दीपक पांडेय, गुडन अमीत, जितेन्द्र सिंह, किशुन नायक,कौशल सिंह, मनोज मंगल चौधरी, बैधनाथ यादव, मुकेश राउत, निरंजन सिंह, सुमित पाठक, पवन,पवन सोनी, राजन राउत, राणा भट्टाचार्य, शंकर मांझी,शत्रुध्न सोनी, रंग बहादुर सिंह, शिवलाल मांझी, सुनिल यादव,जसपाल सिंह, कामाख्या, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल के लोगों ने नववर्ष का जमकर उठाया लुत्फ

- लजीज व्यंजनों का लिया आनंद, नये साल की दी बधाई
- पतरातू डैम में उमड़ा जन-सैलाब, नाव और बोट से

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नववर्ष 2026 को लेकर कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को पिकनिक की धूम रही। इस दौरान लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों के साथ मनोहारी नृत्य और संगीत के बीच अपने आप को सराबोर करते दिखें। मालूम हो कि पतरातू डैम की पहचान एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट के रूप में की जाती है। यहां जलाशय बाहें फैलाए सैलानियों का इंतजार करते रहती है। प्रत्येक नये वर्ष के अवसर पर इस जलाशय पर पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों लोग आया करते हैं। छुट्टियों और नये वर्ष के अवसर पर हजारों की



संख्या में सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर अपनी थकावट को दूर करने के साथ-साथ हसीन वादियों के बीच पिकनिक मानने का भी लुत्फ उठाते हैं। इधर दिसंबर माह से पतरातू डैम में रामगढ़, रांची, गिद्दी, रेलीगढ़ा, उरीमारी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा डी, रीवर साईड, चिकोर, पाली, निम्मी, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, जवाहर नगर, पगला आश्रम, लपंगा, चैनगडा, बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगी व बासल सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग नववर्ष 2026 के




आगमन के अवसर पिकनिक में लजीज व्यंजनो का जमकर आनंद लिया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं आईएजी डैम, दोमुहानी, रीवर साईड दामोदर नदी तट सहित अन्य क्षेत्रों के नदी और तालाबों में लोगों ने नववर्ष का जमकर लुत्फ उठाया। लोग सुबह ही अपने-अपने घरों से पिकनिक स्पॉटों के लिए निकले जहां जमकर मौज-मस्ती की। साथ ही लोगों ने नाव व बोट के माध्यम से पतरातू डैम भ्रमण का भी जमकर आनंद लिया। वहीं कई जगह पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने गीत संगीत और नृत्य के माध्यम से नए साल को यादगार बना दिया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में चौक-चौराहों सहित पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस-प्रशासन दल-बल के साथ मुस्तैद दिखी। प्रेस क्लब का जर्नलिस्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह कहते हैं कि पिकनिक मौज-मस्ती करने का बेहतर जरिया होता है। पिकनिक के दौरान लोग एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं, जहां सिर्फ मौज-मस्ती व खाने-खिलाने का दौर चलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से मन आनंदित और प्रफुल्लित होकर आत्मसंतुष्टि से ओत-प्रोत हो जाता है। साथ ही पिकनिक दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर भी देता है। पिकनिक के जरिए आपसी भाईचारगी तो प्रगाढ़ होती ही है मन आनंदित एवं फ्रस्टेशन कम हाने के साथ-साथ कई बेहतरिंग यादों को संजोने का भी मौका मिलता है। श्री सिंह ने कहा कि पिकनिक तरोताजा व आनंदित होने का एहसास तो कराता ही है, यह आपसी प्रेम व भाईचारगी को और प्रगाढ़ भी करता है।

स्पीड न्यूज

### साल के पहले दिन संत एंथोनी चर्च में प्रार्थना

**धनबाद।** नए साल के उपलक्ष्य में गुरुवार की सुबह संत एंथोनी चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबियों ने भाग लिया। शुरूआत प्रार्थना गीतों से हुई। शिलांग से आए फादर सुनील बरला ने अपने उपदेश में कहा कि आज वर्ष का पहला दिन अर्थात 1 जनवरी है जब हम एक साथ इतनी भारी मात्रा में एकत्रित होकर पिता ईश्वर को धन्यवाद देने के साथ-साथ उनसे यह फरियाद करते हैं की आज के दिन से लेकर आगे आने वाले प्रत्येक दिनों में प्रभु यीशु हमारे साथ रहें, हमारी अगवाई करें और हमारी रक्षा रखवाली करें। धन्यवाद देने का काम किसी एक दिन का नहीं है बल्कि यह प्रतिदिन और निरंतर करने का है। हमें चाहिए कि हम सुख हो या दुख हो पिता ईश्वर पर अपना भरोसा बनाए रखें तथा उनकी आज्ञाओं का बखूबी से पालन करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपनी खुशियों को दूसरों के साथ अवश्य बंटनी चाहिए और गवाही देनी चाहिए। ऐसा करने से दूसरे लोग भी प्रेरित होंगे और पिता ईश्वर को धन्यवाद देने वाले बनेंगे। प्रार्थना सभा के अंत में सब होने एक दूसरे को हाथ मिलाकर तथा गले मिलकर नववर्ष की शुभकामना दी।

### प्रेम को मिला नियुक्ति पत्र, रजरप्पा में की पूजा

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के चलकरी उत्तरी पंचायत के निवासी सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी शंकर नायक के पुत्र प्रेम कुमार नायक ने जेएसएसएसी सीजीएल के लिए इस वर्ष निकले फाइनल रिजल्ट में सफल अभ्यर्थियों की सूची में 29 वें नंबर में शामिल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बुधवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उनका नियुक्ति श्रम अधीक्षक कृषि श्रमिक धनबाद में हुई। प्रेम ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत के साथ-साथ माता-पिता व पूरे परिवार तथा गुरुजनों को दिया है। पिता शंकर नायक और मां चिंता देवी ने बेटे की सफलता से फूले नहीं समा रही। नव वर्ष पर गुरुवार को पूरे परिवार के साथ रजरप्पा मां छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर परिवार की कुशल मंगल की कामना की। मौके पर भाजपा फुसरो नगर मंडल के निवर्तमान महामंत्री टुनटुन तिवारी,जमसं बीएंडके क्षेत्रीय अध्यक्ष राहुल कुमार मौजूद थे।

### दंगवार ओपी पुलिस ने की एंटी क्राइम चेकिंग

**पलामू।** जिला के हुसैनाबाद मे नववर्ष के पहले दिन क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हुसैनाबाद के दंगवार ओपी पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। दंगवार ओपी झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है और संवेदनशील होने के कारण पुलिस ने पूरी सतर्कता बरती है। ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस बल ने दंगवारझजपला मुख्य सड़क पर वाहन जांच और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। बिना हेलमेट, वाहनों के डिक्की, ट्रिपल राइडिंग, तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी गई। साथ ही क्षेत्र में गश्त और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी तेज कर दी गई है। सोनू गुप्ता ने बताया नववर्ष के मद्देनजर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया गया है। अगर किसी असामाजिक तत्व द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया गया, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अपील किया है की नागरिक नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### पाटन प्रखंड में नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया

**पाटन, पलामू।** पाटन प्रखंड में नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। नये वर्ष को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह होते ही मंदिरों देवालयों में लोगों की भीड़ पुजा अर्चना करने को लेकर उमड़ पड़ी थी। नये वर्ष को लेकर युवाओं बच्चों में काफी उत्साह था। नदियों समेत जलाशयों में पिकनिक की धुम मची रही। नये वर्ष पर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देते रहे । सड़कें विरान रही। चिकन मटन की दुकानों में काफी भीड़ देखी गयी। नये वर्ष को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

# जमशेदपुर में 6000 करोड़ से अधिक निवेश करेगी टाटा स्टील

## नववर्ष पर केक कटिंग समारोह में पत्रकारों से बात करते हुए बोले सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन

**विशेष संवाददाता/सत्येन्द्र कुमार**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड जमशेदपुर में अपनी डाउन स्ट्रीम प्लांटों के विस्तार एवं स्टील प्लांट में न्यू एज टेक्नोलोजी के जरिए आधुनिकीकरण पर निवेश जारी रखेगी। आपको मालूम होना चाहिए कि मात्र 1800 एकड़ जमीन पर टाटा स्टील जमशेदपुर प्लांट अवस्थित है जिसकी उत्पादन क्षमता हम एक मिलियन टन से बढ़ाते हुए 11 मिलियन टन सालाना कर चुके हैं। अब इससे ज्यादा उत्पादन विस्तार यहां नहीं हो सकता। इसलिए शहर में निवेश के लिए सहयोगी कंपनियों में निवेश किया जा रहा है।

टाटा ब्लूस्कोप लिमिटेड में ब्लूस्कोप लिमिटेड,आस्ट्रेलिया की हिस्सेदारी टाटा स्टील खरीद कर अब इससे शत प्रतिशत सहयोगी कंपनी बना चुका है। इसके अलावा टिनप्लेट कंपनी के विस्तार पर 2000 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं जबकि आइएसडब्ल्यूपी में करीब 2000 करोड़ की लागत से आधुनिक कॉम्बी रॉड मिल स्थापित किया गया है जहां उच्च गुणवत्ता वाला लांग प्रोडक्ट उत्पादित होगा।

उक्त जानकारी टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने नववर्ष का केक काटने के पश्चात सेंटर फॉर एक्सीलेंस में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने बताया कि ब्लास्ट फर्नेस में नयी इजी मेल्ट टेक्नोलोजी लायी जा रही है जिसके चलते कोक की खपत 30 प्रतिशत तक कम हो जायेगी। यह तकनीकी एचएसएम जर्मनी सहयोग से स्थापित की जा रही है। इस पर 3000 करोड़ रुपये निवेश होगा। दूसरा टाटा स्टील नीदरलैंड में अवस्थित 60000 टन का पैलेट प्लांट की तर्ज पर जमशेदपुर में भी एक प्लांट लगायेंगे। 2000-3000 करोड़ इसमें भी निवेश होगा। जमशेदपुर का प्लांट मात्र 1800 एकड़ में 11 मिलियन टन स्टील उत्पादन कर रहा है जो देश में इतनी कम जमीन पर सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला प्लांट है इसलिए जमशेदपुर में कंपनी उत्पादन विस्तार की जगह न्यू एज टैक्नोलोजी और डाउन स्ट्रीम सेक्टर में निवेश करने जा रही है।

- नया निवेश अब न्यू एज टैक्रोलोजी और डाउन स्ट्रीम सेक्टर में होगा
- लेबर इंटेसिव से कैपिटल इंटेंनसिव हो गया स्टील सेक्टर, इसलिए रोजगार के अवसर कम

भारतीय बाजार की बात करते हुए टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारत में इस्पात की मांग मजबूत बनी हुई है। यह हमारे देश के ग्रोथ के लिए अच्छा है। ,हमारे देश में इस्पात की खपत 10 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही है। यानी हर साल 10 से 15 मिलियन टन स्टील की खपत बढ़ रही है। इसे देखते हुए स्टील सेक्टर में नये नये निवेश हो रहे हैं। इस्पात कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा रही हैं। टाटा स्टील कलिंगानगर की उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन बढ़ गया है। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू, जेएसडब्लयूपी समेत तमाम कंपनियां उत्पादन क्षमता ब ढ़ा रही हैं। जहां तक निर्यात बाजार की बात है तो यह अच्छा नहीं चल रहा है। चीन में कंस्ट्रक्शन उद्योग में सुस्ती के चलते वह ज्यादा से ज्यादा स्टील का सस्ती दर पर निर्यात कर रहा है। चीन हर साल 100-110 मिलियन टन स्टील अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सस्ती दर पर ढकेल रहा है। जरा सोचिए, भारत की सालाना स्टील उत्पादन क्षमता ही 150 मिलियन टन है। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मिडिल इस्ट हो, साउथ इस्ट एशिया या यूरोप हो अथवा जो भी विदेशी बाजार हो जहां हम स्टील का निर्यात करते थे, सस्ते चीनी स्टील के चलते टाटा स्टील को अपने हाथ खींचने पड़े हैं क्योंकि वहां मार्जिन ही नहीं बन पा रहा है। स्वदेशी बाजार में खपत बढ़ रही है किन्तु स्टील का दाम उतना ही है जितना पांच वर्ष पहले था। यानी भारत में स्टील खूब बिक रहा है किन्तु बहुत कम मुनाफा हो रहा है। खपत के साथ मुनाफा भी जरुरी है क्योंकि अकेले टाटा स्टील हर साल भारत में 12000 करोड़ रुपये निवेश करती है जबकि पूरा स्टील सेक्टर देश में सालाना 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश कर रहा है। आप सभी जानते हैं कि स्टील कैपिटल इंटेंसिव आधारित सेक्टर है, और कम मार्जिन इस्पात कंपनियों की मजबूती को प्रभावित करता है। नरेंद्रन ने इस बात पर खुशी जतायी कि केंद्र सरकार ने स्टील पर सेफ गार्ड डयूटी तीन साल के लिए लगा दी है। इससे थोडी राहत मिलेगी।

नरेंद्रन से यह पूछे जाने पर कि चीन के स्टील सेक्टर की चुनौती को भारत कैसे बराबरीकर सकता है? उन्होंने कहा कि इंडियन स्टील प्लांट के भीतर प्रतिस्पर्द्धी हैं। प्लांट से बाहर



नववर्ष पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।

ढ़लाई खर्च को नियंत्रित करना हमारे वश में नहीं है। जमशेदपुर से मुंबई माल भेजने में 70 डॉलर प्रति टन खर्च आता है जबकि चीन से स्टील मंगाने पर ढुलाई खर्च 30 डॉलर प्रति टन है। खुशी की बात है कि सरकार अब रेलवे, पोर्ट पर काफी निवेश कर रही है, उनका विकास कर रही है। चीन को देखा जाए तो वहां पहले इंफ्रास्ट्रक्चर रेल और पोर्ट के विकास का काम किया गया तब स्टील प्लांट आया। भारत में इसके उलट हुआ है। इसके चलते हम चीनी कंपनियों का बाजार में सामना नहीं कर पा रहे। दूसरी बात कि विगत 10 - 15 साल से चीनी स्टील कंपनियों का प्रोफिटेबिल्टी यानी मुनाफा 5 प्रतिशत से अधिक नहीं रहा है। इस प्रोफीट में निवेश करके भारतीय स्टील कंपनियां ग्रो नहीं कर सकती है। हमारा कहना है कि चीनी स्टील कंपनियों के लिए बाजार का खेल अलग है, हमारे लिए अलग है। हमें देखना है कि आखिर आयरन ओर से लेकर अन्य खनिज होते हुए भी हम चीन की बराबरी क्यों नहीं कर पा रहे। स्टील ही नहीं, कार सेक्टर को ही लीजिए, वो बहुत सस्ती कार बना रहे हैं। इंपोर्ट डॅयूटी नहीं लगेगा तो हमारे उद्योग कैसे बचेगा, रोजगार कैसे सुरक्षित रहेगा, यह सोचना है।

टीवी नरेंद्रन ने आगे कहा कि प्रतिस्पर्द्धा के लिए उत्पादकता बढ़ाना भी जरुरी है। टाटा स्टील की उत्पादकता प्रति कर्मचारी 1000 टन है जबकि पॉस्को का प्रति कर्मचारी उत्पादकता 2000 मिलियन टन है। जहां तक स्टील सेक्टर की बात है तो यह कैपिटल आधारित सेक्टर है जबकि टेक्सटाइल्स व इलेक्ट्रॉनिक्स इडस्ट्री लेबर इंटेंसिव है वहां काफी जॉब आता है।

सीओटू इमिशन टैक्स लगाये जाने के बारे में पूछने पर टीवी नरेंद्रन ने कहा कि इस पर हम यूरोप पर पहले से काम कर रहे हैं और इसका हमें अच्छा अनुभव है। भारत सरकार ने हाल में शुरु किया है। यूरोप में कस्टमर लो सीओटू स्टील के लिए प्रीमियम देता है। भारत में यह अभी माहौल नहीं है।

### लीज कंटिन्यू होगा, सरकार से बात चल रही है : डीबी सुंदर रामम

टाटा स्टील के वीपी कारपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम ने एक सवाल पर कहा कि 31 दिसंबर को टाटा लीज की अवधि समाप्त हो गई है। इसके रिन्यूअल के लिए सरकार, जिला प्रशासन के साथ बात चल रही है। लीज रिन्यू होता है, यह खत्म नहीं होता इसलिए पूर्व की तरह कंपनी अपना काम करती रहेगी। सरकार का नोटिफिकेशन आने तक टाटा स्टील ही लीजी है। सर्वे हो चुका है, कागज जमा कर दिए हैं। लीज एरिया पूर्ववत रहेगी इसमें कोई कटौती नहीं होगी। जहां तक 86 बस्ती की बात है तो वहां कंपनी बिजली,पानी की सुविधा देती रहेगी। भले ही यह क्षेत्र लीज से बाहर हो गया हो।

## नववर्ष : सेंटर फॉर एक्सीलेंस में सीईओ ने डॉ टी मुखर्जी और सुंदररामम् संग काटा केक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हर वर्ष की तरह इस बार भी अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर टाटा स्टील लिमिटेड ने शहर के प्रबुद्ध जनों एवं सहयोगी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में केक काटा और नववर्ष की बधाई दी। टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन ने टाटा स्टील के पूर्व डिप्टी एमडी डा टी मुखर्जी और वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम संग नववर्ष का केक काटा।

इस अवसर पर नरेंद्रन ने शहरवासियों से कहा कि



टीवी नरेंद्रन ,डा टी मुखर्जी और डीबी सुंदर रामम केक काटते हुए।

स्वच्छता के मामले में अभी जमशेदपुर में तीसरेंस्थान पर है, कंपनी, टाटा स्टील यूआइएसएल और शहरवासी मिल कर प्रयास करें तो स्वच्छता के मामले में हमारा शहर नंबर वन बन सकता है। सीईओ टीवी नरेंद्रन ने कहा कि टाटा स्टील और सहयोगी कंपनियों के भीतर सेफ्टी और रोड सेफ्टी पर काफी ध्यान दिया जा रहा है किन्तु हमें कम्यूनिटी एवं प्रशासन के साथ मिल कर शहर की सड़कों पर रोड सेफ्टी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए आम जन को जागरुक करने की आवश्यता है। हर साल सैकडो लोगों की जान सड़क दुघटना में जा रही है जो दुखद है।

इस अवसर पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदर रामम ने बीत साल कंपनी एवं शहर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर टाटा मोटर्स के पलांट हेड सुनील तिवारी, टाटा कमिंस के प्लांट हेड समेत अन्य कंपनियों के एमडी के अलावा टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, टाटा स्टील यूआइएसएल के यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टाटा स्टील के पूर्व वीपी रमेश नंद्रायोग, एडी बैजल, आरपी त्यागी, सिटिजंस फोरम के अध्यक्ष एके श्रीवास्तव, बीएन दीक्षित एवं कई गणमान्य थे।

## मदद को लेकर बढ़ा हाथ, पुलिसकर्मियों ने गरीब सिकंदर की आश्रिता को दिया सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शीलापर गावं निवासी मजदूर सिकंदर चौधरी 45 के इलाज के दौरान मौत के पांचवें दिन थाना प्रभारी नारायण सोरेन की पहल पर पुलिस ने सहयोग की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आनाज और नकद सहयोग राशि पत्नी गीता देवी को भेंट किया। मौके पर एसआई अमनुलल्लाह खान,उपेन्द्र कुमार और जवान मौजूद थे। विदित हो कि दो सप्ताह पूर्व सिकंदर चौधरी अपने परिवार की परवरिस को लेकर मजदूरी करने पंजाब गया था। अचानक तबियत खराब होने



की वजह से वह एक सप्ताह में ही लौट गया था। पत्नी गीता ने इलाज की खातिर अपनी सब कुछ बेच कर अपने पति के सलामती को लेकर मेदिनीनगर इलाज करा रही थी,मगर अंततः सिकंदर ने दम तोड़ दिया। अब गीता की माली स्थिति यह है कि मासूम बच्चे की परवरिस कर पाने में भी सक्षम नहीं है।

# टुसु पर्व को लेकर देसुआ आकुस हुरलुंग में चौउड़ल निर्माण शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गम्हरिया।** 1 जनवरी 2026 को देसुआ आकुस हुरलुंग गांव में टुसु पर्व की तैयारी के तहत चौउड़ल निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। महिला संयोजक समिति की सदस्य मनिला महतो के आवास पर कारीगर प्रकाश महतो द्वारा 13 चौउड़ल का निर्माण विभिन्न डिजाइनों और रंगों में किया जा रहा है।

झारखंड प्रदेश संयोजक प्रकाश महतो केटिआर ने कहा कि टुसु स्थापना से पहले कुंआरी



लड़कियों, बच्चों, युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी 2026 को पुस संक्रांति के अवसर पर टुसु बिदाई सह शोभायात्रा भव्य रूप से निकाली जाएगी। चौउड़ल निर्माण में ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

## चंदन कुमार नये पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर दिये योगदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** चंदन कुमार ने नये पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर वृहस्पतिवार को पाटन थाना में योगदान दिया। अनील कुमार सिंह पुलिस इंस्पेक्टर का रिटायरमेंट 31 दिसम्बर को हो गया था जिसके बाद नये पुलिस इंस्पेक्टर चन्दन कुमार पदस्थापित किये गये हैं। इस मौके पर एसआई जितेन्द्र कुमार यादव , एसआई अनील कुमार सिंह, एएसआई अंबिका प्रसाद, एएसआई कृष्णा प्रजापति सहित पाटन थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर



चन्दन कुमार हरिहरगंज थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। अपने योगदान के मौके पर चन्दन कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन और शांति बना रहे इस पर तत्परता के साथ पुलिस कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सभी को न्याय मिले यही मेरा मकसद है। लोग पुलिस प्रशासन से ताल मेल बनाये रखें। अपने आस पास गलत कार्य करने वाले व्यक्ति की सुचना पुलिस को दें ताकि कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पाटन प्रखंड के लोगों को नये वर्ष की शुभकामनाएं दी।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय से ऋण माफी योजना कृषि रथ को किया गया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कृषि ऋण माफी योजना को किसानों तक पहुंचाने के लिए पाटन प्रखंड में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इस क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय



परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न पंचायतों के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रकाश रंजन सिंह, राजस्व कर्मचारी मनोज आंबेडकर, किसान मित्र सुधांशु रंजन, कई विभागीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# निरसा में फायरिंग, दहशत में ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**निरसा।** नए साल के पहले ही दिन निरसा थाना क्षेत्र के खुदिया कालीमाटी बस्ती में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बकाया पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पुलिस ने मौके से 6 खोखा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, कालीमाटी बस्ती निवासी निरंजन चौहान ने



अवैध कोयला कारोबार से जुड़े धनिया नामक व्यक्ति को 15 हजार रुपये उधार दिए थे। लंबे समय से धनिया पैसे लौटाने में टालमटोल कर रहा था। 1 जनवरी को इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई और विवाद हाथापाई में बदल गया।

**फिल्मी अंदाज में आए बदमाश :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बहस के बाद धनिया ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर में युवराज सिंह, कन्हाई, और सूरज अपने अन्य सहयोगियों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां पहुंचे। आरोपियों ने इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग शुरू कर दी और गोलियां चलाते हुए खेत की ओर भाग निकले। गोलियों की तड़तड़ाहट सुनकर लोग जान बचाने के लिए घरों में दुबक गए।

**6 खोखा हुआ बारामद :** घटना की सूचना मिलते ही निरसा थाना पुलिस और एसडीपीओ रजत मणिक बाखला दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और वहां गिरे 6 खाली खोखे जब्त किए। पुलिस ने मुख्य आरोपी युवराज सिंह और धीरज के ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने घटनास्थल से 6 खोखे बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर में

### टाटा पावर जोजोबेड़ा प्लांट में केक काटकर किया गया नववर्ष 2026 का स्वागत



**जमशेदपुर।** नव वर्ष 2026 के आगमन पर टाटा पावर जोजोबेड़ा प्लांट में विशेष केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ऑपरेशन प्रमुख कुंदन कुमार, टाटा पावर यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, महामंत्री पिंटू श्रीवास्तव एवं एचआर प्रमुख मनीष तिवारी ने संयुक्त रूप से केक काटकर कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कुंदन कुमार ने बीते वर्ष की उपलब्धियों और आगामी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए एकजुटता का आह्वान किया। राकेश्वर पांडेय ने प्रबंधन-यूनियन के सौहार्दपूर्ण संबंधों की सराहना की, वहीं पिंटू श्रीवास्तव ने सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कचहरी बाबा मंदिर में स्थापना उत्सव धूमधाम से मना



**जमशेदपुर।** श्री श्री चंद्र मौलेश्वर कचहरी बाबा मंदिर, पुराना कोर्ट जमशेदपुर में बाबा का दो दिवसीय स्थापना उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन महाभंडारा में मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता नीरज सिंह, मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। गुरुवार को 24 घंटे चले अखंड हरि कीर्तन की पूणार्हुति, हवन एवं महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विधायक सरयू राय ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से नववर्ष का स्वागत



**गम्हरिया।** बड़ा गम्हरिया स्थित शिव बांध परिसर में नववर्ष के स्वागत को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुधवार संध्या से ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू हो गयीं। स्थानीय कलाकार संजय स्वर्णकार, कुमार संजय एवं संजय पांडा ने लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान युवा, बच्चे एवं महिलाएं गीत-संगीत पर झूमते नजर आए। रात्रि 12 बजे सभी ने केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया और गले मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वादिष्ट व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन को सफल बनाने में दिव्यांशु, रिशी कुमार, ओम बाबू, दिव्या, प्रियांशु रंजन, भारती कुमारी, किशलय रंजन सहित कॉलोनीवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

### पीडीएस दुकानदारों की मांगों को लेकर मंत्री दीपक बिरुआ को सौंपा ज्ञापन

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिला पीडीएस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित 11 सूत्री ज्ञापन मंत्री दीपक बिरुआ को सौंपा।



जिलाध्यक्ष फुलकांत झा के नेतृत्व में दुकानदारों ने अपनी समस्याएं रखीं। ज्ञापन में टुसू पर्व से पूर्व एनएफएस का बकाया कमीशन भुगतान, सभी पीडीएस दुकानदारों को 15 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, आकस्मिक निधन पर श्राद्धकर्म हेतु तीन लाख रुपये सहायता, मकान भाड़ा, ई-पाश मशीन रील और बिजली बिल के एवज में प्रतिमाह तीन हजार रुपये देने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। मंत्री दीपक बिरुआ ने मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने और समाधान का आश्वासन दिया।

स्पीड न्यूज

### कारों के लिए नए फास्टैग पर केवाईवी अनिवार्यता खत्म

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नए साल पर देशवासियों को बड़ी राहत देते हुए 1 फरवरी से कार, जीप और वैन जैसी छोटी गाड़ियों के लिए जारी होने वाले नए फास्टैग पर केवाईवी प्रक्रिया की अनिवार्यता खत्म कर दी है। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि यह कदम हाईवे यूजर्स को फास्टैग एक्टिवेशन के बाद होने वाली असुविधा और देरी से बचाने के लिए उठाया गया है।

### हरीश रावत अब चुनाव नहीं लड़ेंगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य , उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत ने गुरुवार को कहा कि वह अब कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे लेकिन अगले विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में कांग्रेस को बहुमत से जिताने के लिए पूरी ताकत से पार्टी के साथ खड़े रहेंगे।
श्री रावत ने यहां पत्रकारों से कहा कि उन्होंने तय कर लिया है कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे लेकिन कांग्रेस उत्तराखंड में अगला विधानसभा चुनाव जीते इसके लिए वह अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करेंगे और पार्टी उम्मीदवारों के साथ सक्रिय रहेंगे।

### रूस के खेरसॉन में यूक्रेन ने किया ड्रोन हमला, 24 की मौत

**मॉस्को।** रूस के खेरसॉन क्षेत्र में एक कैफे और होटल पर तीन यूक्रेनी ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत हो गयी और 50 से अधिक लोग घायल हैं। गवर्नर व्लोदोमिर साल्दो ने गुरुवार तड़के टेलीग्राम पर लिखा, ह्व दुश्मन ने एक ऐसी जगह पर लक्षित ड्रोन हमला किया जहाँ नागरिक नये साल का जश्न मना रहे थे। तीन यूएवी ने खोरली में काला सागर तट पर एक कैफे और एक होटल पर हमला किया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार इन हमलों में 24 लोग मारे गये और 50 से अधिक लोग हैं और हैं। है। ड्रोन हमलों में कई लोग जिंदा जल गये और एक बच्चे की भी मौत हुई है। साल्दो के अनुसार एक यूएवी में ज्वलनशील पदार्थ था और यूक्रेन ने जानबूझकर लोगों को निशाना बनाकर हमला आधी रात को किया।

# जल्द बनेगा स्वदेशी सुदर्शन चक्र

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ के हथियारों की भूमिका अहम रही : राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि डीआरडीओ अगले दशक में देश की हवाई सुरक्षा मजबूत करने के लिए हमारे जरूरी ठिकानों को एयर डिफेंस सिस्टम से लैस करने के लिए तैयार है। हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हवाई युद्ध में एयर डिफेंस की अहमियत देखी। मुझे भरोसा है कि डीआरडीओ जल्द ही इस लक्ष्य को पाने के लिए पूरे दिल से काम करेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि डीआरडीओ जल्द ही रूस के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की तर्ज पर स्वदेशी सुदर्शन चक्र बना लेगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के 68वें स्थापना दिवस के मौके पर नई दिल्ली में डीआरडीओ मुख्यालय का दौरा करने के दौरान रक्षा मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों और वैज्ञानिकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ की हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अहम भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए संगठन की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का सबूत है। सशस्त्र बलों को आधुनिक हथियारों से लैस करके भारत की




स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए डीआरडीओ की तारीफ करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान हथियारों ने बिना किसी रुकावट के काम किया, जिससे सैनिकों का हौसला बढ़ा। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अपने भाषण में स्वदेशी सुदर्शन चक्र बनाने की घोषणा की थी, जिसमें डीआरडीओ अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत डीआरडीओ अगले दशक में हवाई सुरक्षा पक्का करने के लिए हमारे जरूरी ठिकानों को एयर डिफेंस सिस्टम से लैस करने के लिए तैयार है। हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्ष के दौरान एयर डिफेंस की अहमियत देखी। मुझे भरोसा है कि डीआरडीओ जल्द ही इस लक्ष्य को पाने के लिए पूरे दिल से काम करेगा। राजनाथ सिंह ने प्राइवेट सेक्टर के साथ डीआरडीओ के सहयोग को मानते हुए कहा कि रक्षा उद्योग और स्टार्टअप्स के साथ बढ़ते जुड़ाव से एक तालमेल वाला रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र बना है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ ने लगातार अपने काम करने के तरीकों में सुधार किया है। खरीद से लेकर परियोजना प्रबंधन तक, उद्योग जुड़ाव से लेकर स्टार्ट अप और लघु उद्योगों के साथ मिलकर काम करने तक, काम को आसान, तेज और ज्यादा भरोसेमंद बनाने की कोशिश दिख रही है। रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ से कहा कि वह तेजी से बदलते तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ तालमेल बिठाते हुए आगे बढ़ता रहे और बदलते समय के हिसाब से उत्पाद लाता रहे। उन्होंने डीप टेक और नेक्स्ट-जेनरेशन टेक्नोलॉजी की दिशा में डीआरडीओ की कोशिशों की तारीफ करते हुए कहा कि इस कोशिश में तरक्की से न सिर्फ.देश की काबिलियत बढ़ेगी, बल्कि डिफेंस इकोसिस्टम भी मजबूत होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का जमाना सिर्फ साइंस का नहीं है, बल्कि लगातार डेवलपमेंट और लगातार सीखने का है। इस बदलती दुनिया में टेक्नोलॉजी स्कैनिंग, काबिलियत का अंदाजा और भविष्य की तैयारी अब सिर्फ शब्द नहीं रह गए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया हर दिन बदल रही है। टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और नए युद्ध के तरीके तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे कल का ज्ञान बेकार हो रहा है। हमें कभी यह नहीं मान लेना चाहिए कि सीखने का प्रोसेस खत्म हो गया है। हमें सीखते रहना चाहिए और खुद को चैलेंज करते रहना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी के लिए रास्ता बन सके।

### रक्षा मंत्रालय ने बीते वर्ष 3.84 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सुधारों के वर्ष 2025 में रक्षा तैयारियों को पुख्ता बनाने के लिए तीनों सेनाओं के लिए 3.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक के खरीद सौदों को मंजूरी दी और मौजूदा वित्त वर्ष में अब तक 1.82 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय ने बीते वर्ष सेनाओं में संयुक्तता को मजबूत करने, रक्षा तैयारियों को सुदृढ़ करने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और कल्याणकारी प्रणालियों में सुधार के उद्देश्य से व्यापक सुधारों के कार्यान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति की। मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली रक्षा खरीद परिषद ने देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने के उद्देश्य से बीते वर्ष जनवरी से लेकर दिसम्बर तक 3.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक के पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों को स्वीकृति दी जिसमें स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 में दिसंबर के अंत तक सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 1.82 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने दिसंबर के अंत तक पूंजीगत अधिग्रहण बजट के अंतर्गत लगभग 80 प्रतिशत, यानी करीब 1.2 लाख करोड़ रुपये का व्यय किया है। इसका इस्तेमाल सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए किया गया है। रक्षा मंत्रालय का कुल पूंजीगत व्यय भी 76 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिसमें पूंजीगत अधिग्रहण के अतिरिक्त अवसंरचना, भूमि, अनुसंधान एवं विकास आदि पर किया गया व्यय शामिल है। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है। इसके तहत रक्षा विनिर्माण लाइसेंसों को सरल बनाया गया है, लघु इकाईयों की क्षमताओं को चिन्हित किया गया है और रक्षा खरीद में मांग-आपूर्ति विश्लेषण को बेहतर बनाने के लिए मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट तैयार की गई हैं। नवाचार को प्रोत्साहित करने और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए रक्षा अनुसंधान अनुदानों का 25 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों और एमएसएमई को आवंटित किया गया है।

## तंबाकू उत्पादों पर एक फरवरी से लगेगा जीएसटी, अधिसूचना जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025 को 01 फरवरी से लागू करने और तंबाकू उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नयी दरें तय करने संबंधी अधिसूचनायें जारी कर दी हैं। ये अधिसूचनाएं बुधवार देर रात जारी की गयीं।

संसद के शीतकालीन सत्र में उपकर से संबंधित विधेयक पारित किया गया था। अधिनियम में सामान बनाने या बनाने के लिए लगाई गई मशीनरी या की जाने वाली प्रक्रिया पर उपकर लगाने का प्रस्ताव है। इस उपकर से होने वाली कमाई केंद्र के समेकित कोष (कंसोलिडेटेड फंड) में जायेगी और सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा तथा

**संसद के शीतकालीन सत्र में उपकर से संबंधित विधेयक हुआ था पारित**




सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े खर्चों को पूरा करने में मदद करेगी। शुरूआत में इसे पान मसाले पर लागू किया गया है हालांकि अगर जरूरी हुआ तो सरकार दूसरे सामानों पर भी उपकर लगाने के लिए अधिसूचित कर सकती है। वित्त मंत्रालय इससे संबंधित नियम के लिए भी अधिसूचना जारी की है। एक अन्य अधिसूचना के अनुसार, 01 फरवरी से बीड़ी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जायेगा। पान मसाला, गैर-विनिर्मित तंबाकू और उसके अपशिष्ट, तंबाकू या तंबाकू के विकल्प से बनी सिगरेट, चेरूट, सिगारिलो और सिगार, अन्य विनिर्मित तंबाकू और तंबाकू के विकल्प, बिना दहन के उपभोग के लिए बने तंबाकू उत्पाद, और तंबाकू तथा निकोटीन के विकल्प से बने बिना दहन के उपभोग के लिए बने तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। जीएसटी परिषद की अनुशंसा पर नयी दरों के लिए अधिसूचना जारी की गयी है।

### बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष बने आलोक राज



**पटना।** आलोक राज, भा.पु.से. (1989) को सेवानिवृत्ति के बाद बिहार कर्मचारी चयन आयोग (बीएसएससी), पटना के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 01 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। सरकारी आदेश के अनुसार, आलोक राज की नियुक्ति पाँच वर्षों की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो, तक के लिए की गई है। सेवानिवृत्ति के पूर्व वे महानिदेशक-सह-अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना के पद पर कार्यरत थे। प्रशासनिक अनुभव और पुलिस सेवा में दीर्घकालीन योगदान को देखते हुए उनकी नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोग के कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और समयबद्धता को सुदृढ़ करने की दिशा में उनके अनुभव से लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## हाथियों को बचाने के लिए नयी तकनीक लायेगी रेलवे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने देश के करीब तीन हजार किलोमीटर लंबे वन्य क्षेत्रों से गुजरने वाले रेलमार्गों पर ऑप्टिकल फाइबर सेंसर एवं आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस आधारित कैमरों पर आधारित तकनीक की मदद से हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों को बचाने की एक योजना पर काम शुरू किया है। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को रेल मंत्रालय में संवाददाताओं से बातचीत में इस पहल की जानकारी दी। हाल ही में असम में राजधानी एक्सप्रेस से कट कर 7-8 हाथियों की मौत के संदर्भ में वन्यजीवों की रक्षा के लिए रेलवे द्वारा किये जा रहे उपायों के बारे में पूछने पर रेल मंत्री ने कहा कि पूरे देश में पूर्वोत्तर, पूर्वी एवं उत्तरी भारत में करीब 3000 किलोमीटर रेलमार्ग ऐसे क्षेत्रों से गुजरते हैं। इनमें से लगभग 1375 किलोमीटर मार्ग पर इस दिशा में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि समूचे रेलमार्ग में पटरियों के साथ-साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछायी जा रही है जिसमें ऐसे सेंसर लगे हैं जो हाथी के चलने से जमीन में होने वाली धमक को 200-250 मीटर से अधिक दूरी से पहचान कर तरंगीय कंपन पैदा करता है। यह एक सेकेंड से कम समय में निकटतम नियंत्रण कक्ष को सूचित कर देता है और यातायात नियंत्रक तुरंत ही संबंधित स्थान से गुजरने वाली ट्रेन के लोकोपायलट को सूचित कर देता है। इससे लोकोपायलट सतर्क हो जाता है।




राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में स्किल द नेशन चैलेंज का शुभारंभ करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

## यूक्रेन ने पुतिन को निशाना नहीं बनाया

### अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने किया दावा

**एजेंसी**

वाशिंगटन। अमेरिका की खुफिया संस्था सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) ने रूस के उस दावे को गलत बताया है जिसमें कहा गया था कि यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के आवास को निशाना बना कर घातक ड्रोन हमला किया था। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सीआईए ने क्रेमलिन के दावे के बाद सच पता लगाने के लिए यूक्रेन ड्रोन हमले का आकलन किया है। इसमें पता लगा है कि यूक्रेन ने अपने देश के उत्तर में हाल ही में हुए ड्रोन हमले में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इस्तेमाल किए जाने वाले आवास को निशाना नहीं बनाया था। सीआईए का यह निष्कर्ष सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन कॉल के दौरान रूसी नेता के आरोप को गलत साबित करती है। सीआईए डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ ने बुधवार को राष्ट्रपति ट्रंप को इस आकलन के बारे में जानकारी दी।

## वाराणसी-औरंगाबाद सिक्स लेन पर इस साल से दौड़ेंगी गाड़ियां

- झारखंड और बंगाल की ओर जाने वाले भारी वाहनों और यात्रियों के लिए लाइफलाइन साबित होगा
- इसी वर्ष में आमस-दरभंगा एक्सप्रेस भी होगा चालू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** बिहार की विकास गाथा में साल 2026 एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। सड़कों के कायाकल्प की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से बिहार की तस्वीर पूरी तरह बदलने वाली है। इस साल राज्य को न केवल छह लेन वाली अत्याधुनिक सड़कें मिलेंगी, बल्कि एक्सप्रेस-वे और एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे जैसी बड़ी परियोजनाओं की सौगात भी मिलने जा रही है। इससे न केवल आम जनता का सफर सुगम होगा, बल्कि व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। बिहार के सड़क इतिहास में पहली बार छह लेन वाले नेशनल हाईवे का सपना इस साल हकीकत बनने जा रहा है। वाराणसी से औरंगाबाद को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित छह लेन सड़क परियोजना अपने अंतिम पड़ाव पर है। उम्मीद जताई जा रही है कि नए साल की पहली छमाही में यह कार्य पूरा हो जाएगा। इसके चालू होने से बिहार के लोगों के लिए उत्तर प्रदेश के रास्ते दिल्ली तक का सफर न केवल तेज होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आरामदायक भी होगा। इसी कड़ी में औरंगाबाद से चोरदाहा तक का सिक्स लेन खंड भी पूरा होने वाला है, जो झारखंड और पश्चिम बंगाल की ओर जाने वाले भारी वाहनों और यात्रियों के लिए लाइफलाइन साबित होगा। इस वर्ष बिहार को अपना पहला एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे (आमस-दरभंगा) मिलने जा रहा है। हालांकि इसका लक्ष्य पहले 2025 था, लेकिन अब इसे 2026 तक पूरा करने की तैयारी है। यह एक ऐसी सड़क होगी जहाँ प्रवेश और निकास के निश्चित बिंदु होंगे, जिससे वाहन बिना किसी ट्रैफिक बाधा के तेज रफ्तार से चल सकेंगे। इसके अलावा, चकिया-बैरगनिया और परसरमा-सहरसा-महिषि जैसी महत्वपूर्ण दो-लेन सड़कों का जाल भी इस साल पूरा हो जाएगा, जिससे सुदूर ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी जिला मुख्यालयों से मजबूत होगी।

राजधानी पटना के आसपास यातायात के दबाव को कम करने के लिए कई ब्रिज और सड़कों का काम अंतिम चरण में है। कच्ची दरगाह-बिदुपुर और बख्तियारपुर-ताजपुर जैसी मेगा परियोजनाएं इस साल पूरी होने की कगार पर हैं। पटना-बेतिया मार्ग के सोनपुर-बकरपुर-मानिकपुर खंड के तैयार होने से एम्स पटना से जेपी गंगा पथ होते हुए उत्तर बिहार जाना बेहद आसान हो जाएगा। साथ ही, मीठापुर-महुली और गया-बिहारशरीफ फोरलेन सड़कों के पूरा होने से पटना से सटे जिलों की दूरी मिनटों में सिमट जाएगी। 2026 का सबसे बड़ा आकर्षण बिहार का पहला एक्सप्रेस-वे होगा। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे को केंद्र सरकार से हरी झंडी मिल चुकी है। वित्तीय मंजूरी मिलते ही इसका निर्माण कार्य इसी साल शुरू होने की प्रबल संभावना है। बिहार से होकर गुजरने वाले गोरखपुर-सिलीगुड़ी, रक्सौल-हल्दिया और बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं पर भी प्रारंभिक कार्य और जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होगी।

पटना-आरा-सासाराम एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे भी इसी साल जमीन पर उतर सकता है, जो दक्षिण बिहार की यात्रा को पूरी तरह बदल देगा। सड़कों के इस महाजाल से केवल यात्रा का समय ही कम नहीं होगा, बल्कि इसके किनारे औद्योगिक गलियारे विकसित होने की संभावना भी बढ़ गई है।

## सबको अपना मानना ही समरसता का पहला कदम

### संघ प्रमुख ने सामाजिक समरसता और एकजुटता पर दिया बल

**एजेंसी**

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भेदभाव और अलगाव की भावना को मन से निकालकर सबको अपना मानना ही समरसता का पहला कदम है। वे यहां समाजों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ एक सामाजिक सद्भावना बैठक में बोल रहे थे। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गुरुवार को संघ प्रमुख भागवत विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल हुए। सुबह उन्होंने रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना की और आरती में सहभागी बने। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर के सभागार में विभिन्न समाजों के प्रमुखों और



प्रतिनिधियों के साथ एक सामाजिक सद्भावना बैठक की। इस दौरान संघ प्रमुख ने सामाजिक समरसता और एकजुटता पर बल दिया और विविध जाति, पंथ और समाजों के प्रतिनिधियों के साथ उन्होंने पंगत में भोजन किया। रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर परिसर में आयोजित सद्भावना बैठक में सरसंघचालक भागवत ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भेदभाव और अलगाव की भावना को मन से निकालकर सबको अपना मानना ही समरसता का पहला कदम है। उन्होंने कहा कि भारत में सर्वत्र लोग अपनी-अपनी आस्था और आचरण के साथ सद्भाव के कारण एक साथ रहते हैं। घर का काम करने वाले नौकर को भी उस घर के बच्चे चाचा कहते हैं, उसे पूरा सम्मान देते हैं, यह सद्भाव देश में कई वर्षों से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश लोग स्वेच्छा से भारत से नहीं गए हैं। हमारे लोगों ने एकजुट होकर स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। अपनी एकता और अखंडता के कुछ तंतुओं को हम भूल गए, इसलिए हमारी दृष्टि में भेद आ गया था। अंग्रेजों को हमारी एकता अच्छी नहीं लगी तो उन्होंने इसकी भी व्यवस्था कर दी और बाद में भी भारत में हमारे बीच में भेद रहे, लेकिन उनके प्रयासों को हमने समय-समय पर असफल किया। उन्होंने कहा कि अपनी-अपनी विशिष्टता के साथ आगे बढ़ने की अपने यहाँ पूर्ण स्वतंत्रता है। दूसरे का भी सम्मान करें। जहाँ सद्भावना पक्की है वहां बिगाड़ने वालों की नहीं चलेगी। तोड़ने वाली शक्तियां असफल हों, इसके लिए हमें प्रयास करना है। कुछ न कुछ अपनी-अपनी चुनौतियाँ भी हैं । प्रत्येक समाज की आकांक्षाएं हैं। हम सब अपनी-अपनी विविधता को संभाल कर रखते आए हैं। किसी की अस्मिता समाप्त नहीं हुई। हम समाज और राष्ट्र के नाते एक हैं, उसके पीछे सामाजिक सद्भाव है। भारत में आकर भी भारत की रीति में कुछ लोग नहीं रहते हैं, इसलिए वह आक्रमण करते हैं। हम चिंतित हैं , हमें और चिंतित होना चाहिए।

# 2026 में भी भारत-पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें कई बार भिड़ेंगी

### 2025 में दोनों टीमें तीन बार टकरायी, हर बार पाकिस्तान हारा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान की टीमें किसी भी खेल में जब आमने सामने होती हैं, तब मुकाबला जंग के मैदान में तब्दील हो जाता है। दोनों टीमें एक दूसरे से हारना नहीं चाहतीं। भले दोनों टीमों को किसी अन्य से हार मिल जाये लेकिन भारत को पाकिस्तान से और पाकिस्तान को भारत से हारना खिलाड़ियों सहित उसके प्रशंसकों को नागवार गुजरती है। 2025 में दोनों टीमें क्रिकेट के मैदान पर कई बार टकरायी। भारत ने हर बार पाकिस्तान को हराया। पिछले कुछ सालों से दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज का आयोजन नहीं होता, इसलिए दोनों का सामना आईसीसी या एसीसी टूनामेंट में होता है। साल 2026 में भी भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे से कई बार भिड़ेंगी।



**टी20 वर्ल्ड कप :** इस साल टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होना है। भारत और पाकिस्तान की टीमें इस विश्व कप में खेल रही हैं। दोनों टीमों के बीच 15 फरवरी को मुकाबला खेला जायेगा। यह मैच भारत में नहीं बल्कि श्रीलंकी राजधानी कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगा। इस मुकाबले की श्रीलंका से सीधे लाइव टेलीकास्ट भारत में शाम 7:00 से होगी। टॉस आधे घंटे पहले यानी शाम को 6:30 बजे होगा।

**अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप :** टी20 वर्ल्ड कप से पहले इस साल आईसीसी अंडर 19 वर्ल्ड कप 2026 का भी आयोजन होगा। इसकी शुरूआत 15 जनवरी से होगी। इस टूनामेंट में भारत और पाकिस्तान को अलग अलग ग्रुप में रखा गया है। दोनों टीमें लीग स्टेज में तो नहीं भिड़ सकती हैं लेकिन दोनों का सामना नॉकआउट मैचों में हो सकता है। हालांकि इसके लिए अभी कोई संभावित तारीख सामने नहीं आयी है। भारत की अंडर से अंडर 19 टीम की कमान आयुष म्हात्रे संभालेंगे जिसमें वैभव सूर्यवंशी जैसा विस्फोटक बल्लेबाज मौजूद है।

### टी20 महिला वर्ल्ड कप



इस साल महिला टी20 वर्ल्ड कप का भी आयोजन होना है। महिला विश्व कप जून 2026 में आयोजित होंगे। यह विश्व कप इंग्लैंड में खेला जायेगा। महिला विश्व कप में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। भारत और पाकिस्तान की टीमें 14 जून को टरकाएंगी। महिला टीमों के रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों टीमें टी20 इंटरनेशनल मैचों में 16 बार टकरा चुकी हैं जहां भारत ने 13 मैचों में बाजी मारी है वहीं पाकिस्तान को सिर्फ तीन मुकाबलों में जीत मिली है।

---

### 9वीं फेडरेशन कप वुशु चैंपियनशिप

# झारखंड ने 45 पदक जीतकर रचा इतिहास

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। 9वीं फेडरेशन कप वुशु चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार और ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में झारखंड टीम ने कुल 45 पदक अपने नाम किये, जिनमें 8 स्वर्ण, 20 रजत और 17 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने झारखंड को वुशु खेल में देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा कर दिया है।



**खिलाड़ियों ने मनवाया प्रतिभा का लोहा :** इस बार की चैंपियनशिप कई मायनों में खास रही। पहली बार सीनियर वर्ग के साथ-साथ सब जूनियर और जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को भी प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला। झारखंड से कुल 72 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार और आयु वर्गों में हिस्सा लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में राज्य को मजबूत स्थान दिलाया। स्वर्ण पदक विजेताओं में प्लेटोदीप सिंह, तनुश्री और सोमो कुमारी ने दो-दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**झारखंड ओलंपिक संघ ने दी बधाई :** झारखंड के खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक और झारखंड वुशु संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप वर्मा (राज्यसभा सांसद) ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा डॉ. कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ. अंशु साहू, चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू, सुनील सूर्यात, उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, शैलेंद्र कुमार, अनिका सिंह, डॉ. उदीप लाल सहित कई पदाधिकारियों और खेलप्रेमियों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### झारखंड वुशु को नयी पहचान


प्रतियोगिता में जेएसएसपीएस के तीन खिलाड़ियों ने भी भाग लेकर पदक जीते। झारखंड दल के प्रशिक्षक दीपक गोप और मैनेजर शिवेंद्र दुबे रहे। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से आने वाले समय में झारखंड वुशु को नई पहचान और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं सोनाली कुमारी और घनश्याम उरांव ने एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया. रजत पदक विजेताओं की सूची में सोनी मिंज, आकाश उरांव, चंदन कुमार, राकेश टोप्पो, प्राची कुमारी, आशीष कुमार, बसुदेव टोप्पो, सौम्या कुमारी, होलिका कुमारी, कशिश राज, फणिभूषण और प्लेटोदीप सिंह सहित कई खिलाड़ी शामिल रहे. कांस्य पदक जीतने वालों में घनश्याम उरांव, रोशनी कुमारी, सोनाली कुमारी, तनुश्री सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

---

# कोहली ने अनुष्का के साथ 2026 का किया वेलकम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** साल 2025 अपने यादगार पलों के साथ गुजर गया और अब हम नये साल 2026 में दाखिल हो गये हैं। हर किसी ने बड़ी ही धूमधाम से नए साल 2026 का स्वागत किया। इसी क्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके नए साल का वेलकम किया। उन्होंने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट करते हुए नए साल '2026' में कदम रखा। फोटो में कपल मास्क पहने हुए थे, जिसमें कोहली का चंचल स्पाइडरमैन-स्टाइल मास्क फ्रेम में थोड़ा ह्यूमर जोड़ रहा था। अपनी इस पोस्ट के साथ कोहली ने लिखा, 'अपनी जिंदगी की रोशनी के साथ 2026 में कदम रख रहा हूं। कोहली के सोशल मीडिया पर करोड़ों फैंस हैं, जिसकी वजह से इस पोस्ट पर तुरंत व्यूज आने लगे और फॉलोअर्स के कमेंट्स की बाढ़ आ गयी। प्यारे कपल को नये साल 2026 के लिए गुड लक विश किया गया।



### कोहली का अगला वनडे मैच

वहीं इंटरनेशनल वनडे मैच में कोहली की वापसी इसी महीने में होगी, जब भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज की तैयारी के लिए 8 जनवरी को वडोदरा में इकट्ठा होगी. ब्लैक कैप्स के साथ वनडे सीरीज 11 जनवरी को वडोदरा में मैच के साथ शुरू होगी, दूसरा और तीसरा मैच 14 और 18 जनवरी को राजकोट और इंदौर में होगा. इसके बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज होगी. जो 21 जनवरी से 31 जनवरी के बीच खेले जायेंगे।

**कोहली का विराट प्रदर्शन :** बता दें कि कोहली टी20 इंटरनेशनल और टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं, और अब वो केवल एक फॉर्मेट वनडे क्रिकेट में अपना जलवा दिखा रहे हैं। हाल ही कोहली ने 15 साल बाद घरेलू वन-डे टूनामेंट 'विजय हजारे ट्रॉफी' में कदम रखा और दो मैचों में 131 रन और 77 रन बनाकर सबका दिल जीत लिया। इस दौरान उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरे किए, जिससे वह ऐसा करने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए, और उन्होंने सचिन तेंदुलकर का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब इस टूर्नामेंट में उनके 6 जनवरी को इउउक के बेंगलुरु में मौजूद सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रेलवे के खिलाफ खेलने की उम्मीद है।

---

### साउथ अफ्रीका लीग में सीएसके और एमआइ के खिलाड़ियों का तूफान

# आखिरी तीन ओवर में ठोक दिये 72 रन

एजेंसी

**हैदराबाद।** साउथ अफ्रीका की टी20 लीग (रअ20) में बुधवार की रात उस समय छक्कों की बौछार शुरू हो गयी जब डेवाल्ड ब्रेविस और शेरफेन रदरफोर्ड ने आखिरी तीन ओवर में 72 रन ठोक दिया। सौरव गांगुली की कोचिंग में प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए खेलते हुए दोनों खिलाड़ियों ने टक केप टाउन के खिलाफ शानदार पावर हिटिंग का प्रदर्शन किया. जिसकी वजह से उन्होंने अपनी टीम को 200 के पार पहुंचा दिया।



**ब्रेविस और रदरफोर्ड का तूफान :** एक समय कैपिटल्स का स्कोर 17 में 148/5 था लेकिन 20 ओवर के बाद वो 220/5 हो गया। सीएसके के डेवाल्ड ब्रेविस ने सिर्फ 13 गेंदों में 276.92 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 36 रन बनाये, जबकि मुंबई इंडियंस के शेरफेन रदरफोर्ड ने 300 के स्ट्राइक रेट से 15 गेंदों पर नाबाद 47 रनों की पारी खेली। बता दें कि आईपीएल 2026 में डेवाल्ड ब्रेविस चेन्नई के लिए खेलेंगे जबकि वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड मुंबई के लिए खेलेगें, क्योंकि उनको मुंबई ने गुजरात टाइटन्स से ट्रेड इस पिछले साल ट्रेड किया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने मिलकर सिर्फ 27 गेंदों में 84 रन जोड़े, जिसमें आखिरी तीन ओवर में 72 रन शामिल थे।

कैपिटल्स की जोड़ी ने दो ओवरों में लगातार छह छक्के जड़े, जिससे मैच का रुख पलट गया और उन्होंने इस सीजन की अपनी पहली जीत शानदार अंदाज में हासिल की। एमआई केप टाउन के लिए 221 रनों के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था, लेकिन बड़े टारगेट को चेस करने की कोशिश में जल्दी जल्दी विकेट गंवाते गए, जिससे पूरी टीम 135 रन पर ऑल आउट हो गई, और प्रिटोरिया कैपिटल्स को 85 रनों से बड़ी जीत मिल गयी।

---

# टी20 वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया ने टीम का किया ऐलान, 5 स्पिनर्स स्क्वाड में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 7 फरवरी से शुरू होने वाला है, जो भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा। आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट के डेट जैसे जैसे करीब आती जा रही है वैसे वैसे इवेंट में भाग लेने वाली टीमें अपने खिलाड़ियों के नामों का ऐलान भी कर रही है। इस क्रम में ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान मिचेल मार्श संभालेंगे. 15 लोगों की टीम से मिचेल ओवेन को बाहर करना हैरान करने वाली बात रही।

**चोटिल खिलाड़ियों की टीम में एंट्री :** पेस जोड़ी पैट कमिंस-जोश हेजलवुड और मिडिल-ऑर्डर बैट्समैन टिम डेविड को चोटिल होने के बावजूद टी20 वर्ल्ड कप के स्क्वाड में रखा गया है. कमिंस पिछले साल जुलाई में चोटिल होने के बाद से सिर्फ एक इंटरनेशनल मैच खेला है, जब वह एडिलेड में एशेज जीतने वाले तीसरे एशेज टेस्ट में खेले थे। जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग के कारण पूरी एशेज सीरीज नहीं खेल पाए थे। इस बीच, डेविड को बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलते समय हैमस्ट्रिंग में चोट लग गयी थी।

**टीम में पांच स्पिनर्स :** इस वर्ल्ड कप के भारत और श्रीलंका में होने की वजह से ऑस्ट्रेलिया ने अपने स्क्वाड में पांच स्पिनरों को शामिल किया है. जिसमें एडम जम्पा के साथ मैथ्यू कुहनेमन, कूपर कोनोली, ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट के नाम शामिल हैं। चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने कहा, 'टी20 टीम ने हाल ही में काफी सफलता हासिल की है, जिससे सिलेक्शन पैनल को श्रीलंका और भारत में होने वाले अलग-अलग कंडीशन के हिसाब से खिलाड़ियों को चुनने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और टिम डेविड अच्छा खेल रहे हैं, और हमें भरोसा है कि वे वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध रहेंगे. यह शुरूआती टीम है, इसलिए अगर बदलाव करने की जरूरत पड़ी, तो इसमें बदलाव भी किए जा सकते हैं।

**वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया का ग्रुप :** ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए जनवरी के आखिर में पाकिस्तान में तीन टी20 मैच खेलेग। इस सीरीज के लिए टीम का ऐलान अभी नहीं किया गया है। वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को आयरलैंड, ओमान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ ग्रुप इ में रखा गया है।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम :** मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैट कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

---

# महिला हॉकी इंडिया लीग : एसजी पाइपर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा को 1-0 से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) में एसजी पाइपर्स ने अपने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को कड़े मुकाबले में 1-0 से मात दी। इस मुकाबले में पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर द्वारा किया गया शुरूआती गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ एसजी पाइपर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में शीर्ष स्थान बनाए रखा।

मैच की शुरूआत से ही एसजी पाइपर्स ने संतुलित और अनुशासित खेल दिखाया। चौथे मिनट में कप्तान नवनीत कौर ने व्यक्तिगत कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को बढ़त दिलायी। उन्होंने अपने ही हाफ में एक पास को इंटरसेप्ट किया, तेज रफ्तार में आगे बढ़ते हुए दो डिफेंडरों को छकाया और सर्कल के पास से सटीक शॉट लगाकर गोल दागा। गोल खाने के बाद जेएसडब्ल्यू सूरमा ने वापसी की कोशिशें तेज कीं, लेकिन एसजी पाइपर्स की मजबूत डिफेंस लाइन ने उन्हें खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

पहले क्वार्टर के अंत तक पाइपर्स ने 1-0 की बढ़त बनाए रखी. दूसरे क्वार्टर में सूरमा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके. इसके बाद पाइपर्स ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखते हुए खेल की रफ्तार को अपने पक्ष में रखा. सूरमा को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर भी मिला, लेकिन खराब ट्रैप के कारण बराबरी का मौका गंवाना पड़ा. हाफ टाइम तक स्कोर 1-0 ही रहा।

तीसरे क्वार्टर में जेएसडब्ल्यू सूरमा ने बराबरी के लिए लगातार दबाव बनाया, लेकिन एसजी पाइपर्स की रक्षापंक्ति ने शानदार अनुशासन दिखाते हुए हर हमले को नाकाम कर दिया. चौथे क्वार्टर में भी सूरमा को कई मौके मिले और एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल हुआ, लेकिन गोल में तब्दील नहीं हो सका।

दूसरी ओर एसजी पाइपर्स को भी स्कोर बढ़ाने के मौके मिले. कप्तान नवनीत कौर का एक-एक के मुकाबले का प्रयास सूरमा की गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव करते हुए रोक दिया. सूरमा की आखिरी कोशिशों के



बावजूद एसजी पाइपर्स ने बढ़त बरकरार रखी और मुकाबला 1-0 से अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ एसजी पाइपर्स ने दो मैचों में दो जीत हासिल करते हुए अंक तालिका में शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया है। जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा को करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

---

### खेलगांव में कल ऑल इंडिया जज बैडमिंटन टूनार्मेंट

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय के तत्वावधान में आगामी तीन जनवरी से खेलगांव के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय सेकेंड ऑल इंडिया जज बैडमिंटन टुनार्मेंट का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता के संचालन को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न 9 उच्च न्यायालयों के 30 से ज्यादा न्यायाधीश भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान चार श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। मेन सिंगल, मेन डबल्स, वूमेन सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स में देशभर से आए न्यायाधीश अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। टूनार्मेंट के समापन पर विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से सभी आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। टूनार्मेंट का उद्देश्य न्यायपालिका से जुड़े पदाधिकारियों के बीच खेल भावना, आपसी सौहार्द, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। खेल गांव परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बैडमिंटन कोर्ट, खिलाड़ियों के विश्राम, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जानकारी के अनुसार इससे पूर्व इस तरह का पहला आयोजन ओडिशा में किया गया था।

# गोड्डा डीसी के ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता रथ को किया गया रवाना




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गोपनीय शाखा कार्यालय से डीसी अंजली यादव के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत सड़क सुरक्षा को लेकर डीटीओ कंचन कुमारी भुदोलिया की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताएगा। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से सड़क सुरक्षा में सुधार संभव है। सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रथ को सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस अवसर पर डीसी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और बहुमूल्य जीवन की रक्षा की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुड समैरिटन बनने वालों को अब 25,000 तक की आर्थिक सहायता और सम्मान पत्र दिया जाएगा। मुख्य चौराहों और सड़कों पर नियमित जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने कहा कि यह अभियान लोगों में जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करने का प्रयास है। मौके पर जिला परिवहन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

# डीसी ने ईएसएल (वेदांता) प्रबंधन के साथ की बैठक, विधायक उमाकांत रहे उपस्थित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मेसर्स इलेक्ट्रोस्टील लिमिटेड-वेदांता प्रबंधन के साथ संपन्न बैठक के दौरान प्राप्त आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई कर उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश डीसी अजय नाथ झा ने संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही शिकायत निवारण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व सक्रिय बनाने पर बल दिया। बैठक में विधायक-चंदनकियारी उमाकांत रजक डीडीसी शताब्दी मजूमदार एसी मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास प्रांजल ढांडा कंपनी के सीईओ रबिश शर्मा फैक्ट्री इंस्पेक्टर सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में कुल 13 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बीपीओ में बहाल किए गए मजदूरों को ठेकेदारी प्रथा से हटाकर पुनः बीपीओ में बहाल करने पर चर्चा हुई। इस पर एसडीओ चास के नेतृत्व में आगामी 17 जनवरी 2026 को बैठक करने का निर्देश दिया। वहीं रैयत मजदूरों का वेतन वेतन संशोधन नियमावली के अनुरूप निर्धारित करने तथा स्थानीय वेंडर कोड धारकों को कार्य उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। चर्चा के दौरान समान काम के लिए समान वेतन लागू करने अनुभवी मजदूरों को तीन वर्ष की समयावधि में प्रोन्नति देने पर जिला श्रम अधीक्षक को कल्याण बोर्ड गठित करने एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर जिला नियोजन पदाधिकारी- जिला नियोजनालय के माध्यम से स्थानीय युवकों की सूची प्राप्त कर कंपनी में नियोजन का डीसी ने निर्देश दिया।

## एक नजर में

### पेटरवार बीडीओ ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**खेतको।** बढ़ती ठंड व शीतलहर को देखते हुए पेटरवार बीडीओ संतोष कुमार महतो ने गुरुवार को चांपी पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करवाया। उन्होंने जिला परिषद एवं स्थानीय मुखिया के उपस्थिति में असहाय बुर्जुग,अनाथ, विधवा एवं दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किए। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रदत्त कंबल जरूरतमंदों को दिया जाए,ताकि उन सब को ठंड से बचाया जा सके,वैसे लोगो से अपील है कि ठंड को देखते हुए सुबह सवेरे ज्यादा जरूरी होने पर ही अपने घरों से बाहर निकले तो सिर एवं कान को गर्म कपड़े से बांधकर ही निकले ताकि ठंड के प्रकोप से प्रभावित होने से बचें । मौके पर जिला परिषद सदस्य माला कुमारी,मुखिया रीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम मुर्मू पूर्व मुखिया श्रीराम हेब्रम, पूर्व उप मुखिया भुनेश्वर महतो वार्ड सदस्यगण आदि लोग मौजूद थे।

### समाजसेवी बबीता देवी ने सैकडों असहायों और जरूरतमंद के बीच किया कंबल वितरण



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 27 स्थित सिंह नगर में गुरूवार को समाजसेवी सह वार्ड के भावी प्रत्याशी बबीता देवी ने सैकेंडो, विकलांग, वृद्ध महिला व पुरुष सहित असहायो और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कहा कि चिन्हित कर अन्य गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर आपको भगवान कुछ दिया है तो गरीब निसहाय लोगों को मदद करने का काम करें, दान देने से घटता नहीं है। गरीब का दुआ बहुत काम आता है। उनके निवास स्थान पर सैकड़ों कीसंख्या में जरूरतमंद मौजूद थे। जो अपनी अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। मौके पर डब्लू सिंह, वृज विहारी पाण्डेय, जवाहर लाल यादव, प्रशांत सिंह, नरेश गुप्ता, रंजीत सिंह, मुन्ना चौघरी, गुडिया देवी, रूबी देवी, बेवी देवी, पुनम देवी, सुशीला देवी, प्रियंका कुमारी, अशोक सिंह, मनोज सिंह, दयाशंकर सिंह, जनेश्वर सिंह, बिक्की सिंह, रंजन सिंह, फतीजन सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : सड़क हादसे में जिला परिषद सदस्य के पति की मौत

**दुमका।** जिले के हंसडीहा की हाईवे में रफ्तार का कहर साल के अंतिम दिन तक जारी रहा। हंसडीहा दुमका मुख्य मार्ग पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट चम्पातरी के समीप दो बाईक की आपस में हुई जोरदार टक्टर में रामगढ़ क्षेत्र से जिला परिषद सुलोचना देवी के पति नवगोपाल माल की मौत हो गई। नवगोपाल रामगढ़ थाना क्षेत्र के धोबनी गांव के रहने वाले थे। और पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। इस हादसे रामगढ़ थाना क्षेत्र के सुसनिया गांव निवासी रंजीत कुंवर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि मृतक बाईक से नोनीहाट के रास्ते वापस घर लौट रहे थे इसी दौरान हादसा हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें दुमका मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी थी।

### बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण



**बेरमो।** बढ़ती ठंड और जानलेवा शीतलहर को देखते हुए इन दिनों पुरे अनुमंडल में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा गरीबो, मजलूमो, जरुरतमंदों तथा मजबूरो के बीच सरकार द्वारा प्रदत कंबल का वितरण लगातार जारी देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनिता देवी द्वारा गोमिया के विभिन्न सुदूर क्षेत्रों में कंबल का वितरण किया। इस मौके पर उनके साथ समाजसेवी चितरंजन साव, गोमिया बीडीओ महादेव महतो मुखिया ममता देवी, मुकेश कुमार आदि दर्जनों लोग शामिल थे। कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरूआत जिप अध्यक्ष देवी ने कोदवाटांड पंचायत के मुंडा टोला से की जो आगे तुलबुल पंचायत के बिरहोर टांड तक चली। इस कार्यक्रम के द्वारा सैकड़ों जरुरतमंदों को कंबल दिया गया। कंबल पाकर गरीबों मे खुशी देखी गई। इस कार्यक्रम में कई लोग तो ऐसे पहुचे थे जिसे देख साफ पता लग रहा था कि वास्तव में सरकार की यह राहत कार्यक्रम काफी सराहनीय है। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि गरीबो की सेवा से बढ़कर कोई दुसरी सेवा नही। उन्होंने कहा कि गरीबों को राहत पहुचा कर उन्हें काफी आत्मीय शांति मिली है।

### चास नगर निगम ने की महिला-पुरुष नि:शुल्क आश्रयगृह की व्यवस्था



**बोकारो।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए दीनदयाल अंत्योदय योजनाझराष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत चास नगर निगम द्वारा आश्रयविहीन लोगों के लिए प्रभावी मानवीय पहल की गई है। नगर निगम की ओर से महिला आश्रय गृह आईटीआई मोड़ चास तथा पुरुष आश्रय गृह कम्युनिटी हॉल जोधाडीह मोड़–हनुमान मंदिर के समीप चास में नि:शुल्क आश्रय की व्यवस्था की जा रही है। पुरुष आश्रयगृह में 15 बेड एवं महिला आश्रयगृह में 20 बेड की व्यवस्था की गई है। आश्रयविहीनों के लिए बेड तकिया कंबल मच्छरदानी एवं रूम हीटर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मानक प्रकाश व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। रेस्क्यू के माध्यम से लाए गए असहाय निर्बल एवं शहरी गरीब आश्रयविहीनों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराने के लिए दाल–भात केंद्र से जोड़ा गया है जिससे उन्हें नियमित रूप से भोजन मिल सके।

# दुमका में नववर्ष की रही धूम, मसानजोर में बिहार और पश्चिम बंगाल से भी जुटे पर्यटक

## डीजे पर थिरके युवा लजीज व्यंजन का लिया आनंद





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नए साल के 2026 के स्वागत में दुमका के साथ मसानजोर व आसपाल के पिकनिक स्पॉटों पर दिन भर जश्न का माहौल रहा। नए साल की खुशी का आलीम यह रहा की लोग कड़ाके की ठंड की परवार किए बिना सामान के साथ पिकनिक मनाने निकल पड़े। गुरुवार की सुबह से ही नए साल के उत्साह से सराबोर लोगों ने दुमका शहर के आसपास के पिकनिक स्पॉटों कुरूवा, बास्कीचक, सेल्फी ब्रिज, तातलोई, चूटोनाथ, पुसोरो नदी घाट, हिजला नदी, बिजयपुर नदी घाट सहित अन्य स्थानों पर जाकर पिकनिक काक लुत्फ उठाया। साथ ही मसानजोर, दिग्लपहाड़ी, कैराबनी डैम, सिलंगी, नारगंज सहित अन्य स्थानों पर भी पिकनिक मनाने वाले पहुंचे। यहां का मसानजोर एक ऐसा पिकनिक स्थल हैं, जहां नववर्ष पर पिकनिक मनाने के लिए पश्चिम बंगाल से आने वाले सैलानियों का भी जमघट लगता हैं। वहीं दुमका शहर के दुमका पार्क, सिदो-कान्हू शौय स्मारक पार्क, कुरूवा पार्क दुमका शहर से सटा हैं। यहां पर दिन भर बच्चों की भीड़ लगी रही। बच्चों ने झुले में झुलकर खुब मौज-मस्ती की। बच्च्चों के साथ काफी संख्या में अभिभावक भी पार्क में पहुंचे थे। बास्कीचक, सैल्फी ब्रिज, हरिपुर, बिजयपुर और नेतुरपहाड़ी आदि पिकनिक स्पॉटों में लोगों की भीड़ लगी रही। युवाओं की टोली ने डीजे लेकर पिकनिक स्पॉट पर पहुंचे और खुब मौज-मस्ती की। नववर्ष को लेकर पर्यटन स्थल मसानजोर में जनसैलाब उमड़ी थी। यहां पर पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के विभिन्न गांव शहर से सैलानियों की अपार भीड़ उमड़ी थी। वाहन पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो गई थी। पहाड़ की तलहट्टी, डैम के किनारे, मयूराक्षी नदी गर्भ के बड़े चट्टानों में हजारों की संख्या में सैलानियों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया। लजीज व्यंजन के साथ साउंड सिस्टम में पर्यटक जमकर थिरके। सभी उम्र के महिला, पुरूष, बच्चे पिकनिक में शामिल थे। मसानजोर डैम में पिकनिक के साथ-साथ सैलानियों ने बोटिंग का भी भरपुर आनंद उठाया। इस बार मसोनजोर डैम में कई बोट व नाव भी चल रहे थे। डैम में झारखंड एंव पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा बनाया गया रेस्ट हाउस पर भी सैलानियों ने सैर किया। परन्तु ईको कॉटेज के मुख्य गेट पर सुरक्षा गार्ड रहने के कारण सैलानियों को अंदर नही जाने दिया जा रहा था जिसके कारण लोगों में मायूसी थी। अंदर वही लोग जा सकते थे जो लोग कमरा बुक कराया था। बाकी को नही जाने दिया जा रहा था। पर्यटक स्थल मसानजोर में उमड़ी भीड़ को नियंत्रण को लेकर गुरुवार को मसानजोर पुलिस की खास चौकसी बढ़ाई गई थी। दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ पर ट्रकों की नो इंट्री लगाई गई थी। पर्यटकों के वाहन के अलावे सवारी बस की मसानजोर में प्रवेश की अनुमति थी। ट्रक कंटेनर समेत अनय भारी वाहनों के प्रवेश वर्जित रखा गया था। चौक-चौराहे पर पुलिस की पैनी नजर थी।

### स्वांग दुर्गा मंदिर परिसर मे 19 से 27 जनवरी तक आयोजित होगा श्री श्री शतचंडी महायज्ञ





**गोमिया।** बीते कई वर्षों की तरह इस साल भी स्वांग कोलियरी के न्यू माइनस कॉलोनी में स्थित दुर्गा मंदिर के परिसर में काफी भव्य तरीके से श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी तक हो रहा है। जिसमें कथा वाचक परम पूज्य साध्वी दीदी लक्ष्मी रामायणी जी, स्थान वृन्दावन धाम की संगीतमय प्रवचन और यज्ञाचार्य सुनील कुमार शास्त्री वाराणसी के रहेंगे यज्ञ कमेटी के सचिव विजय सिंह और कोषाध्यक्ष मनोज सिंह और परमानंद झा ने बताया कि नगरवासियों के उत्साहवर्धक सहयोग से यज्ञ की तैयारी काफी जोर शोर से चल रही है इस पूरे पूजा को सफल बनाने के लिए सीसीएल प्रबंधन और कई सामाजिक कार्यकर्ता से भी पूजा समिति को काफी सहयोग मिल रहा है।

### हवन के साथ हरिनाम संकीर्तन संपन्न



**दुमका।** शहर के धर्मस्थान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नववर्ष पर आयेजित हरिनाम संकीर्तन का समापन गुरुवार को हो गया। वर्ष 2025 के अंतिम दिन 31 दिसंबर की दोपहर से हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ जो दूसरे दिन वर्ष 2026 के पहले दिन 1 जनवरी के दोपहर में समाप्त हुआ। नव वर्ष पर आयोजित कीर्तन में काफी संख्या में भक्त जुटे थे। धर्मस्थान मंदिर के पुरोहितों के देख–देख में आयेजित विशेष पूजन के साथ कीर्तन के बाद हवन के साथ समापन हुआ। इस दौरान कीर्तन मंडली द्वारा हरे राम हरे कृष्ण की धुन वर कीर्तन करते रहे। वहीं दुमका के अन्य मंदिरों गिरानपाड़ा के श्रीश्री 108 गिलानेश्वर नाथ महादेव मंदिर, डंगालपाड़ा मंदिर, गोपाल मंदिर, टाटा शोरूम स्थित साईं मंदिर सहित अन्य जगहों में भी अखंड 24 प्रहर संकीर्तन का समापन किया गया। समापन के अवसर पर हवन का आयेजन किया गया। हिवन के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का विरतण किया गया। मौके पर धर्मस्थान मंदिर में कमेटी के सदसय अमर गुप्ता, दीपक स्वर्णकार, पंडित नेपाल चन्द्र झा सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# सड़क हादसे में एसआइ हेमंत भगत की मौत, 1 जवान घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सड़क दुर्घटना में शिकारीपाड़ा में तैनात एसआई हेमंत भगत के पार्थिव शरीर को गुरूवार को सलामी देकर अंतिम विदाई दी गई। मृतक एसआई लोहरदग्गा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के पोड़ाह गांव निवासी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात दो गिट्टी लदे ट्रकों के आपस में टकर हो गई। हादसे के शिकार घायल चालक और खलासी समेत चार लोगों को इलाज के लिए शिकारीपाड़ा, सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद एसआई हेमंत भगत सड़क पर सुचारू रूप से यातायाता बहाल करने के लिए दोबारा घटनास्थल पहुंचे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कोर्पियो की चपेट में आने से उनकी मौत मौके पर ही हो गई। जबकी देवकी प्रजापति नामक एक पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में एसआई और जवान को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एसआई हेमंत भगत को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसआई के परिवार दुमका पहुंचे। जहां पुलिस लाईन मैदान में एसआई हेमंत भगत के पार्थिव शरीर को एसपी पितांबर सिंह खेरवार समेत पुलिस परिवार ने शोक सलामी देते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नम आंखों से विदाई दिया।

# बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में नववर्ष धूमधाम से मना





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में नये साल 2026 के उल्लास में लोग गुरूवार को दिन भर डूबे रहें। लोगों ने नये साल की पहली सुबह में शहर के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की और मत्था टेककर अपने अपने परिवार की सूख-समद्धि की कामना की नये साल पर लोगों ने क्षेत्र के फुसरो स्थित हथिया पत्थर धाम, करगली गेट फिल्टर प्लांट के समीप, बालू बैंकर, दामोदर नदी तट, चलकरी के समीप, ढोरी खास आदि जगहों से सटे दामोदर नदी के तट पर अपने परिवार व दोस्तों के साथ पिकनिक का आनंद लिया। फुसरो बाजार स्थित अशोका गेस्ट हाउस में 4 स्टार ग्रुप के मित्रों के साथ नए वर्ष 2026 का जश्न केक काटकर मनाई। इस अवसर मुख्य रूप से भाजपा नेता अशोक मिश्रा बृजेश मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, राकेश मिश्रा आदि दर्जनो लोग शामिल थे। वहीं ज्यादातर लोगों ने अपने-अपने घरों में ही कर्ड प्रकार के व्यंजन बनाकर नये साल का आनद उठाया। शहर में कई संस्थानों ने अपने सहयोगियों व दोस्तों के साथ नया साल मनाया. फसरो स्थित ढोरी बस्ती के बाबा गणपतिधाम में लोगों ने पूजा-अर्चना कर लगे मेला का आनंद उठाया। यहां बच्चों महेलाओं, युवक-युवतियों की अच्छी भीड़ देखी गयी। फुसरो शहर के विभिन्न पिकनिक स्थल पर लोग जूटे थे। डीजे की धन पर यवाओं की टोली जगह-जगह नाच-गाकर नया साल का जश्न मना रही थी। बच्चे भी खब मस्ती कर रहे थे। लोग पूरी तरह नये साल आगमन के जश्न में ड्रबे थे। प्रकृति की खृबसूरत वादियों को देख सैलानी गदगद थे। इसके पूर्व नए वषे का आगाज होते ही लोगों में जोश और उमंग भर आया। मंगलवार की देर रात्रि तक लोगों ने जागकर नए साल का स्वागत किया, मध्य रात्रि 12 बजे नए साल का प्रारंभ होने के साथ ही लोगों ने केक काटे पटाखे छोड़े तथा एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी बेरमो क्षेत्र के विभिन्न स्थानों फ्सरो बाजार, पुराना वीडियो ऑफिस, करगली बाजार, करगली गेट, स्भाष नगर, जवाहर नगर, मकोली, सेंटर कॉलोनी, पिछरी इत्यादि स्थानों पर युवाओ ने डीजे की धुन पर नाच गाने करते हुए नए साल का स्वागत किया।

# बीएसएल से 10 अधिशासी एवं 33 अनाधिशासी सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 10 अधिशासी एवं 33 अनाधिशासी कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी-एचआर राजश्री बनर्जी उपस्थित रहीं। सीजीएम-एचआर अंजनी कुमार शरण ने मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया। एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को अंतिम निपटान एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारियां प्रदान कीं तथा प्रत्येक कर्मी का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सुश्री बनर्जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी निष्ठा समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बधाई दी तथा उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार भी भेंट किए। अंत में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन एवं ईडी-एचआर राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया। बीएसएल के निदेशक प्रभारी कार्यालय में कार्यरत सीजीएम लक्ष्मी दास के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन एवं ईडी सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने बोकारो स्टील प्लांट में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बोकारो शब्द सरिता महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जिला प्रशासन द्वारा शिबू सोरेन स्मृति भवन सभागार में 7-8 जनवरी 2026 को प्रस्तावित बोकारो शब्द सरिता महोत्सव-हर किताब एक नई दिशा दिखाती है के सफल आयोजन सुनिश्चित करने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर गोपनीय कार्यालय कक्ष में डीसी अजय नाथ झा ने बैठक किया। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने महोत्सव की पूर्व तैयारी कार्यक्रम स्वरूप संसाधन व्यवस्था सुरक्षा तथा समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उचित समन्वय, साफ-सुथरी व्यवस्था समय-बद्ध तैयारी तथा समाज के हर वर्ग की सहभागी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में महोत्सव की जन-भागीदारी बढ़ाने सफाई यातायात प्रबंधन स्वास्थ्य सहायता सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रचार-प्रसार जैसे कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की गई। डीसी ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य सांस्कृतिक साहित्यिक तथा सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार एनडीसी प्रभाष दत्ता डीपीआरओ रवि कुमार डीएसओ हेमलता बुन डीडीएमओ शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

### हथिया पत्थर के पिकनिक स्थल पर टेकमेक इंजीनियरिंग वर्कस का वनभोज आयोजित




**बेरमो।** टेकमेक इंजीनियरिंग वर्क्स की ओर से फुसरो स्थित हथियापथर पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केक काटकर नए वर्ष 2026 का स्वागत किया गया, उपस्थित लोगो ने एक दूसरे को बधाई दी। यहां सामूहिक वनभोज का लुत्फ भी लोगो ने उठाया। यहां राजेश राठी ने बताया की वर्ष के पहले दिन आपस में मिलजुल कर सभी के लिए हथिया बाबा से मंगलकामना की गई। यहां मुख्य रूप से अशोक राठी, प्रेम गोयल, दामोदर दास पेड़ीवाल, मिक्की त्रेहान, छीतरमल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेश राठी, सुरेंद्र गोयल, शिवांशु राठी, बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक, अमर चांडक, विजय अग्रवाल, प्रकाश राईका, नवीन गोयल, सुशील पेड़ीवाल, रविंद्र कुमार, शंभू यादव, हरिकिशन अग्रवाल, वरुण राठी, बुधन रजक, सरकार दा, बलदेव रजक, पिंटू रजक, लालमोहन महतो, बंटी रजक, राजू रजक, गल्लू रजक, बिनोद कुमार, पुरन रजक, जितेंद्र साव सहित अन्य उपस्थित थे।

# नये साल पर मस्ती से पहले भक्ति

## पिकनिक का दिन पर भक्ति का संकल्प

### छिन्नमस्तिका मंदिर में मां के दर्शन-पूजन का तांता लगा रहा, दिउड़ी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, धनबाद के मंदिरों में विशेष पूजा

खबर मन्त्र टीम

**नववर्ष** 2026 के पहले ही दिन झारखंड में धार्मिक आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आमतौर पर एक जनवरी को लोग पहाड़ों, नदियों और खूबसूरत वादियों में पिकनिक मनाने जाते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ऐसे भी हैं, जिन्होंने कहा 'पिकनिक बाद में भी हो जायेगा, नये साल की शुरूआत मां के दर्शन से ही करेंगे'। श्रद्धालुओं के अनुसार, मां के चरणों में माथा टेककर उन्होंने नये वर्ष में सुख, शांति और सकारात्मक जीवन की कामना की है। राजधानी रांची से करीब 60 किलोमीटर दूर तमाड़ में प्राचीन कालीन मां दिउड़ी मंदिर में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन को स्पर्श दर्शन बंद करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने मुख्य द्वार पर ही पूजा-अर्चना कर नये साल की शुरूआत देवी मां के आशीर्वाद के साथ की।

#### राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंची कतार

देउड़ी मंदिर में पूजा को ले कर रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगने लगी थी। पुजारी मनोज पंडाके अनुसार आमतौर पर मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे खुलते हैं लेकिन नववर्ष के अवसर पर रात 2 बजे ही कपाट खोल दिये गये थे। भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर से बाहर निकलकर लाइन राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड तक पहुंच गयी। घंटों इंतजार के बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि मां दुर्गा की साढ़े तीन फुट ऊंची और 16 भुजाओं वाली प्रतिमा, जो इसे दूसरे मंदिरों से अलग बनाती है। मान्यता है कि यह मंदिर करीब 700 साल पुराना है और इसका निर्माण 12वीं से 13वीं शताब्दी के बीच माना जाता है। यह मंदिर न सिर्फ रांची बल्कि पूरे झारखंड और देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। मंदिर में समय-समय पर देश के बड़े नेता एवं मंत्री और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पूजा-अर्चना करने अक्सर आते रहते हैं।

**मां कल्याणेश्वरी में भारी भीड़ :** कोयलांचल और शिल्पांचल के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। धनबाद के शक्ति मंदिर, कतरास का लिलोरी स्थान, गोबिंदपुर के भुईफोड़ मंदिर, मैथन के बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी गईं. श्रद्धालु अपने परिवार के साथ मंदिरों में पहुंचे और मां की आराधना की। पूजा के दौरान भक्तों ने आराध्य देवताओं को फूल, फल, और अन्य पूजा सामग्री अर्पित कर उनकी कृपा की कामना की।

## पूजा के बाद लोगों ने उठाया पिकनिक का लुत्फ







**नववर्ष** 2026 के पहले दिन देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल मां छिन्नमस्तिका मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी> माता का दर्शन और पूजन को लेकर भारी संख्या में भक्त पहुंचे। भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। पूजा के साथ-साथ लोग परिवार और दोस्तों के साथ दामोदर और भैरवी नदी के संगम के किनारे पिकनिक भी मानते देखे जा रहे हैं। सुबह 4:00 बजे मंदिर का पट खुलने के बाद सर्वप्रथम मां की पूजा-अर्चना के बाद आरती की गयी, उसके बाद से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। पहले दिन न सिर्फ झारखंड से, बल्कि बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे हैं।

**पूजा के बाद पिकनिक :** प्रकृति की गोद में दामोदर और भैरवी नदी के किनारे बसे मां के आंगन के आसपास विभिन्न पिकनिक स्पॉट हैं, जो यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए खासा आकर्षण का केंद्र हैं। इन स्पॉटों पर दर्जनों लोग पिकनिक मनाते नजर आये। भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जा रहा है। पुलिस बल सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह-जगह तैनात थे। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी सुबोध पंडा ने बताया कि सुबह से ही भक्त माता की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे।

### भजन, आरती और खीर का भोग

मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, आरती और खीर के भोग का आयोजन किया गया. रात 12 बजे से शाम तक श्रद्धालुओं की निरंतर भीड़ देखने को मिली. घंटों कतार में लगे रहने के बावजूद लोगों के चेहरे पर भक्ति और संतोष साफ झलकता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा. मंदिर और आसपास के इलाकों में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई, ताकि दर्शन सुचारू और सुरक्षित तरीके से पूरे हो सके।नये साल के पहले दिन मां के चरणों में आशीर्वाद लेना ही हमारे लिए सबसे बड़ी पिकनिक है। नया साल 2026 तमाड़ की धरती पर मौज-मस्ती नहीं बल्कि भक्ति, अनुशासन और आस्था के नाम रहा। मां दिउड़ी देवी के दर पर उमड़ी यह भीड़ बताती है कि आज भी सनातन परंपरा में आस्था की जड़ें उतनी ही मजबूत हैं और नए साल की सबसे पवित्र शुरूआत, मां के चरणों से ही होती है।

# बाबाधाम और बासुकीनाथ में उमड़े श्रद्धलु, जलाभिषेक कर मांगा आशीर्वाद

खबर मन्त्र टीम

**नये साल** के अवसर पर बाबा धाम में श्रद्धालु दर्शन के लिए अहले सुबह से ही बैद्यनाथ मंदिर में पहुंचते रहे। सभी ने बेहतर भविष्य के लिए भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। वहीं मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुख एवं सुविधा का ख्याल रखा गया।

#### वीआईपी दर्शन पर रोक

श्रद्धालु शिवलिंग का जलाभिषेक कर अच्छे भविष्य की कामना कर रहे हैं। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने वीआईपी दर्शन की 1 जनवरी तक रोक लगा दी थी। दर्शन कूपन पर रोक लगा है। मंदिर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। कई ऐसे पॉइंट्स बनाये गये हैं, जहां से श्रद्धालुओं के आने-जाने पर नजर रखी जा रही है।


#### एक लाख श्रद्धालु पहुंचे बाबाधाम



दूसरे राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि देवघर का बैद्यनाथ धाम द्वादश ज्योतिर्लिंग के साथ-साथ माता शक्ति का भी पीठ है. श्रद्धालु प्रवीण कुमार ने बताया कि नए साल पर हर कोई बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन की शुरूआत करता है. इसलिए आज वह अपने परिवार के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे हैं।

मंदिर के तीर्थ पुरोहित बाबा अमित ने बताया कि सुबह से ही मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। देर शाम तक एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया।

सुबह से करीब एक किलोमीटर तक लंबी लाइन लगाकर श्रद्धालु पूजा करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में अत्यधिक भीड़ रही।



### बासुकीनाथ भी पहुंचे हजारों श्रद्धालु

नये साल पर फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ मंदिर में श्रद्धालु आस्था के साथ मंदिर पहुंच रहे हैं। नववर्ष का शुभारंभ पूजा अर्चना से करने वाले श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर का पट खुलने के साथ ही पूजा अर्चना के लिए उमड़े। श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराकर सुगमतापूर्वक पूजा अर्चना कराया जा रहा है। दूर से आने वाले श्रद्धालुओं ने नववर्ष के आगमन पर बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना कर खुशी जाहिर की तथा अपने स्वजनों के सुख समृद्धि के लिए भोलेनाथ से मंगल कामना की। भीड़ नियंत्रण के लिए बासुकीनाथ प्रवेश के सभी चेक प्वाइंटों पर वरीय दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।








## पेरवाघाघ जलप्रपात बना 2026 का नया नेचर हॉटस्पॉट

**नये साल** के मौके पर झारखंड के अलग-अलग जलप्रपातों पर लोग पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। नये साल के स्वागत के साथ झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। खूंटी जिले के जलप्रपात इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

**उभरता पर्यटन स्थल पेरवाघाघ :** खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड में स्थित पेरवाघाघ जलप्रपात सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद अपनी प्राकृतिक खूबसूरती से लोगों को आकर्षित कर रहा है. कुछ वर्ष पहले तक दुर्गम रास्तों और सुविधाओं की कमी से यहां आने वाले कम थे, लेकिन सोशल मीडिया और पर्यटन जागरूकता ने इसकी पहचान बढ़ाई है। यहां झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। परिवारों ने झरने के किनारे पिकनिक मनायी। बच्चों ने पानी में मस्ती की और युवाओं ने फोटोग्राफी का आनंद लिया। ऊंचे पहाड़ों से गिरता दूधिया झरना और घनी हरियाली पर्यटकों को सुकून दे रही है।

**रानी फॉल पहुंचे पर्यटक :** पर्यटकों की बढ़ती संख्या से स्थानीय दुकानदारों, चाय-नाश्ते की ठेलियों और छोटे व्यवसायियों की आजीविका में इजाफा हो रहा है। क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं और पिछले तीन वर्षों में पर्यटक संख्या में निरंतर वृद्धि दर्ज की गयी है। पेरवाघाघ तक जाने वाली सड़कें जर्जर और उबड़-खाबड़ हैं, जिससे वाहनों को परेशानी होती है। पर्यटक मानते हैं कि पेरवाघाघ अन्य जलप्रपातों से कई गुना खूबसूरत है, यदि सुविधाएं और सुरक्षा बेहतर हों तो यह झारखंड का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है।

# अब, झारखंड से बाहर के सैलानियों को भी लुभायेगा बाघमुंडा वाटर फॉल

### सैलानियों को आकर्षित करने के लिए यहां बनेगा कैफेटेरिया, सेल्फी जोन और वॉच टावर

सुधीर

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले में स्थित आकर्षक झरना बाघमुंडा वाटर फॉल पर्यटकों के लिए हॉटस्पॉट बन गया है। नववर्ष के पहले दिन हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे और यहां की मनोरम वादियां और झारखंड के सबसे बेहतरीन जलप्रपात का लुत्फ उठाया। पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गुमला में स्थित आकर्षक और खूबसूरत बाघमुंडा जलप्रपात में पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ने वाली है। जल्द ही झरने के पास कैफेटेरिया, सेल्फी जोन और वॉच टावर का निर्माण किया जायेगा, जो टूरिस्ट को अपनी ओर खींचेगा। इसके साथ ही पार्किंग की भी पुख्ता व्यवस्था की जायेगी। यह जंगल, नदी एवं पहाड़ के बीच मौजूद प्रकृति की अद्भुत छटा है। इसके मनमोहक दृश्य सैलानियों को अपनी ओर खींचते हैं। दक्षिण कोयल नदी की इतरा कर बहती जलधारा जब पत्थरों के विशाल ढेर के बीच टकराती है, तो इसकी मधुर आवाज कानों को सुकून देती है। पहाड़ों से टकराने के लिए नदी का पानी तीन दिशाओं में बहता है। इसी वजह से यह खूबसूरत पर्यटन स्थल पिकनिक स्पॉट के रूप में विख्यात है। बाघमुंडा जलप्रपात के प्रति सैलानियों के बढ़ते आकर्षण को देखते हुए गुमला पर्यटन विभाग ने इसके विकास की योजना तैयार की है।



**कैसे पड़ा बाघमुंडा नाम :** बाघमुंडा जलप्रपात कोयल नदी के पत्थरों के विशाल ढेर के बीच सात धाराओं में परिवर्तित करते तीन अलग-अलग दिशाओं में बहती है। पत्थर के इस विशाल ढेर के बीच एक पत्थर जो कि बाघ के सिर के आकार का है। जिससे टकराकर पानी नदी में गिरती है। इसी कारण इस जलप्रपात का नाम बाघमुंडा पड़ा। टूरिज्म विभाग की भी इस पर विशेष नजर है। बाघमुंडा में पर्यटकों की सुविधा के अनुसार काम होगा। चूंकि, यह गुमला जिले के सबसे महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों में से एक है। यही कारण है कि बाघमुंडा के विकास पर टूरिज्म विभाग की विशेष नजर है।

बाघमुंडा जलप्रपात का मनमोहक दृश्य
इस मनमोहक पर्यटन स्थल पर वॉच टावर बनाने की भी तैयारी हो रही है। इसके लिए जगह चुन लिया गया है। सैलानी वॉच टावर से बाघमुंडा जलप्रपात के मनोरम दृश्य व आसपास के जंगलों की खूबसूरती को देख सकेंगे। इसके साथ ही बाघमुंडा जलप्रपात में उतरने वाली सीढ़ी में रेलिंग का निर्माण किया जायेगा। अभी सीढ़ी में रेलिंग नहीं होने के कारण पर्यटकों को परेशानी व असुरक्षा महसूस होती है। इसलिए प्रशासन ने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सीढ़ी में रेलिंग बनाने की भी योजना तैयार की है।

#### बरसात में दिखता है अद्भूत नजारा

बाघमुंडा की नदी की तेज धारा व तीन दिशाओं से बहने वाले पानी का अदभुत नजारा सिर्फ बरसात में दिखता है। लेकिन, इस जगह की जो बनावट है। यह लोगों को पूरे साल अपनी ओर खींचती है। यह एक बड़ा कारण है कि गर्मी, सर्दी और बारिश, मौसम चाहे कोई भी हो। यहां सालों भर सैलानियों की भीड़ रहती है। हालांकि, यह पिकनिक स्पॉट भौतिक सुख सुविधाओं से वंचित है। इतना ही नहीं इसके प्रवेश द्वार पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, राह में स्थित महादेव कोना एवं पास में स्थित धनसिंह टोला जलाशय को जोड़ दें, तो बनने वाले गोल्डन ट्राइंगल का आकर्षण इसे स्वतः विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने का बोध करने लगता है।